e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 139

**सुविचार**
अगर कोई मनुष्य आपको केवल जरूरत पड़ने पर ही याद करता है तो उस बात का बुरा मत मानो, क्योंकि जब अँधेरा हो जाता है तभी दिए की याद आती है।

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
23.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

अधिकतम 40°
न्युनतम 24°

## पापुआ न्यू गिनी और फिजी के सर्वोच्च सम्मान से नवाजे गए पीएम मोदी

# ऐतिहासिक रही पापुआ न्यू गिनी की यात्रा : मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दो देश पापुआ न्यू गिनी और फिजी ने अपने देश के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा है. फिजी ने पीएम मोदी को कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से सम्मानित किया तो पापुआ न्यू गिनी ने अपने सर्वोच्च सम्मान द ग्रैंड कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहु से पीएम मोदी को नवाजा है.बता दें कि पीएम मोदी जापान से सीधे पापुआ न्यू गिनी पहुंचे. उन्होंने वहां तीसरे भारत-प्रशांत द्वीप समूह सहयोग शिखर सम्मेलन में शिरकत की. पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे के साथ सम्मेलन की सह अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत को वह एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में देख सकते हैं. पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे के नाम पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत आपके डेवलेंपमेंट पार्टनर होने पर गर्व करता है. मानवीय सहायता हो या आपका विकास, भारत को आप भरोसेमंद पार्टनर के रूप में देख सकते हैं और उस पर विश्वास कर सकते हैं. हम बिना किसी संकोच के आपके बीपी साथ अपने अनुभव और क्षमताओं को साझा करने के लिए तैयार हैं. डिजिटल टेक्नोलॉजी हो या स्पेस टेक्नोलॉजी, हेल्थ सिक्योरिटी हो या फूड सिक्योरिटी, क्लाइमेट चेंज हो या अन्य, हम हर तरह से आपके साथ हैं. पीएम मोदी ने कहा कि। मेरी पापुआ न्यू गिनी यात्रा ऐतिहासिक रही. मैं इस अद्भुत राष्ट्र के लोगों के बीच मिले स्नेह को बहुत संजो कर रखूंगा. मुझे सम्मानित नेताओं के साथ बातचीत करने और उनके संबंधित देशों के साथ संबंधों को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा करने का भी अवसर मिला.मोदी ने न्यूजीलैंड के पीएम से भी मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद ट्वीट कर उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस हिपकिन्स से मुलाकात बेहतरीन रही. इस दौरान भारत-न्यूजीलैंड संबंधों पर विस्तार से चर्चा हुई. हमने दोनों देशो के बीच व्यावसायिक और सांस्कृतिक संबंधों में सुधार को लेकर भी बात की. मोदी ने न्यूजीलैंड के पीएम से मुलाकात के बाद ट्वीट कर कहा कि न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस हिपकिन्स से मुलाकात बेहतरीन रही. इस दौरान भारत-न्यूजीलैंड संबंधों पर विस्तार से चर्चा हुई.
हमने दोनों देशो के बीच व्यावसायिक और सांस्कृतिक संबंधों में सुधार को लेकर भी बात की.बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी भारत-प्रशांत द्वीप समूह सहयोग शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पापुआ न्यू गिनी पहुंचे थे. वहां उनका भव्य स्वागत किया गया था. पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने एयरपोर्ट पर पीएम का स्वागत किया और आगे बढ़कर उनके पैर छू लिए थे जिसकी काफी चर्चा हुई थी.



### ऑस्ट्रेलिया पहुंचे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन देशों की लगातार यात्राएं चर्चा में हैं. जापान और पापुआ न्यू गिनी की यात्रा के बाद अब वह इसके तीसरे चरण में ऑस्ट्रेलिया के सिडनी पहुंच चुके हैं. पीएम मोदी सोमवार को यहां पहुंचे हैं और इस दौरान वह अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज के साथ बातचीत करेंगे. इसके साथ ही वह यहां देश के गतिशील, विविध भारतीय प्रवासियों के एक सामुदायिक कार्यक्रम में भी भाग लेंगे. पीए मोदी का यह दौरा 22 से 24 मई तक है. इस अवधि तक वह ऑस्ट्रेलियाई सरकार के मेहमान रहेंगे.

## जुडको के पदाधिकारियों के साथ सीएम ने की बैठक



**मुख्यमंत्री ने जुडको द्वारा प्रस्तावित जोनल ब्यूटीफिकेशन एंड रीडेवलपमेंट ऑफ एक्जिस्टिंग स्ट्रीट एंड रिलेटेड इंफास्ट्रक्चर फॉम अल्बर्ट एक्का चौक टू कचहरी चौक एंड सराउंडिंग एरियाज इन रांची के मास्टर प्लान का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन देखा तथा अधिकारियों को कार्य योजना से संबंधित कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड अर्बन इन्फ्राट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लि0 (जुडको) के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जुडको के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तावित ÷जोनल ब्यूटीफिकेशन एंड रीडेवलपमेंट ऑफ एक्जिस्टिंग स्ट्रीट एंड रिलेटेड इंफास्ट्रक्चर फॉम अल्बर्ट एक्का चौक टू कचहरी चौक एंड सराउंडिंग एरियाज इन रांची÷ के मास्टर प्लान का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन रखा। जुडको द्वारा प्रस्तावित इस कार्य योजना के तहत रांची के अल्बर्ट एक्का चौक से कचहरी चौक और आसपास के क्षेत्र में मौजूदा सड़क और बुनियादी ढांचे का सौंदर्यकरण तथा पुनर्विकास कार्यों से संबंधित मास्टर प्लान तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित कार्य योजना के मास्टर प्लान की विस्तृत जानकारी ली, मास्टर प्लान के प्रत्येक पहलुओं को गहराई से समझा तथा अपनी ओर से कई आवश्यक सुझाव एवं दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। मास्टर प्लान के तहत उक्त क्षेत्रों में मुख्य रूप से वेंडिंग जोन के साथ तीन मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण, ग्रीन एरिया का विस्तारीकरण, विभिन्न सड़कों का चौड़ीकरण कार्य तथा कचहरी चौक से जेल चौक तक अंडर बाईपास रोड का निर्माण सहित विभिन्न बुनियादी ढांचों के सौंदर्यकरण सहित अन्य कार्य किया जाना प्रस्तावित है। बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव-सह-नगर विकास सचिव श्री विनय कुमार चौबे, प्रोजेक्ट डायरेक्टर टेक्निकल, जुडको श्री गोपाल जी, प्रोजेक्ट मैनेजर श्री प्रत्यूष चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### ट्रक व हाइवा में जोरदार टक्कर दोनों ड्राइवर की मौके पर हुई मौत



**गम्हरिया** : कांड्रा थाना अंतर्गत कांड्रा-चौका मार्ग पर रघुनाथपुर स्थित काली मंदिर के समीप सोमवार की अहले सुबह करीब चार बजे हाइवा और ट्रक के बीच आमने-सामने ज़ोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हाइवा और ट्रक दोनों के परखच्चे उड़ गए। उक्त घटना में हाइवा और ट्रक दोनों के चालकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। मृत हाईवा चालक रामदास कर्मकार (40) ईचागढ़ थाना क्षेत्र के काठगोडां गांव तथा ट्रक चालक विजय महतो (38) नीमडीह थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव का निवासी बताया गया है। उक्त घटना के बाद कांड्रा-चौका मार्ग पर वाहनों का आवागमन काफी देर तक बाधित रहा। दोनों वाहनों के चालकों का शव गाड़ियों में ही फंस गया था। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची कांड्रा पुलिस रेस्क्यू ऑपरेशन में जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालू लदा हाइवा चौका से कांड्रा की ओर आ रहा था जबकि ट्रक कांड्रा से चौका की ओर जा रही थी। इसी दौरान रघुनाथपुर काली मंदिर के समीप दोनों में जोरदार टक्कर हो गई। पुलिस द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद दोनों शवों को बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। वही, सड़क से दोनों क्षतिग्रस्त वाहनो को हटाकर अन्य वाहनो का परिचालन प्रारम्भ कराया।

### 31 मई को होगी झारखंड कैबिनेट की बैठक

**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 31 मई को होगी। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय समन्वय विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री की हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे प्रोजेक्ट भवन में होने वाली बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। मंत्रिमंडल सचिवालय समन्वय विभाग में सभी विभागों को पत्र लिखकर प्रस्ताव की मांग की है , जिसे कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा।

## मल्लिकार्जुन खड़गे के घर हुई नीतीश कुमार और राहुल गांधी की बैठक



एजेंसी

**नई दिल्ली** : नीतीश कुमार सोमवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर पहुंचे. जहां अहम बैठक हुई. इस बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, जेडीयू अध्यक्ष ललन सिंह और बिहार सरकार में मंत्री संजय झा भी मौजूद रहे. मिली जानकारी के मुताबिक तेजस्वी यादव खराब तबीयत की वजह से बैठक में नहीं आ पाए. बैठक के बाद केसी वेणुगोपाल और ललन सिंह ने कहा कि आज हमारी बैठक में विपक्षी एकता के बारे में जो सहमति बनी हुई थी, उसपर विस्तार से चर्चा हुई. विपक्षी एकता के लिए सभी दलों की एक बैठक होगी, जिसके लिए जगह, समय और तिथी अगले 2-3 दिन में तय हो जाएगी. ज्यादातर विपक्षी नेताओं को आमंत्रित किया जाएगा.इस बैठक के बाद मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्वीट किया कि अब एकजुट होगा देश, लोकतंत्र की मजबूती ही हमारा संदेश है. इससे पहले शनिवार को कर्नाटक में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भी विपक्ष के 18 दलों के नेता एक मंच पर नजर आए थे और विपक्षी एकजुटता का संदेश देने का प्रयास किया गया था. इस समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जेडीयू के अध्यक्ष ललन सिंह, बिहार के उप मुख्यमंत्री एवं राजद नेता तेजस्वी यादव भी पहुंचे थे. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पिछले कुछ महीनों से विपक्षी एकजुटता का प्रयास कर रहे हैं. इस प्रयास के तहत खरगे कई विपक्षी नेताओं से बात और मुलाकात कर चुके हैं. दूसरी तरफ नीतीश कुमार भी कई विपक्षी नेताओं से मुलाकात कर एक मंच पर आने की सलाह दे चुके हैं. आने वाले दिनों में बिहार की राजधानी पटना में विपक्ष के प्रमुख नेताओं की एक बैठक हो सकती है.

## जी -20 समिट: कश्मीर में लगा 17 देशों का मेला, पाकिस्तान रह गया अकेला

एजेंसी

**श्रीनगर:** जी-20 सम्मेलन के तहत भारत ने टूरिज्म वर्किंग ग्रुप की तीसरी मीटिंग का आयोजन जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में किया. भारत के इस दांव से चारों खाने चित होने के बाद पाकिस्तान ने पहले ही बैठक के खिलाफ माहौल बनाने का फैसला कर लिया था. पाकिस्तान ने काफी कोशिश की, कि कश्मीर पर उसके प्रोपेगेंडा को दूसरे देशों का भी बड़े पैमाने पर समर्थन मिले. लेकिन पड़ोसी देश खाली हाथ ही रह गया. पाकिस्तान के कहने पर चीन ने इस बैठक में भाग लेने से इनकार कर दिया. चीन ने मीटिंग में टांग अड़ाने की कोशिश भी की थी. ड्रैगन ने कहा था कि वह किसी भी %विवादित क्षेत्र% में बैठक आयोजित करने का विरोध करता है. चीन के अलावा सिर्फ दो देश तुर्की और सऊदी अरब ने हिचकिचाहट दिखाई. इन चंद देशों को छोड़ दें तो अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, यूरोपीय यूनियन और साउथ अफ्रीका जैसे 17 ताकतवर देशों ने इस बैठक में शामिल होने में अपनी रुचि दिखाई. श्रीनगर में हो रही जी-20 की यह बैठक कई मायनों में इसलिए भी अहम है, क्योंकि आर्टिकल-370 हटाए जाने के बाद कश्मीर में यह पहला बड़ा आयोजन है. इस बैठक में वर्किंग ग्रुप की पहली दो मीटिंग के मुकाबले सबसे ज्यादा देश आ रहे हैं. इस मीटिंग को दुनियाभर से मिला समर्थन भारत की मजबूत होती स्थिति को दर्शाता है. कश्मीर में हो रही यह बैठक कूटनीतिक तौर पर भारत के लिए बड़ी उपलब्धि है. इससे कश्मीर पर पाकिस्तान का पक्ष कमजोर होगा और कश्मीर पर भारत के फैसले को मान्यता मिलेगी. इसके अलावा दुनिया कश्मीर के सामान्य होते हालात की झलक भी देख सकेगी. दरअसल, पाकिस्तान इस बात से परेशान है कि कश्मीर में जी20 बैठक के सफल आयोजन से दुनिया में इस बात की स्वाकार्यता बढ़ जाएगी कि आर्टिक 370 हटाने के बाद कश्मीर के हालात में काफी सुधार आया है. पाकिस्तान किसी भी हालत में यह नहीं चाहता कि दुनिया के सामने यह संदेश जाए कि कश्मीर घाटी में हालात सामान्य होने लगे हैं.



# आज से बदले जाएंगे 2 हजार के नोट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा चलन से बाहर किए गए 2000 रुपये के नोटों को बदलने की प्रक्रिया आज यानी 23 मई 2023 मंगलवार से शुरू होने जा रही है. यह नोट किसी भी बैंक के ब्रांच में जाकर इन बड़े नोटों को आसानी से बदला जा सकता है. इसके लिए लिए कोई फॉर्म भरने भरने की जरूरत नहीं है और ना ही किसी तरह का कोई पहचान पत्र मांगा जाएगा.
एक बार में 2000 रुपये के 10 नोट बदले सकते हैं.सोशल मीडिया पर इस तरह के दावे किए जा रहे थे कि चलन से बाहर किए गए नोटों को बदलने के लिए बैंकों में आईडी प्रूफ की जरूरत होगी. इन खबरों पर देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने अपनी सभी शाखाओं को सूचित किया है कि आरबीआई द्वारा बीते शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से प्रचलन से वापस लिए गए 2,000 रुपये के नोटों को बदलने के लिए किसी फॉर्म और किसी पहचान प्रमाण की आवश्यकता नहीं है. बैंक की ओर से 20 मई को जारी एक सर्कुलर में कहा गया कि सभी को 2,000 रुपये के बदले अन्य मूल्य वर्ग के नोट देने की अनुमति दी गई है. सर्कुलेशन से बाहर किए गए इन 2,000 रुपये के नोट को बदलने की प्रक्रिया 30 सितंबर 2023 तक जारी रहेगी.



### हाई कोर्ट पहुंचा दो हजार के नोट का मामला

2 हजार के नोट का मामला अब दिल्ली हाई कोर्ट पहुंच गया है. बीजेपी नेता अश्विनी उपाध्याय ने इसे लेकर कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है. याचिका में कहा गया कि 2000 के नोट बिना किसी जमा पर्ची और पहचान प्रमाण के बैंक में जमा करना या एक्सचेंज करना मनमाना, तर्कहीन और भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करते हैं.साथ ही इसमें आरबीआई और एसबीआई को निर्देश देने की मांग की है कि 2000 के नोट संबंधित बैंक खातों में ही जमा जाए, ताकि कोई भी अन्य बैंक खातों में पैसा जमा न कर सके और काला धन और आय से अधिक संपत्ति रखने वाले लोगों की आसानी से पहचान हो सके.

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, सेना ने संभाला मोर्चा

एजेंसी

**इंफाल** : मणिपुर के इंफाल में सोमवार को फिर से हिंसा भड़कने के बाद सेना बुलाई गई. इंफाल के न्यू लेमबुलेन इलाके में शरारती तत्वों ने खाली मकानों में आग लगाई थी. मौके पर सुरक्षाकर्मी मौजूद हैं. सेना ने कहा कि इंफाल के बाहरी इलाके में आज सुबह संभावित संघर्ष के इनपुट के जवाब में, सेना और असम राइफल्स की टुकड़ी को वहां भेजा गया और स्थिति को नियंत्रण में लाया गया. सेना की ओर से कहा गया कि 3 संदिग्धों को पकड़ा गया और 2 हथियार बरामद किए गए हैं. स्थिति शांतिपूर्ण है. गौरतलब है कि अनुसूचित जनजाति के दर्जे की मैतेई समुदाय की मांग के विरोध में तीन मई को मणिपुर में जनजातीय एकता मार्च के दौरान हिंसा भड़क गई थी. हिंसा शुरू होने के बाद से मैतेई और कुकी समुदायों के बीच हुई झड़पों में 70 से अधिक लोगों की जान चली गई है. राज्य में इंटरनेट सेवाएं भी निलंबित की गई थीं. हिंसा के दौरान करोड़ों की संपत्ति को आग लगा दी गई और हजारों लोगों को अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा. जो अब सरकार की ओर से लगाए गए राहत शिविरों में रह रहे हैं. कुकी समुदाय का आरोप है कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली राज्य सरकार उन्हें जंगलों और पहाड़ियों में उनके घरों से हटाने के उद्देश्य से निशाना बना रही है.केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया था और दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी. मणिपुर में मैतेई समुदाय की आबादी लगभग 53 प्रतिशत है और ये ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं. जनजातीय समुदायों-नगा और कुकी समेत अन्य की आबादी करीब 40 प्रतिशत है और वे पहाड़ी जिलों में निवास करते हैं. पूर्वोत्तर राज्य में हालात काबू में करने के लिए सेना और अर्द्धसैनिक बलों के करीब 10,000 कर्मियों को तैनात करना पड़ा था.



# सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत में





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद थाना के ग्रामीण में पिछले गुरुवार को एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया सनद रहेगी इस सामूहिक दुष्कर्म का मामला हुसैनाबाद थाना में कांड संख्या 115 / 23 दर्ज है इसमें कुल 6 आरोपी नामजद हैं नामजद आरोपियों में से एक आरोपी को घटना के बाद प्राथमिकी दर्ज करने के समय ग्रामीणों ने दिनेश ठाकुर पीता नरेश ठाकुर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था दूसरे आरोपी को नीतीश ठाकुर पिता राजकुमार ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था बीते रात्रि सचिन ठाकुर उर्फ महिला पिता सुदेश ठाकुर एवं रोहित ठाकुर पिता परमेश्वर ठाकुर को क्रमशः एक को जपला रेलवे स्टेशन से एवं दूसरे को कजरात नवाडीह रेलवे स्टेशन से पुलिस ने गिरफ्तार कर मेदनीनगर न्यायिक हिरासत में भेज दिया हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगरनाथ धाम ने बताया कि बाकी बचे दो आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए छापामारी किया जा रहा है।

**सामूहिक दुष्कर्म मामले में एक आरोपी का पेड़ से लटका मिला शव**

हुसैनाबाद, पलामू हुसैनाबाद थाना के गांव में पिछले गुरुवार को एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का एक आरोपी का शव पेड़ से लटका हुआ पुलिस ने बरामद किया है सनद रहे कि सामूहिक दुष्कर्म का मामला हुसैनाबाद खाना में कांड संख्या 115 / 23 दर्ज है इस कांड में कुल 6 आरोपी नामजद नामजद हैं इन आरोपियों में से चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर मेदनीनगर न्यायिक हिरासत में भेज दिया , वही आज पांचवा आरोपी सचिन ठाकुर पिता राम जी ठाकुर का शव महुआ के पेड़ से लटका हुआ पाया गया इस मामले में हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगन्नाथ धान से पूछने पर बताया कि अभी इस मामले में कुछ नहीं कहा जा सकता है कि यह हत्या है या आत्महत्या जब तक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आ जाता है।

# कुंड मोहल्ला हत्याकांड के आरोपी को मिला आजीवन कारावास




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला ब्यवहार न्यायालय के प्रथम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम सन्तोष कुमार की अदालत ने वृद्ध दंपति के हत्याकांड के मामले में आरोपी कुंड मोहल्ला, डाल्टनगंज निवासी शिवम पाण्डेय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 50 हजार का अर्थदंड भी लगाया हैं। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर आरोपी को 2 साल अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। इस मामले में 12 अगस्त 2021 को शहर थाना में सूचक अरुण कुमार के द्वारा अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि उनके पैतृक आवास कुंड मोहल्ला सूचक के पिता राजेश्वर नाम (82) तथा उनकी मां शर्मिला देवी (75) रहते थे। 12 अगस्त 2021 को उसके छोटे भाई ने रांची से मोबाइल पर सूचना दी कि माता-पिता के साथ कोई घटना हुई है। घटना की सूचना मिलने पर सूचक जब अपने पैतृक आवास कुंड मोहल्ला घर पर आया तो पाया कि उनके पिता राजेश्वर राम की और उनकी माता शर्मिला देवी मृत पड़ी थी।इस संबंध में सूचक ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध शहर थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई। पुलिस अनुसंधान, सीसीटीवी कैमरा तथा फॉरेंसिक जांच की टीम के निष्कर्ष के तत्पश्चात आरोपी को गिरफ्तार किया गया। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए शिवम पांडेय को उम्रकैद की सजा सुनाई हैं।

## स्कार्पियो के धक्के से साइकिल सवार दो मजदूर घायल



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के सुलतानी बस स्टैंड के समीप एनएच 98 पर सोमवार को बाराती वाहन के धक्के से साइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद आनन फानन में दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बा दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलरा गांव निवासी निर्भय पासवान (50) तथा मृत्युंजय पासवान (35) एक ही साइकिल पर सवार होकर फोरलेन निर्माण में लगे सुलतानी स्थित शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करने जा रहे थे। इस बीच छतरपुर की ओर से आ रहे बाराती वाहन स्कार्पियो एच आर 12 आर 6005 ने साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे साइकिल पर सवार मजदूर निर्भय पासवान व मृत्युंजय पासवान गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य मार्ग को जाम कर दिया है। सूचना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम हटवाया। इस दौरान करीब एक घंटे तक सड़क पर आवागमन बाधित रहा। इस संबंध में एसआई निर्भय कुमार ने बताया कि पुलिस स्कार्पियो को जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है। हालांकि स्कार्पियो चालक फरार बताया जाता है।

# नौडीहा बाजार प्रखंड बीस सूत्री की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार, पलामू :** नौडीहा बाजार प्रखंड मे बीस सूत्री की दूसरी बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यलय सभागार में सोमवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष उदय पासवान ने किया। बैठक मे सभी विभागों के कार्यो की समीक्षा की गई, और समीक्षा के दौरान बाल विकास परियोजना एवम स्वास्थ विभाग के कार्यों पर सवाल उठाते हुए बीससुत्री अध्यक्ष उदय पासवान ने कहा कि नियमित रूप से नौडीहा बाजार प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केन्द्र की संचालित सही ढंग से नहीं किया जाता है। सेविका के पोषाहार वितरण मे भी मनमानी तरीका से की जाती है। बीस सूत्री के सदस्य नीतीश कुमार द्वारा मामला उठाया गया कि चिकित्सा पदाधिकारी स्वास्थ केंद्र पर नियमित रूप से डॉक्टर नहीं बैठते है। बीस सूत्री बैठक मे कई विभाग अधिकारी अनुपस्थित रहे। इस मामले को लेकर अध्यक्ष ने काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अगली बैठक मे अनुपस्थित रहने वाले पर कार्रवाई होगा नहीं। बारी बारी से सभी विभागों के कार्यो की समीक्षा कर निर्देशित किया गया है कि अपने कार्य शैली मे सुधार लाए। बैठक में उपाध्यक्ष अनवर हुसैन, सहायक खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी निर्मल कुमार सिंह, पंचायती राज पदाधिकारी बिनोद राम, बीपीओ दीपक कुमार, अंचल निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार, उप राजस्व निरीक्षक जगत नारायण राम के अलावा बीस सूत्री के सदस्य नितीश कुमार राम, गजेंद्र शर्मा, बिनोद कुमार सिंह, परवेज आलम सहित सभी कर्मी मौजूद थे।

# रामगढ़ में डायन बिसाही के लेकर एएसआई ने जागरूकता अभियान चलाया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** बिसाही कुप्रथा को लेकर रामगढ़ थाना पुलिस की टीम ने नावाडीह में लोगो को किया जागरूक। एसपी चंदन कुमार सिन्हा के आदेश के आलोक में रामगढ़ थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के नावाडीह, हुटार समेत अन्य इलाको में एएसआई संजय कुमार के नेतृत्व में डायन बिसाही को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीम ने कई जगह पोस्टर साट कर डायन प्रथा अधिनियम के बारे में लोगो को जानकारी दी और उसके पुरीथियो से होने वाले दुष्प्रभाव के भी जानकारी देते हुवे लोगो से अपील की लोग ऐसे चक्कर में न पड़े सभी लोगो का सम्मान करें और अपराध न करे।गृह सचिव की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि किसी भी क्षेत्र में डायन-बिसाही से संबंधित घटना हो तो तत्काल एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करें। इस मामले में लापरवाही होने पर संबंधित अधिकारी और थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। क्योंकि राज्य सरकार डायन कुप्रथा को खत्म करने के लिए कृतसंकल्प है। आदेश में कहा गया है कि नोडल अफसरों को डायन-बिसाही के आरोप में संभावित अपराध की सूचना मिले तो तुरंत कार्रवाई करें। वरीय अधिकारियों को भी सूचना दें। साप्ताहिक हाट-बाजार, आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल, पंचायत सचिवालय, बस स्टैंड,आदि पर ऑडियो-वीडियो से जागरूकता फैलाएं। पीड़ितों को तत्काल मुआवजा भी दें।गौरतलब है कि डायन-बिसाही मामलों के खिलाफ यह अभियान अभी चलाया जाएगा।

## नरसिंहपुर पथरा की मुखिया समेत परिजनों संघ मारपीट का मामला दर्ज



**चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पथरा बाजार में कटुवल मुखिया और उनके परिजनों के साथ हुई मारपीट, चैनपुर थाना में दर्ज हुआ मामला। चैनपुर थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर पथरा बाजार में कटुवल की मुखिया रानी देवी और उनके परिजनों के साथ मारपीट की घटना हुई है। इस संदर्भ में परिजन राम भूषण सिंह के लिखित आवेदन के आधार पर पथरा निवासी राहुल शर्मा और धर्मेंद्र शर्मा के खिलाफ मारपीट और गाली देने और घायल करने के साथ उन्हें कपड़े फाड़ देने को लेकर आवेदन दिया था जिसपर पुलिस ने करवाई करते हुवे मामला दर्ज किया है। मामले में चैनपुर थाना प्रभारी इंस्पैक्टर उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर चैनपुर थाना में कांड संख्या 128 दर्ज किया गया है और अग्रतर करवाई की जा रही है।

## चैनपुर में बिचला मोहल्ला के महिला को छेड़खानी के आरोप में मामला दर्ज हुआ




**चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिचला मोहल्ला में एक शक्श ने महिला के साथ की छेड़खानी, ऑटो रिक्शा लगाई आग। चैनपुर थाना क्षेत्र के बिचला मोहल्ला में एक आरोपी शक्श ने अपने पड़ोस की एक महिला के घर में घुसकर उसके साथ छेड़खानी की घटना की है। इस संदर्भ में पीड़ित ने लिखित आवेदन देकर चैनपुर थाना प्रभारी को बताया है की पास के ही रहने वाले एक युवक ने उसके घर में घुसकर उसके साथ छेड़खानी की घटना की साथ ही गाली गलौज करते हुवे पास में लगे एक उसके ऑटो को जला कर आग के हवाले कर दिया। इस संदर्भ में चैनपुर थाना में संगध धारायो मामला दर्ज किया गया है। मामले में चैनपुर थाना प्रभारी ने उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है और जांच के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।

# नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा न करे वाहन चालक : नगर आयुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर नगर निगम आयुक्त रवि आनंद ने मेदिनीनगर के कोयल रिवर फ्रंट परिसर के अंदर पार्क की गयी बाइक को रविवार शाम जब्त कर स्थानीय थाना को सुपुर्द कर दिया। बता दें कि कोयल रिवर फ्रंट परिसर के अंदर वाहन पार्क करने की सख्त मनाही है। आये दिन कोयल रिवर फ्रंट परिसर में अनावश्यक रूप से वाहन खड़ी कर दी जाती है। जिसके मद्देनजर नगर आयुक्त ने यह कार्रवाई की है। इस बाबत नगर आयुक्त रवि आनंद ने बताया कि शहर में नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने पर वाहन जब्त कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने लोंगो से अपील किया कि कोयल रिवर फ्रंट परिसर के आस पास कचरा न फैलाएं, इसे साफ व स्वच्छ रखें ये हमारी नैतिक जिम्मेवारी होनी चाहिए। नगर निगम क्षेत्र को सुंदर व स्वच्छ बनाने में नगर निगम प्रशासन का सहयोग करें ताकि हम स्वच्छ वातावरण का सुखद लाभ ले सके।

# चौहरमल कल्याण समिति ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना का किया निंदा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में हुए दलित नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर बीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मेन रोड स्थित दिव्या अस्पताल में बैठक कर घटना की कड़े शब्दो में निंदा की है। कहा है कि मामले में दोषी युवकों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस प्रशासन घटना में शामिल सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजे। यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है, जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। समिति पीड़ित परिवार के साथ है उनका हर संभव मदद का प्रयास होगा। दोषियों पर करवाई नहीं की जाती है तो समिति उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगी। मौके पर प्रमंडलीय संयुक्त सचिव जितेंद्र पासवान, जिला उपाध्यक्ष गुप्ता पासवान, प्रखंड अध्यक्ष रामजी पासवान, सचिव परीखा पासवान, कोषाध्यक्ष डॉ0 संजय कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि अनिल पासवान, उपाध्यक्ष विनय पासवान, संजय पासवान, प्रखंड संरक्षक रामविश्वास पासवान, डॉ गणपत पासवान, अर्जुन पासवान, वृजबिहारी, शंकर, राघव पासवान आदि मौजूद थे।

## दुष्कर्म में शामिल आरोपियों को मिले कड़ी सजा : राजीव



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में पिछले दिनों दलित छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना का समाजसेवी सह भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा है कि उक्त घटना संपूर्ण क्षेत्र में मानवता को शर्मसार किया है। आरोपियों को अविलंब पुलिस प्रशासन से गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है जिससे ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में बेटियां असुरक्षित हैं। शीघ्र ही दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन किया जाएगा।

# पलामू झामुमो गठबन्धन धर्म का पालन नहीं कर रहा है : बिट्टू पाठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा है कि झारखंड में झामुमो, कांग्रेस के साथ राजद की सरकार सत्ता में है। सत्ता में शामिल झामुमो गठबंधन धर्म का पालन नहीं कर अपना डफली अपना राग अलाप रही है। बीते दिनों झामुमो के जिला इकाई की बैठक में आसन्न विधानसभा चुनाव में पलामू के सभी विधानसभा में प्रत्याशी देने और जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा उर्फ गुड्डू सिन्हा का डालटनगंज विधानसभा से चुनाव लड़ाने का निर्णय लिया है, जो गठबंधन धर्म का खुलेआम उल्लंघन है। बीते विधानसभा चुनाव में महागठबंधन से डालटनगंज विधानसभा, पांकी विधानसभा, विश्रामपुर विधानसभा से कांग्रेस और छतरपुर विधानसभा, हुसैनाबाद विधानसभा से राजद ने चुनाव लड़ा था। ऐसे में पलामू जिले में झामुमो की जिले के सभी पांच सीटों पर दावेदारी कहीं से उचित नहीं है। झामुमो बचकाना बयान देने से बचाना चाहिए तथा बयान देने से पहले सौ बार सोचना चाहिए कि झारखंड में महागठबंधन की सरकार है गठबंधन में कौन सीट में कौन लड़ेगा इसका निर्णय केंद्र नेतृत्व करता है झामुमो 2014 में डाल्टनगंज विधानसभा चुनाव लड़ कर अपना जनाधार देख लिया है झारखंड में महागठबंधन की सरकार चल रही है झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस और राजन मिलकर इस प्रदेश की प्रगति में अहम भूमिका निभा रही है उसके बाद भी झामुमो के द्वारा ऐसा बयान आता है तो निश्चित रूप से सोचने का विषय बन जाता है ऐसा प्रतीत होता है कि झामुमो विपक्षी भाजपानीत एनडीए गठबंधन को आसन्न विधानसभा चुनाव में लाभ देने के लिए ऐसा निर्णय लिया है। प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व के समक्ष इस मुद्दे को उठाने का कार्य करेंगे, जिससे आसन्न विधानसभा चुनाव में झामुमो के महागठबंधन के प्रति आत्मघाती कदम को उठाने से रोका जा सके।

# रमना के सीओ व थाना प्रभारी ने किया अवैध बालू उठाव स्थल का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रमना :** अंचल क्षेत्र से होकर गुजरी बांकी व कजरी नदी मे बालू के अवैध खनन और परिवहन की खबर गत दिनों कई समाचार पत्र मे छपने के बाद प्रशासन ने संज्ञान मे लेते हुए अवैध खनन और परिवहन पर समुचित कार्रवाई के लिए शनिवार के दोपहर दौरा किया।सीओ सतीश कुमार सिन्हा और थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने अवैध खनन और परिवहन स्थलों का दौरा किया। सीओ सतीश कुमार सिन्हा और थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने करीब दो किलोमीटर पैदल चलते हुए बांकी का अवलोकन किया। हलांकि इस दौरान बालू खनन और परिवहन करने वाले लोग मौके से नदारथ थे। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि प्रशासन अवैध खनन और परिवहन के रोकथाम को लेकर गंभीर है। साथ ही उन्होंने कहा कि अंचल क्षेत्र मे कही भी अवैध खनन और परिवहन किए जाने की सूचना मिलती है तो नियमाकुल कार्रवाई किया जाएगा तथा पकड़े गए वाहन पर राजसात करने की प्रक्रिया चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान मे पाचाडुमर बालू घाट से जरुरतमंद आनलाईन बालू खरीद सकते है। लोगों की समस्यों को देखते हुए सरकार और जिला प्रशासन बीस और बालू घाट चिन्हित की है।

## पलामू सिविल सर्जन के पुत्री की अचानक मौत

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू सिविल सर्जन अशोक कुमार की पुत्री रिशु कुमारी उम्र 23 वर्ष की सोमवार को हृदय गति रुकने से मौत हो गई है। वही मौत की घटना की खबर मिलने पर स्वास्थ्य महकमा में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। सिविल सर्जन के बेटी की मौत की खबर सुनकर स्वास्थ्य विभाग के सभी पदाधिकारी उनके घर पर पहुंचकर उन्हें सांत्वना दिया। अंतिम संस्कार हरिश्चंद्र घाट पर किया गया।

**संक्षिप्त खबरें**

## तीसरे तल्ले से कूदने से मरीज की मौत




**रांची :** रिम्स के तीसरे तल्ले के न्यूरोसर्जरी विभाग से लक्ष्मण राम नामक एक मरीज सोमवार को खिड़की से कूद गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई । घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गयी। लक्ष्मण राम छतीसगढ़ का रहने वाला था वह इलाज के लिए रिम्स आया था। उसके परिजनों का कहना है कि वह मानसिक रूप से भी परेशान रहता था। परिजन शौच के लिए गए इसी दौरान मरीज रिम्स के खिड़की से कूद गया । घटना की जानकारी मिलते ही बरियातू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उल्लेखनीय है कि लक्ष्मण का इलाज न्यूरो सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ सीबी सहाय की यूनिट में चल रहा था।

## खेल महोत्सव का स्वरूप तय कर दिया गया

**रांची।** फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पीईएफ आइ) के राष्ट्रीय निदेशक मनोज कुमार मिश्रा के रांची आगमन के साथ झारखंड राज्य में होने वाले खेल महोत्सव का स्वरूप तय कर दिया गया। झारखंड राज्य की टीम अपने कोर सदस्य के साथ कार्यक्रम स्थल खेल गांव रांची पर उपस्थित रहे और हर एक कार्य का जयजा लिया । इस अवसर पर राज्य के निदेशक राजा इश्तियाक ,राज्य के अध्यक्ष रेणु साहनी ,कार्यक्रम के सचिव शशिकांत पांडे और राज्य के सचिव आलोक चौधरी जी उपस्थित रहे. खेल महोत्सव में योगासन, कबड्डी एव कराटे की प्रतियोगिता रखी गई है और साथ में बच्चों के लिए जागरूकता शिक्षा के लिए कुछ जागरूकता कार्यक्रम भी एफ ई एफ आई द्वारा प्रस्तुति किए जा रहे हैं।

# द्रौपदी मुर्मू के रांची भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर रेड जोन घोषित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रांची भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल के 02 किलोमीटर की परिधि क्षेत्र को अस्थाई रूप से रेड जोन घोषित किया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची द्वारा ड्रोन नियम 2021 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अस्थायी रूप से रेड जोन घोषित किया गया है। द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति का दिनांक 24-26 मई 2023 को राँची में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस क्रम में माननीय राष्ट्रपति महोदया राजभवन में आवासन करेंगी तथा नव निर्मित उच्च न्यायालय एवं आई0आई0आई0टी0 नामकुम में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगी। उग्रवादी एवं आतंकी गतिविधि के मद्देनजर सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से उक्त स्थानों को रेड जोन घोषित किया गया है।

**निम्न क्षेत्र हैं रेड जोन**

वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची द्वारा ड्रोन नियम 2021 के नियम 22, 24 एवं 26 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नव निर्मित उच्च न्यायालय भवन, धुर्वा से 02 कि0मी0, जे.यू.टी. (आई0आई0आई0टी0) नामकुम से 02 कि0मी0 एवं राजभवन से 02 कि0मी0 की परिधि क्षेत्र को दिनांक 24.05.2023 से दिनांक 26.05.2023 तक अस्थायी रूप से रेड जोन घोषित किया गया है।

**बिना पूर्व अनुमति के रेड जोन में ड्रोन का प्रचालन नहीं**

रेड जोन में कोई भी व्यक्ति सक्षम पदाधिकारी के पूर्व अनुमति के बिना ड्रोन का प्रचालन नहीं कर सकेगा।

# फॉरेस्ट गार्ड नियुक्ति मामले में हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता को वरीयता का लाभ देने का दिया निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने सोमवार को फॉरेस्ट गार्ड नियुक्ति मामले में मेरिट के अनुसार अन्य सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति की तिथि के अनुसार वरिष्ठता सूची में स्थान देने एवं अन्य वेतन वृद्धि सहित सुविधा देने का आग्रह करने वाली याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने याचिकाकर्ता की याचिका को स्वीकार करते हुए उसे अन्य सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति की तिथि के अनुसार ही उसके मेरिट के अनुसार वरीयता देने का निर्देश दिया है। फॉरेस्ट गार्ड की नियुक्ति को लेकर वर्ष 2014 में 2204 पदों के लिए विज्ञापन संख्या 3/2014 झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) ने निकाला था। याचिकाकर्ता के उक्त परीक्षा में सफल होने के बाद भी उसे तकनीकी कारणों से नियुक्ति नहीं मिल सकी थी, जिसके बाद उसने वर्ष 2018 में हाई कोर्ट में रिट याचिका दाखिल की थी। 10 सितंबर 2018 को हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता के नाम पर नियुक्ति पत्र जारी करने का आदेश पारित किया था। इसके 9 माह बाद याचिकाकर्ता को नियुक्त किया गया और उसे पदस्थापित किया गया। लेकिन वर्ष 2019 में याचिकाकर्ता को वरीयता सूची में उसके मेरिट के अनुसार प्राथमिकता नहीं दी गई।

वरीयता में मेरिट की बजाए उसे नीचे के क्रमांक में स्थान दिया गया, जिसके बाद याचिकाकर्ता ने वन विभाग के संबंधित पदाधिकारी के पास आवेदन दिया, लेकिन कुछ नहीं हुआ। प्राथमिकता सूची में मेरिट के अनुसार सही स्थान नहीं मिलने से वेतन वृद्धि सहित अन्य सुविधाओं से वंचित रहे। जिसके बाद याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता की नियुक्ति में देरी का कारण राज्य सरकार एवं जेएसएससी था, इसमें याचिकाकर्ता की कोई गलती नहीं है। जेएसएससी एवं राज्य सरकार के कारण याचिकाकर्ता को दो साल से ज्यादा समय बाद नियुक्त किया गया। इसीलिए मेरिट के अनुसार उसे भी अन्य सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति की तिथि से वरीयता में स्थान मिलना चाहिए।

# पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम चलाया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारत सरकार के पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम मिशन लाइफ (लाइफ फोर इंवारमेंट) के तहत 209 कोबरा ने 22/05/2023 को राजकीयकृत मध्य स्वह उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कालामाटी, खूँटी के छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता तथा प्रशिक्षण अभियान चलाया गया। वाहिनी के अधिकारियों तथा जवानों ने छात्र - छात्राओं को प्राकृतिक संसाधनो के सही रख-रखाव, प्लास्टिक रहित जीवन शैली, जल संरक्षण, स्वस्थ जीवन शैली, ऊर्जा संरक्षण के तरीके और कूडा-कचरा कम करने के तरीकों पर गूढ जानकारी दी। कार्यक्रम में स्कूल के तकरीबन 100 छात्र - छात्राओं सहित शिक्षकों तथा 209 कोबरा के 25 अधिकारियों और कार्मिकों ने भाग लिया ।

# आशुतोष द्विवेदी बने हिंदू जागरण मंच के मठ मंदिर सुरक्षा प्रमुख

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** हिंदू जागरण मंच रांची महानगर की महत्वपूर्ण बैठक पहाड़ी मन्दिर परिसर में सोमवार को सम्पन्न हुई। बैठक का उद्देश्य संगठन की ओर से साप्ताहिक बैठक विभिन्न मंडल में की जाएगी। साथ ही साथ राजधानी रांची के विभिन्न मंदिरों में साप्ताहिक महा आरती का आयोजन भी किया जाएगा, इससे हिंदुत्व एकता को बल मिल सकेगा। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सुजीत सिंह के आदेशानुसार रांची महानगर अध्यक्ष चंदन मिश्रा ने युवा समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी को महानगर मठ मंदिर सुरक्षा प्रमुख ÷मनोनित किया है। जबकि समाजसेवी राहुल व्यास



को महानगर मीडिया प्रमुख का दायित्व सौंपा गया है। मौके पर आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि सनातन संस्कृति की रक्षा ही मेरा मुख्य उद्देश्य हैं। हिंदू एकता आभियान को जन जन तक पहुंचाकर मठ मंदिरों की सुरक्षा करना ही मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। आशुतोष द्विवेदी को हिंदू जागरण मंच के मठ मन्दिर प्रमुख बनने पर हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि नाथ शहदेव, प्रदेश उपाध्यक्ष सुजीत सिंह, रांची महानगर अध्यक्ष चंदन मिश्रा, महामंत्री निशांत चौहान सहित कई लोगों ने आशुतोष द्विवेदी को इस नए दायित्व के लिए बधाई दी है।

# मुख्यमंत्री से मिले आईआईएम के निदेशक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची के निदेशक प्रोफेसर दीपक कुमार श्रीवास्तव ने मुलाकात की।

मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

# पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप 7 दिनों के लिए रिमांड पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप को सोमवार को एन आइए कोर्ट में पेश किया गया। दिनेश का चेहरा काले रंग के कपड़े से ढंक दिया गया था। एन आइए ने कोर्ट से पंद्रह दिनों के लिए रिमांड पर लेने के लिए आवेदन दिया था। लेकिन कोर्ट ने एनआईए और झारखंड पुलिस को सात दिनों तक के लिए पूछताछ करने के लिए समय दिया है। कोर्ट में पेश करते वक्त दिनेश की सुरक्षा



काफी बढ़ी हुई थी।

चारों तरफ पुलिस फोर्स तैनात थे। बता दें कि रविवार को दिनेश गोप को नेपाल में पकड़े जाने के बाद एनआईए उसे दिल्ली से गिरफ्तार करने की बात कह रही है। पूरी सुरक्षा के बीच में रविवार को शाम को ही दिनेश को रांची लाया गया था। इसके बाद सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया ।

बता दें कि 1 सौ से अधिक मामलों में वे वांटेड रहा है और पुलिस को काफी दिनों से दिनेश को की तलाश थी। यह अभी बताया जा रहा है कि दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद पीएलएफआई का जो गढ़ था वह समाप्त हो गया है, जो कुछ बचा हुआ है उसे भी दिनेश गोप से पूछताछ के बाद खत्म कर दिया जाएगा। वही मीडिया से दिनेश गोप को दूर रखा गया है।

# रांची : छत से युवती ने लगाई छलांग, जांच में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित शुभम होटल की छत से देर रात एक युवती ने छलांग लगा दी और बुरी तरह से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए राज अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उसकी स्थिति गम्भीर बनी हुई है। युवती कोलकाता के हावड़ा इलाके की रहने वाली है, वह अपने कुछ सहेलियों के साथ रांची आई थी। पुलिस ने बताया कि युवती होटल की छत पर कूदी लेकिन वह दूसरे के घर की छत पर आ गिरी, जिसके बाद मकान मालिक ने गेट खोलवाकर फिर युवती को आनन फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। 20 वर्षीय रानी बदला हुआ नाम शुभम होटल में कैसे पहुंची यह जांच



का विषय है, पुलिस मामले की छानबीन जारी है।वहीं मामले की जानकारी मिलने के बाद हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा खुद मामले की छानबीन करने करने पहुंचे थे। फिलहाल पूजा की स्थिति ऐसी नहीं है कि उसका बयान लिया जा सके। उसके होश में आने के बाद ही पुलिस की जांच की दिशा और बेहतर होगी।इधर पुलिस के द्वारा होटल का सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया है। जिस समय पूजा छत से कूदी उस दौरान होटल में आधा दर्जन से ज्यादा लड़कियां मौजूद थी। पूजा के छत से कूदते हुए का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिली है।पुलिस अब उन लड़कियों से पूछताछ की तैयारी कर रही है जो रात में होटल में मौजूद थी। सबसे हैरानी की बात तो यह है कि घायल युवती पूजा के पास कोई भी पहचान पत्र नहीं मिला है। सिर्फ इतना बताया जा रहा है कि वह बंगाल की रहने वाली है। संदेह जताई जा रही है कि होटल में कहीं जिस्मफरोशी का धंधा तो नहीं चल रहा था उसी दौरान यह हादसा हुआ है।अन्य लड़कियां भी बाहर की है।पुलिस होटल संचालक से पूछताछ कर सारी जानकारी जुटा रही है।

# मोदी सरनेम केस में राहुल गांधी के वकील ने सुनवाई के लिए कोर्ट से मांगा समय




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** :रांची एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अनामिका किस्कू की अदालत में सोमवार को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के मोदी सरनेम केस से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। राहुल गांधी के अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने कोर्ट से सुनवाई के लिए एक माह का समय मांगा है। प्रदीप चंद्रा ने कोर्ट को बताया कि एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा सशरीर हाजिर होने के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गयी है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को 22 मई को रांची सिविल कोर्ट में सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया गया था। बीते तीन मई को मोदी सरनेम केस में राहुल गांधी के व्यक्तिगत पेशी से छूट की याचिका अदालत ने खारिज कर दिया था। उल्लेखनीय है कि रांची के रहने वाले प्रदीप मोदी नाम के व्यक्ति ने राहुल गांधी के खिलाफ मोदी उपनाम पर टिप्पणी को लेकर मानहानि का केस किया था। इसपर रांची एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इस केस में राज्य सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक पुष्पा सिन्हा ने बहस की। जबकि राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने बहस की। राहुल गांधी पर आरोप है कि उन्होंने वर्ष 2019 में रांची सहित अन्य रैलियों में कहा था कि जिनके नाम के आगे मोदी लगा है वह सभी चोर है।

## पिता की हत्या का आरोपित बेटा गया जेल

**रांची** : इटकी थाना क्षेत्र के मलटी गांव में रविवार को पुत्र बुदू उरांव ने पिता अन्ना उरांव (70) की लाठी से पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। इटकी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपित पुत्र बुदू उरांव को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बताया जाता है कि किसी बात को लेकर पिता-पुत्र की आपस में वाद-विवाद हो गया। गुस्से में पुत्र ने लाठी से पिता की जमकर पिटाई कर दी। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई थी।

# इंफोर्समेंट टीम ने मेन रोड के रेलिंग पर लगाने वाले फुटपाथ दुकानदारों को भी हटाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रभात मंत्र में बड़ी प्रमुखता से शहीद अल्बर्ट एक्का चौक और इसके आस पास में लगा रहे फुटपाथ दुकानदारों की मनमानी पर खबर प्रकाशित किया था । इसको लेकर नगर निगम , यातायात पुलिस संयुक्त रूप से अतिक्रमण मुक्त अभियान भी चलाया था, लेकिन रविवार शाम होते ही कुछ लोगों ने फिर दुकान सजा लिया था, लेकिन सोमवार को सुबह होते ही एक बार फिर नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम शहीद अल्बर्ट एक्का चौक और इसके आसपास की सभी दुकानों के सामने



लगे फुटपाथ दुकानदारों को खदेड़कर भगा दिया। साथ ही मेन रोड के किनारे पे लगे रेलिंग पर जो कपड़े लगाकर बेचते थे उसे भी वहां से हटा दिया है। इंफोर्समेंट टीम ने पहले ही चेतावनी दे रखी थी यदि अगर कोई फुटपाथ में दुकान लगाता है और उसका दुकान वेंडर मार्केट में भी आवंटित है तो वह दुकान रद्द करवा दिया जाएगा। कुछ लोगों की ऐसे नामों की सूची नगर निगम को उपलब्ध करा दी गई है, जो वेंडर मार्केट में भी दुकान चला रहे हैं और अपने सगे संबंधियों से शहीद अल्बर्ट एक्का चौक और इसके आसपास में भी फुटपाथ पर दुकान लगवा रहे हैं और पैसे कमा रहे हैं। नगर आयुक्त ने सख्त हिदायत दे रखी है कि ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाए और इसका वेंडर मार्केट में आवंटित दुकान का रद्द किया जाए। इसके बाद सोमवार को सुबह से ही लोग मेन रोड शहीद अल्बर्ट एक्का चौक, कचहरी चौक और इसके आसपास के फुटपाथ में दुकाने नहीं सजाई गई, देर शाम तक मेन रोड के रेलिंग में भी कपड़ा सजा हुआ नहीं नजर आया।

# तीन केजी गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक राँची को गुप्त सूचना मिली कि राहे ओपी अन्तर्गत ग्राम मंदनडीह के पास गांजा तस्कर आये हुए हैं। उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के द्वारापुलिस अधीक्षक ग्रामीण राँची के निर्देशन में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बुण्डू के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया, जिसमें 26वी बाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कम्पनी कमाण्डर) एवं सशस्त्र बल को भी शामिल किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए स्कूल के पास पहुँचे तो पास के जंगल में कुछ लोगों की आपस में बातचीत करने की आवाज़ सुनायी दिया। जब पुलिस टीम जंगल की ओर बढ़ने लगी तो जंगल में छिपे गांजा तस्कर पुलिस को देखकर भागने लगे, पुलिस द्वारा भाग रहे गांजा तस्करों में से एक को खदेड़ कर पकड़ लिया गया परन्तु अन्य गांजा तस्कर अंधेरा का लाभ उठाते हुए भागने में सफल रहे। पकड़ाये व्यक्ति का नाम-पता



पूछने पर अपना नाम गोकुल दास, पिता सोना दास, सा0 होटल थाना सोनाहातु ओ0पी0) जिला रांची बताया।

सहायक कमाण्डेट 28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ताकी के द्वारा पकड़ाये शक्ति गोकुल दास का तलाशी लेने पर उसके पास से एक पलास्टिक के बोरा में चार पैकेट गाजा जैसा पदार्थ पाया गया, जिसकी वजन कराने पर कुल 03 किलो 400 ग्राम पाया गया। पकड़ाये गोकुल दास के पास से एक मोटरसाईकिल एवं एक मोबाइल भी बरामद किया गया। पकडाये व्यक्ति से बरामद सामान से सम्बन्धित वैध कागजात की माग करने पर उनके द्वारा कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात् उक्त बरामद सामानों को विधिवित जप्त किया गया। बरामद गाजा का अनुमानित बाजार भाव लगभग 75,000 रूपया है। कांड में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# राष्ट्रपति के आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के तीन दिवसीय 24 ,25, 26 मई रांची भ्रमण कार्यक्रम को लेकर प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारियों, दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस बल को ब्रीफिंग किया गया है। मौके पर रांची डीआईजी अनुप बिरथरे , उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रांची किशोर कौशल द्वारा सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को उनके कार्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सभी से कहा गया है



कि रांची भ्रमण के दौरान अपने ड्यूटी में तैनात रहेंगे । सुरक्षा के दृष्टिकोण से किसी तरह का भी कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चौक चौराहों पर जहां कहीं भी ड्यूटी दिया जाएगा वहां पर हुए तैनात रहेंगे। इस मौके पर विभिन्न थानों के थानेदार भी उपस्थित रहे।

# विस्थापितों को सुविधा के नाम पर कोरा आश्वासन ही मिला है : बिगन सिंह भोगता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रैयत विस्थापित मोर्चा नवाडीह शाखा की बैठक मोना टोला में किया गया। बैठक की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा एव संचालन गणेश मुंडा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, कार्यकारी अध्यक्ष जालिम सिंह,उपाध्यक्ष नरेश गंझू,अमृत भोगता,सह सचिव राम लखन गंझू,प्रकाश महतो,प्रभाकर गंझू सहित कई लोग मौजूद थे। बैठक में मोर्चा के द्वारा रैयत विस्थापितो की समस्याओं को लेकर 29 मई को



घोषित बंदी को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन ने हमेशा रैयत विस्थापितो को छलने का काम किया है।आजतक विस्थापितो को सुविधा के नाम पर केवल कोरा आश्वासन ही मिला है।कोई भी सुविधा रैयत विस्थापितो को नही दिया जा रहा है।रैयत बिस्थापित जग चुका है और अपना हक अधिकार लेने के लिए हर लड़ाई लड़ने को तैयार है।उन्होंने कहा कि नाबाडीह में खदान खुलना है इसलिए अभी से अपनी एकजुटता एव ताकत दिखाना होगा।तभी प्रबंधन से आपको सुविधा और हक अधिकार आसानी से मिल पाएगा।सीसीएल प्रबंधन अगर एक दिन की बंदी से नही चेता तो आने वाले दिनों में अनिश्चितकालीन बंदी की जाएगी।उन्होंने कहा कि रैयत विस्थापितो की उपेक्षा कर कोयला खदान नही चल पाएगा।परियोजना का विस्तारीकरण नही हो पायेगा।बैठक में प्रेम गुप्ता,नरेश यादव,दिनेश प्रसाद गुप्ता,कलिंदर ठाकुर,कुलदीप प्रसाद साहू,विनोद मुंडा,बासदेव ठाकुर,रामधारी गंझू, रविन्द्र मुंडा,राधेश्याम प्रसाद, अनंत मुंडा,हेमलाल गंझू,मुकेश मुंडा,गणेश लोहरा, सुकरा गंझू,राजू लोहरा,शानू लोहरा, सूरज लोहरा,संदीप लोहरा, अनिल लोहरा,मदन लोहरा, प्रेम लोहरा,दीपक मुंडा,रोहित मुंडा, शिवा गंझू,आशीष मुंडा, सत्यनारायण लोहरा,बिनोद लोहरा, शंकर गंझू,बाबूलाल गंझू,अजय उरांव, संतोष मुंडा, बिकी लोहरा, अकाश लोहरा,रंथु मुंडा,मंगल गंझू,मंतोष मुंडा,नगीना कुमारी,तारा देवी,नीरा देवी,रिझनी देवी,कलावती देवी, सोनिया देवी,पुतुल देवी,तुलवा देवी, ननकी देवी,रेखा देवी,अनिता देवी,पूनम देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## असंगठित मजदूरों का बोनस सीएमपीएफ की मांग को लेकर आठवें दिन धरना जारी रहा

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन (एआईटीयूसी) के बैनर तले असंगठित मजदूरों का धरना प्रदर्शन लगातार आठवे दिन भी जारी रहा। संगठित मजदूरों की सीएमपीएफ बोनस भुगतान की



मांग का समर्थन करने व धरना को सफल बनाने को लेकर झारखंड राज्य एटक का महामंत्री,यूनाइटेड कोल वर्कर यूनियन के केंद्रीय सचिव,सह कोल इंडिया वेलफेयर बोर्ड के सदस्य अशोक यादव पहुँचे। बताना चाहते है कि पिपरवार क्षेत्र में सीसीएल के द्वारा अनेको अंडरटेकिंग कंपनियों संचालित थी। जिसमे असंगठित मजदूरों का सीएमपीएफ बोनस का पैसा कंपनी अपने पास 2013 से लेकर 2022 तक का रखी है। जिसे लेकर असंगठित मजदूरों के द्वारा पिपरवार जीएम ऑफिस के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इस दौरान श्री यादव ने कहा कि असंगठित मजदूरों का धरना पिपरवार जीएम कार्यालय के समक्ष अनिश्चित कालीन धरना का आठवां दिन है। असंगठित मजदूर इस दौरान 42-43 डिग्री तापमान में खाली जगह पर बैठ कर दे रहे है। जहाँ पर दिन भर लू चलते रहती है। इस तरह अपने जायज मांगो के लिए मजदूर धरना स्थल पर डटे हुए है ये काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा इनके मांगो जो 26/05/2023 को सो सी एल मुख्यालय पर होने वाले धरना प्रदर्शन में उठाई जाएगी। साथ ही 27/05/2023 को होने वाली सी सी एल सलाहकार समिति के बैठक में पहला मुद्दा पिपरवार के असंगठित मजदूरों के अनिश्चितकालीन धरना के सम्बंध में उठाया जाएगा। मौके पर कृष्णा चौहान, प्रेम कुमार, अरविंद शर्मा, दिनेश भर, जितेंद्र सिंह, चंदन शर्मा, आनंद कुमार, संतोष प्रजापति, टेकलाल महतो, सम्सुल् अंसारी, भुवनेश्वर महतो, धीरज उरांव, कुलेश्व र्गंजू ,बबलू विश्वकर्मा, पद्यलदी, कमेश्व र्गंजू, तानो देवी सहित अन्य मजदूर उपस्थित थे।

## सालगाडीह में छौ नृत्य का किया गया आयोजन

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के दाड़ीगुटू पंचायत के सालगाडीह में छौ नृत्य का आयोजन किया गया इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद के सदस्य सह संघ के अध्यक्ष सुशील सांगा शामिल होकर इस कार्यक्रम का



उद्घाटन किया। इस अवसर पर सुशील सांगा ने कहा आदिवासियों की परंपरा छौ नृत्य से ही पहचाना जाता है आदिवासी इसे संभाल कर रखें ताकि हमारी आदिवासी संस्कृति सभ्यता युगो युगो तक कायम रहे मौके पर जिला कांग्रेस के महासचिव सह मजदूर यूनियन के अध्यक्ष सयूम अंसारी आदिवासी सेल के प्रखंड अध्यक्ष एडवर्ड हंस ग्राम प्रधान सोमरा मुंडा वार्ड पार्षद बरनाबास टूटी इस कार्यक्रम का आयोजन करता मंगल मुंडा साहू मुंडा लोदरो मुंडा डेबिट हमसोए अनिल टोपनो अभिषेक टोपनो विष्णु महतो बंगाल से आए छौ नृत्य के पार्टी शामिल हुए।

## झारखंड टेक्निकल छात्र संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड टेक्निकल छात्र संघ ने केन्द्रीय महासचिव राजू कुमार उर्फ राजीव के नेतृत्व में सोमवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान छात्रों के समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री



के नाम तमाड़ विधायक विकास कुमार मुण्डा को ज्ञापन सौंपा। मोर्चा के महासचिव राजू कुमार ने बताया कि पिछले कई महीनों से सत्र 2022-23 के लिए छात्रवृत्ति का फॉर्म ई-कल्याण पोर्टल के माध्यम से भराया जा रहा है परंतु पूरे झारखण्ड के ITI छात्रों के लिए पोर्टल में विकल्प नही आने से हजारों ITI करने वाले छात्र छात्रवृत्ति से वंचित हो जाएंगे। राजू कुमार ने यह भी बताया कि ITI का कोर्स झारखण्ड के गरीब-मजदूर के बच्चे करते हैं और रोजगार से जुड़ते हैं। वे छात्रवृत्ति पर ही निर्भर होकर अपनी पढ़ाई करते हैं। इसलिए मुख्यमंत्री से मांग करता हूँ कि अविलंब ITI छात्रों के लिए पोर्टल में उनके कॉलेजों को जोड़ा जाय ताकि हजारों ST SC और OBC के ग़रीब बच्चे को छात्रवृत्ति का लाभ मिले सके और उनकी पढ़ाई निरंतर जारी रह सके। वरना झारखण्ड टेक्निकल छात्र संघ उग्र आन्दोलन को बाध्य होगा। तमाड़ विधायक विकास कुमार मुण्डा ने आश्वस्त किया है कि मोर्चा के बातों को मुख्यमंत्री के पास रखेंगे और ITI छात्रों के छात्रवृत्ति फॉर्म भरने में हो रही समस्याओं को दूर करेंगे। मौके पर प्रकाश महतो, राहुल कर्मकार, खागेन्द्र महतो, सुदेश कुमार, बब्लू कुमार, रोहित महतो, मंटू गोप, लखीचरण मुण्डा समेत काफी संख्या में ITI के छात्र उपस्थित थे।

## टाटा एआईए लाइफ फॉर्च्यून गारंटी पेंशन का नया संस्करण पेश

**राँची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए लाइफ) ने अपने फ्लैगशिप एन्यूटी प्लान फॉर्च्यून गारंटी पेंशन का अधिक शक्तिशाली संस्करण पेश किया है। इसमें उच्च वार्षिकी दर और डेथ बेनिफिट शामिल हैं, जो उपभोक्ताओं को अपने स्वर्णिम वर्षों में आर्थिक रूप से स्वतंत्र और चिंता मुक्त रहने के लिए अनिवार्य बनाता है। भारत में रीतिरेमेंट बचत अंतर 2050 तक 85 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, और भारतीय उपभोक्ताओं को रीतिरेमेंट के बाद वित्तीय स्वतंत्रता सुनिश्चित करके इस संकट के लिए तैयार रहना चाहिए। टाटा एआईए लाइफ फॉर्च्यून गारंटी पेंशन योजना कई दर्जी गारंटीकृत आय विकल्प प्रदान करती है और उपभोक्ताओं को रीतिरेमेंट जीवन के लिए पर्याप्त रूप से बचत करने में मदद करती है। यह ग्राहकों के एक विविध समूह को पूरा करता है, जिसमें विवाहित, महिलाएं और भविष्य के लिए अपनी वर्तमान जीवन शैली को बनाए रखने के इच्छुक व्यक्ति शामिल हैं।

## कोल फील्ड मजदूर यूनियन रोहणी शाखा ने रोहणी परियोजना पदाधिकारी से मुलाकात किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** कोल फील्ड मजदूर यूनियन रोहणी शाखा के द्वारा नव निविक्त रोहणी परियोजना पदाधिकारी का स्वागत यूनियन के पदाधिकारियों के द्वारा किया गया। इस दौरान यूनियन के पदाधिकारियों ने परियोजना पदाधिकारी को अपना परिचय दिया गया। रोहणी परियोजना जमीन के अभाव में विगत कई वर्षो से जूझ रहा है। जिसे लेकर अधिकारी को अवगत कराया गया। वही डे टू डेट व सिविल के द्वारा ठीक तरीके से निष्पादन नहीं करने का आरोप भी लगाया गया। जिसमें मल्टी स्टोरेज क्वार्टर में सीपेज की समस्या, प्रमोशन का मुद्दा रोहिणी में कार्यरत कामगारों के आश्रितों कार्य सर्विस सीट में नाम अंकित कराना,एवं कर्मियों के निधन के उपरांत उनका नॉमिनी चेंज कराना सहित अन्य पर काफी समस्या उत्पन्न हो रही है। इन सभी समस्या को लेकर परियोजना पदाधिकारी को अवगत कराया गया। समस्या से अवगत होकर नए पदस्थापित परियोजना पदाधिकारी के द्वारा जितना संभव है उस से बढ़कर के मदद करने का आश्वासन दिया।



क्योंकि विगत के दिनों में रोहणी के कामगारों के द्वारा मूलभूत समस्याओं वंचित रहना पड़ा। समस्या को अविलंब दुरुस्त करने का आश्वासन दिया। इस मुलाकात में यूनियन के तरह से परियोजना पदाधिकारी को बुके एवम माला पहना कर स्वागत किया गया। मौके पर ध्वजा राम धोबी,रामा उरांव,नंदू मेहता,प्रधान मुंडा, सोमनाथ मालिक, मनीष कुमार, सेलेश अंगरिया, राजनाथ सिंह, रंथु उरांव, रामगुनी महतो लालदेव गंझू,प्राण मुंडा, मनोज राम, कृष्णा मूंडा,गोपी चांद यादव, सरजू महतो, बंधन मुंडा,काली राम महली सहित अन्य मौजूद थे।

## विधायक ने किया मुस्लिम कब्रिस्तान में सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को मांडर विधानसभा क्षेत्र के विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कुंदी पंचायत स्थित अल्पसंख्यक मुस्लिम कब्रिस्तान में सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास विधिवत रूप से शीला पट से पर्दा हटा कर किया. सुंदरीकरण कार्य में एक हजार फीट पेवर ब्लॉक सड़क निर्माण, शेड निर्माण एवं पेयजल के लिए डीप बोरिंग का निर्माण किया जाएगा. शिलान्यास से पूर्व विधायक ने कब्रिस्तान का निरीक्षण कर होने वाली निर्माण कार्य की जानकारी ठेकेदार से लिया साथ ही साथ ग्रामीणों



से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत भी हुए. मौके पर कॉन्ग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, मुखिया फ्रांसिस्का केरकेट्टा, विधायक प्रतिनिधि राजन किस्पोट्टा, अबू माज, कुंदी गांव के सदर सिद्दीक अंसारी, सेक्रेटरी मोइन अंसारी, नौशाद अंसारी, रहमान अंसारी, ताहिर अंसारी, अबरार इमाम, अहमद अंसारी, अजय गोप, मंजर अंसारी, शिशु गोप, फिरोज आलम, अमरउद्दीन अंसारी, हसीबुल अंसारी, खालिक अंसारी सहित अन्य लोग शामिल थे

## रैयत विस्थापित मोर्चा ने डकरा परियोजना में गेट मीटिंग किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रैयत विस्थापित मोर्चा ने डकरा परियोजना में गेट मीटिंग किया।गेट मीटिंग के माध्यम से मोर्चा के अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने परियोजना के कामगारों से 29 मई को बंदी को सफल बनाने के लिए सहयोग करने का अपील किया।केंद्रीय सदस्य रंथू उरांव ने कहा कि मोर्चा के द्वारा 29 मई को एनके एरिया बंदी का आहवान किया गया है इसलिए कामगारों से अपील की है कि इस बंदी में रैयत विस्थापितो को सहयोग करे ताकि रैयत विस्थापितो को उनका हक अधिकार मिल सके।वही मजदूरों ने भी मोर्चा को बंदी में सहयोग करने का भरोसा दिया है।इस मौके पर जगरनाथ महतो,नरेश गंझू,राम लखन गंझू, प्रभाकर गंझू,सुनील यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## अड़की पुलिस ने तीन फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की थाना क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देशानुसार लागातार फिरारीयों / गैर जमानतीय वारंटी एवं स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु समकालीन अभियान चलाने का आदेश प्राप्त हुआ था। जिसके आलोक में अड़की थाना प्रभारी मोहम्मद इकबाल हुसैन के नेतृत्व में एक एसआईटी की टीम का गठन किया गया और इस टीम द्वारा छापामारी करते हुए 3 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तारी किया गया जो कई वर्षो से फरार चल रहे थे। ज्ञात हो कि अड़की थाना क्षेत्र के सुराकोचा गांव निवासी 60 वर्षीय जीवन मुंडा (पिता- स्व0 चैतन मुण्डा) अड़की थाना कांड सं0-50/02, त्नक्र-649/02 (रु) धारा-384/385/386/387/34 भा0द0वि0 वहीं 50 वर्षीय गोपोल गांव निवासी भोगो पाहन (पिता-नारायण सिंह पाहन) अड़की थाना कांड सं-



064/98(s), धारा 144/427 भा0द0वि0 और 45 वर्षीय पांडुड़ीह निवासी तुलसी मुंडा (पिता-स्व0 पुसवा मुण्डा) अड़की थाना कांड सं0-53/04 (8), धारा-144 / 447/427 भा0द0वि0 के तहत अभियुक्त हैं जिन्हें गिरफ्तार किया गया है।छापेमारी दल में अड़की थाना प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक इकबाल हुसैन के नेतृत्व में पुलिस अवर निरीक्षक मनोज तिर्की , पुलिस अवर निरीक्षक बिरजु प्रसाद,पुलिस अवर निरीक्षक उत्तम कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक शशि प्रकाश, पुलिस अवर निरीक्षक अर्जुन कुमार सिंह और अड़की थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।


### झारखण्ड सरकार
### वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
### न्यायालय– समाहर्त्ता–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गिरिडीह पूर्वी वन प्रमण्डल।

### सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारतीय वन (बिहार संशोधन) अधिनियम 1989 की धारा 66A में प्रदत्त शक्तियों के तहत बिहार लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 के अन्तर्गत समाहर्त्ता के शक्तियों का उपयोग करते हुए सरकारी वन भूमि अतिक्रमण की बेदखली हेतु इस न्यायालय द्वारा प्रारम्भ की गई निम्नवत BPLE वादों में अनेको नोटिस के बावजूद विपक्षी अबतक सुनवाई में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। इस समाचार पत्र के माध्यम से मुकदमे से संबंधित सभी प्रतिपक्षों को सूचित किया जाता है कि निम्नवत निर्धारित तिथि को पूर्वाहन 11.30 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। समाचार पत्र में सूचना प्रकाशन के बाद भी यदि आप उपस्थित नहीं होते है तो अभिलेख में उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर एक–पक्षीय उचित आदेश पारित कर दिया जायगा।

**मुकदमे की विवरणी निम्नवत है :–**

| क्र0 | मुकदमा सं0 एवं वर्ष | प्रतिवादी का नाम एवं पता | अतिक्रमित वन भूमि स्थल का नाम, थाना न0, प्लौट न0 एवं रकबा | सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 27 / 2022 | मनोज मराण्डी, पिता– राम मराण्डी, सा0– जगरनाथा, टोला– लेड़वा, थाना– गावां, गिरिडीह | मौजा–जगरनाथा पी0एफ0, थाना– गावां, थाना न0–128, प्लौट न0–210 रकबा– 0.2 ए0 | 02.06.2023 |
| 2 | 28 / 2022 | 1.बालेश्वर साव, पिता– चौड़ी साव, 2.धनराज साव, पिता–किशुन साव, 3.नरेश साव, पिता– टुपलाल साव, सभी सा0– मेहाबाक, थाना– बेंगाबाद, गिरिडीह | मौजा–मेहाबांक पी0एफ0, थाना– बेंगाबाद, थाना न0–132., प्लौट न0–439 रकबा– 10 डी0 | 02.06.2023 |
| 3 | 29 / 2022 | शिबु सोरेन, पिता– स्व0 रामेश्वर सोरेन, सा0–चरकपनियां, थाना–ताराटांड़, गिरिडीह | मौजा–बदगुन्दा पी0एफ0, थाना– ताराटांड़ थाना न0–632, प्लौट न0–05 रकबा– 10 डी0 | 02.06.2023 |
| 4 | 30 / 2022 | किशोर कुमार वर्मा, पिता– निरमल महतो, सा0– बेरगी, थाना–गिरिडीह मु0, गिरिडीह | मौजा–बेंरगी पी0एफ0, थाना– गिरिडीह मु0, थाना न0–42, प्लौट न0–35 रकबा– 05 डी0 | 02.06.2023 |
| 5 | 31 / 2022 | 1.ठाकुर मुर्मू, पिता– जागेश्वर मुर्मू, 2. साजोमुनी देवी, पति–ठाकुर मुर्मू, दोनो सा0–महेशपुर, थाना– गाण्डेय, गिरिडीह | मौजा–महेशपुर उर्फ तिलैबोनी पी0एफ0, थाना– गाण्डेय, थाना न0–491, प्लौट न0–88 रकबा– 02 डी0 | 02.06.2023 |
| 6 | 32 / 2022 | 1.मदन हेम्ब्रम, पिता– मंगला हेम्ब्रम, 2.बिनोद हेम्ब्रम, पिता– मंजरा हेम्ब्रम, 3.रूपन किस्कु, पिता– मनु किस्कु, 4.गतु हेम्ब्रम, पिता– बुधन हेम्ब्रम, सभी सा0–घुठिया,थाना–बेंगाबाद, गिरिडीह | मौजा–चन्दियो पी0एफ0, थाना–बेंगाबाद, थाना न0–75, प्लौट न0–263, रकबा– 06 डी0 | 02.06.2023 |
| 7 | 33 / 2022 | 1.मुनूलाल बास्के, पिता– पैका बास्के, 2.फादर बास्के, पिता– चुना बास्के, 3. दिलिप बास्के, पिता– चुड़ा बास्के, 4.रमेश बास्के, पिता– सिकर बास्के, सभी सा0–बांसजोर, थाना–बेंगाबाद, गिरिडीह | मौजा–बांसजोर पी0एफ0, थाना–बेंगाबाद, थाना न0–106 प्लौट न0–353 रकबा– 10 डी0 | 02.06.2023 |
| 8 | 34 / 2022 | 1.अशोक यादव, पिता– स्व0 भूपत महतो, सा0–जमडीहा, थाना–ताराटांड़, गिरिडीह 2.अनिता देवी, पिता– स्व0 दुर्गा मंडल, सा0–मोहलीडीह, थाना–ताराटांड़, गिरिडीह 3.सोमर पंडित, पिता–बेनी पंडित, सा0–मोहलीडीह,थाना–ताराटांड़,गिरिडीह | मौजा–मोहलीडीह पी0एफ0, थाना–ताराटांड़, थाना न0–577, प्लौट न0–248 रकबा– 06 डी0 | 02.06.2023 |
| 9 | 35 / 2022 | 1.सुभाष पुजहर, पिता– भरत पुजहर, 2.बिनोद पुजहर, पिता– भुनेश्वर पुजहर, 3.मनोज पुजहर, पिता– बुधु पुजहर, 4.दशरथ पुजहर, पिता–एतवारी पुजहर, 5.कुमर पुजहर, पिता–भूरत पुजहर, 6.टेटु पुजहर, पिता– भुनेश्वर पुजहर, 7.बुलेल पुजहर, पिता–बुधु पुजहर, 8.गोबर्द्धन पुजहर, पिता– छटु पुजहर, सभी सा0–बड़कीटांड़, थाना–बेंगाबाद, गिरिडीह | मौजा– बड़कीटांड़ पी0एफ0, थाना– बेंगाबाद, थाना न0–88 प्लौट न0–261,632 रकबा– 08 डी0 | 02.06.2023 |
| 10 | 36 / 2022 | 1.विजय दास, पिता– खीरू दास, 2.टींकु दास, पिता– गणपत दास, 3.धनेश्वर दास, पिता– गुलाब दास, सभी सा0–चिरूडीह, थाना–बेंगाबाद, गिरिडीह | मौजा–चिरूडीह पी0एफ0, थाना–बेंगाबाद, थाना न0–128 प्लौट न0–193 रकबा– 10 डी0 | 02.06.2023 |
| 11 | 37 / 2022 | 1.मोसो हांसदा, पिता– भैया हांसदा, 2.बोका मराण्डी, पिता– लेखा मराण्डी, 3.अनिल हांसदा, पिता– रामेश्वर हांसदा, 4.अशोक हांसदा, पिता– रामेश्वर हांसदा, सभी सा0– छोटकी कुम्हरिया, थाना– बेंगाबाद, जिला– गिरिडीह | मौजा–टिकलटो पी0एफ0, थाना–बेंगाबाद, थाना न0–98 प्लौट न0–249 रकबा– 08 डी0 | 02.06.2023 |
| 12 | 38 / 2022 | 1.नन्हकु मंडल, पिता– स्व0 किशुन मंडल, 2.काली देवी, पति–नन्हकु मंडल, दोनो सा0–बांसजार, थाना–बेंगाबाद, गिरिडीह | मौजा–बांसजोर पी0एफ0, थाना–बेंगाबाद, थाना न0–106 प्लौट न0–353 रकबा– 06 डी0 | 02.06.2023 |
| 13 | 02 / 2019 | 1.बलराम सिंह, पिता– खड़ग सिंह 2.कमला देवी, पति–स्व0 मिश्री राव 3.गोपाल पासवान, पिता– सुकर पासवान 4.सुरेश पासवान, पिता– केदार राम 5.नरेश विश्वकर्मा, पिता– प्रसादी विश्वकर्मा सभी सा0–पाण्डेयडीह, थाना+जिला– गिरिडीह | मौजा–पाण्डेयडीह पी0एफ0, थाना–गिरिडीह मु0, थाना न0–43 प्लौट न0–73 रकबा– 75 डी0 | 02.06.2023 |
| 14 | 104 / 21 | 1.भुनेश्वर पंडित, पिता– खीरू पंडित 2.भोला पंडित, पिता– स्व0 चेतलाल पंडित 3.परन पंडित, पिता–स्व0 भुटो पंडित सभी सा0– बदगुन्दा, थाना–ताराटांड़, गिरिडीह | मौजा–बदगुन्दा पी0एफ0, थाना–ताराटांड़, थाना न0–632 प्लौट न0–1255 रकबा– 12 डी0 | 02.06.2023 |

PR 297947 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)D

समाहर्त्ता,
–सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गिरिडीह पूर्वी वन प्रमण्डल।



### Directorate of Mines Department of Mines & Geology
### Government of Jharkhand
Nepal House (Yojna Bhavan), Doranda, Ranchi - 834002,
Email: director-mines@jharkhandmail.gov.in

**Notice Inviting Tender**

**"Invitation of Bid for grant of Mining Lease (Third Attempt)"**

In exercise of the power conferred by Section 15 of the Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, 1957 and in accordance with the Jharkhand Miner Mineral Concession Rules , 2004 (Subsequent Amendments) and the Jharkhand Minor Mineral (Auction) Rules, 2017 (SubsequentStone Amendments) notified there under, Government of Jharkhand has identified a stone block for the purpose of grant of Mining Lease in [Dhanbad] District, Jharkhand, through electronic auction and hereby invites bids in digital format only, from eligible bidders.

Terms and conditions, deadlines etc. for participating in the electronic auction are provided in the Tender Document. The Model Tender Document for the Mineral Block and Mineral Block Summary are available free of cost in electronic form and can be downloaded from website of MSTC [https:// www.mstcecommerce.com/auctionhome/mmb/jharkhand/index.jsp] for the purpose of information only. Timelines, notification, updates and other details of the e-auction process are available on the website of MSTC and the website of Department of Mines & Geology, Govt. of Jharkhand http://www.jharkhand.gov.in/mines-geology.

**The details of the mineral block are summarized below**

| Block | ConcessionArea Ha. | Resource (Cubic meter) | Last Date of sale of Tender Document on MSTC website | Last Date of submission of technical bid &IPO on MSTC website | Date of Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| SABAIGARHA STONE BLOCK | 3.00 Acre (1.21 Hectare) | 142543 | 12.06.2023 | 13.06.2023 | 14.06.2023 |

Those interested and eligible for bidding can participate in the bidding only after online purchase of the Tender Document on payment of the tender fee of INR 25000.00 (Indian Rupees Twenty Five Thousand only) plus GST as applicable (non-refundable), from the website of e-auction platform provider. The applicable GST should be paid by Reverse Charge Mechanism by the Bidder and the GST Paid Slip should be attached with the Bid Letter. After purchase of the Tender Document, eligible bidders can register themselves on the above-mentioned website. On successful registration, eligible bidder will obtain Login ID and password necessary for participation in the e-auction process.

Sd/- Director Mines
Department of Mines & Geology Govt. of Jharkhand

PR.NO.297963 Mines and Geology(23-24):D



### GOVERNMENT OF JHARKHAND
### DRINKING WATER AND SANITATION DEPARTMENT
### CENTRAL DESIGN ORGANISATION (CDO)

**VERY SHORT TENDER NOTICE**

**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

**RFP No- 01/CDO/Ranchi/RWSS/2023-24** **Dated:- 19.05.2023**

The undersigned on behalf of the Government of Jharkhand invites RFP with Invitation of rate for preparation of PFR, DPR including preparation of Bid Document in EPC / Turnkey / Item rate mode, etc. for following works is invited from eligible Empanelled Consultants at CDO Office under DW&SD, Jharkhand, Ranchi vide letter no. 558(CDO) dt. 01.09.2020 and 165(CDO) dt. 08.02.2021. Item rate bids for the work mentioned in Annexure- 1 through e-Procurement. The bid shall be submitted online in the Website https://jharkhandtenders.gov.in. The Consultant(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate

| | |
|---|---|
| Date & Time for publishing of NIT & TOR on website | 24.05.2023 at 3.00 PM |
| Uploading of Bid document & photo copy of Earnest money & tender fee on website | 31.05.2023 up to 5.00 PM |
| Date & Time for submission of Original copy of Earnest Money & tender fee at CDO Office | 01.06.2023 up to 4.00 PM |
| Date & Time for Opening of Technical Bid document | 01.06.2023 at 5.00 PM |
| Contact no. for procurement officer | 0651-2490581 / 09504577191 |
| Help line no. for e-procurement cell | 0651-2480345 |

2. Tender fee (DD) & bid security (earnest money) amount specified for the work in as annexure-1, should be in favour of **Executive Engineer, D.W. & S. Division – Ranchi West, Ranchi** payable at Ranchi.
3. Tender fee, Bid security (earnest money) & Bid Documents separately in hard copy shall be deposited in the office of the **Chief Engineer D.W.&S. Dept. CDO, Near Nepal House, Ranchi** either by registered post / speed post or by hand. Only those applications will be entertained whose cost of tender fee, bid security & bid documents is being received separately for each scheme/ group superscribed on sealed envelope. The office of **Chief Engineer, CDO, D.W.&S. Dept., Jharkhand, Ranchi** will not be held responsible for postal delay, if any, in the delivery of the document or non receipt of the same.
4. In case of Empanelled consultant of MSME category will follow the Govt. rule.
5. Details of Notes to Bidder / Term of Reference (TOR) / Annexure and related information can be seen / downloaded from the https://Jharkhandtenders.gov.in and http://dwsd.jharkhand.gov.in.
6. The authority may accept or reject partly or whole RFP without assigning any reason.
7. The authority may cancel the RFP at any stage before issue of Work order without assigning any reason and for that no claim whatsoever will be made.

Sd/-
Executive Engineer (Design),
CDO, DW&SD, Jharkhand, Ranchi.

PR 297966 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

## डिजिटल लेनदेन के लिए सक्षम केंद्र का उद्घाटन



**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेएसएलपीएस के तत्वाधान में डिजिटल लेनदेन के बढ़ावा को लेकर सोमवार को चांडिल प्रखंड के चिल्गू क्लस्टर तथा आसनबनी पंचायत के टुईलंग सखी भवन में सक्षम केंद्र का उद्घाटन हुआ। चांडिल प्रमुख अमला मुर्मू ने केन्द्र का उद्घाटन किया। समूह से जुड़ी सखी मंडल की महिलाओं तथा ग्रामीणों के बीच वित्तीय साक्षरता तथा डिजिटल लेनदेन के बारे में जानकारी दिया गया । इस दौरान प्रमुख ने कहा कि सक्षम केंद्र के माध्यम से ग्रामीण परिवेश में रहने वाले हर एक परिवार को इसकी सुविधा मिलेगी। डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डिजिटल भारत के तहत डिजिटल ग्रामीण परिवार के लिए सकारात्मक पहल है। मौके पर बीसी कर्मिला किस्कू, किरण महतो, आईपी कुमुदिनी उरांव, सीएलएफ अध्यक्ष सुष्मिता टुडू, सचिव पिंकी उरांव, पीआरपी सुमित्रा कुमारी, सीसीसुदर्शन मिंज, पानो हेम्ब्रम, सुनीता हेम्ब्रम, बिनापनी महतो, जोत्सना महतो तथा बड़ी संख्या में सखी मंडल की दीदी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने निर्मित पानी घर का किया उद्घाटन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा दिवंगत हाजी हारून रशीद की याद में बनाए गए ठंडा पानी घर का उत्घाटन रविवार को स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता, मदीना मस्जिद के इमाम अब्दुल मालिक निस्बाही और मदरसा दारूल किरात के फाउंडर चेयरमैन अलहाज मुख्तार शफी, मिस्टर भाई ने संयुक्त रुप से किया। इस अवसर पर ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के अभिभावक व प्रिंसिपल करीम सिटी कॉलेज डॉक्टर मोहम्मद रियाज़ ने ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। वहीं आज भी गरीब ज़रुरतमंद मूनीरुल को मंत्री के हाथों ठेला रिक्शा भेंट किया गया। इस कार्यक्रम को कामयाब बनाने में ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर,अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी,मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसेडर मुख्तार आलम खान, मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी, शाहिद परवेज आदि उपस्थित थे।

## टाटा एआईए लाइफ फार्च्यून गारंटी पेंशन में प्रभावकारी अपग्रेड

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की एक अग्रणी जीवन बीमा कंपनी टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए लाइफ) ने अपने प्रमुख एन्युटी (जीवन भर तक गारंटीड इनकम) प्लान, टाटा एआईए लाइफ फॉर्च्यून गारंटी पेंशन का और भी प्रभावकारी वर्ज़न प्रस्तुत किया है। इस नए वर्ज़न में अधिक ज्यादा एन्युटी दर और डेथ बेनिफिट्स जैसे कुछ महत्वपूर्ण सुधारों को शामिल किया गया है। इस योजना के लाभ लेकर ग्राहक सेवानिवृत्त होने के बाद आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और चिंतामुक्त होकर अपनी ज़िन्दगी के सुनहरे पलों का आनंद ले सकेंगे।

## यूसील व रेड क्रॉस ने कदमा गांव में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यूसील व रेड क्रॉस सोसायटी ने आज सोमवार को नरवा पहाड़ स्थित कदमा गांव में संयुक्त रूप से निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविर आयोजित की गई। आसेका भवन में आयोजित इस जांच शिविर की अगुवाई यूसील नरवा पहाड़ यूनिट की मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कंचन भट्टामिश्रा व क्षेत्र के मुखिया पलटन मुर्मू ने की। इस अवसर पर क्षेत्र के मुखिया पलटन मुर्मू ने यूसील की इस तरह की पहल की सराहना की तथा कंपनी प्रबंधक से आगे लगातार जारी रखने का अपील की। शिविर में कदमा व हितकू गांव से करीबन 65 गरीब परिवारों ने इसका लाभ उठाया, जिसमे 15 नेत्र और 40 सामान्य बीमारी से जुड़े मरीज पहुंचे थे।

**कार्यक्रम को सफल बनाने में शामिल लोग :** इस स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में यूसील की नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट की मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कंचन भट्टा मिश्रा, मुखिया पलटन मुर्मू, अपर प्रबंधक तपोधीर भट्टाचार्जी, गाजिया हांसदा हांसदा वही रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से डॉक्टर वी वी सिंह,डॉक्टर जोबा मोयत्रा,डॉक्टर विजय शंकर,राधे श्याम कुमार ने अहम योगदान दिया।

## जीपीडीपी के प्रशिक्षण शिविर में ग्राम पंचायतों के विकास योजनाओं का चयन की जानकारी

**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड सभागार में जीपीडीपी को लेकर दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। जिला स्तरीय प्रशिक्षण टीम द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण जिला के सभी प्रखंड क्षेत्र के बीपीओ, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, रोजगार सेवक एवं कुकड़ु प्रखंड के सभी पंचायत सचिव, मुखिया, रोजगार सेवक, मेट ,ग्राम प्रधान,सहिया,जल सहिया आदि को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मौके पर संबोधित करते हुए पूर्वी सिंहभूम के डीपीएम राजू झा ने बताया जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम मंगलवार को समाप्त होगा। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायतों का विकास योजनाओं का चयन ,मानव दिवस सृजन, कार्यों का प्रकार आदि के संबंध में जानकारी दिया जा रहा है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार गोप, डीपीएम पूर्वी सिंहभूम राजू झा, तनुश्री पंडा डीपीएम सराइकेला, बीपीओ रामलगन उरांव, सहायक अभियंता विकाश सिंह, कनीय अभियंता आदि उपस्थित थे।

## टाटा स्टील ने अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जैव विविधता के संरक्षण, वृद्धि और पुनर्स्थापन के लिए प्रतिबद्ध, टाटा स्टील ने जमशेदपुर में विभिन्न स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया। प्रणय सिन्हा, चीफ कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में, शैलेश कुमार सिंह, वाइस प्रेसिडेंट, टाटा वर्कर्स यूनियन के साथ उपस्थित थे। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस की थीम एग्रीमेंट टू एक्शन-बिल्ड बैक बायोडायवर्सिटी है। पौधारोपण अभियान से लेकर वॉल पेंटिंग के माध्यम से जैव विविधता पर बच्चों को संवेदनशील बनाने के लिए कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। दिन की शुरुआत में, जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रहे समर कैंप 2023 के 1200 से अधिक बच्चों ने अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाने के लिए जुबली पार्क में 500 से अधिक पौधे लगाए।

**मंत्री चंपई सोरेन की अध्यक्षता में विभिन्न विभागीय संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न**

# बिलजी व पानी की शिकायत तुरंत निपटाएं




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री झारखंड सरकार चंपई सोरेन के अध्यक्षता में विभिन्न विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक आहूत किया गया। समीक्षा के क्रम में संचालित योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा कर योजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने, सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के तहत योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने तथा क्षेत्र के विकास में महिलाओं के उत्थान एवं गरीब वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने हेतु सभी विभागीय पदाधिकारियो को समन्वय बना कर कार्य करने के निर्देश दिए। कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित प्री मैट्रिक-पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, केंद्रीय योजना मद संविधान की धारा 275/1 अंतर्गत संचालित योजनाएं, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, शहीद ग्राम विकास योजना, सीसीडी योजना, बिरसा आवास, धमकुड़िया भवन/आदिवासी कला केंद्/ सरना/ मसना/ जेहरथान/ हडगड़ी का संरक्षण एवं विकास, अनुसूचित जनजाति छात्रावास जीर्णोद्धार एवं मरम्मत, वनाधिकार अधिनियम समेत विभिन्न योजनाओं का क्रमवार समीक्षा करते हुए कहा ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न योजना अंतर्गत संचालित विकास कार्यों में गति लाते हुए योजना को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करे ताकि योजना के उद्देश्य का लाभ लोगों को मिल सके। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर योजना के लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देकर अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना सरकार का उद्देश्य है पदाधिकारी अति संवेदनशील होकर कार्य करें। विद्युत एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न माध्यम से 100 यूनिट मुफ्त बिजली तथा सेटलमेंट स्कीम प्रचार प्रसार कर लोगो को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। पेयजल विभाग हर गांव टोला में खराब चांपानल/जल मीनार /टंकी का मरामत्ती करें, ऐसे गाँव जहां पेयजल की समस्या है उन गांव में टैंकर के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। नगर निगम आदित्यपुर के विभिन्न वार्ड में पेयजल से संबंधित समस्या की ओर कार्य करने तथा टैंकर के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर निगम आदित्यपुर एवं नगर पंचायत सरायकेला में पेयजल कनेक्शन से संबंधित लंबित आवेदनों का यथाशीघ्र निष्पादन कर शत प्रतिशत लोगों को पेयजल कनेक्शन प्रदान करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना, अंबेडकर आवास, मनरेगा अंतर्गत मानव सृजन, बिरसा हरित ग्राम योजना, फार्म लाइवलीहुड, SHG ग्रुप समेत विभिन्न योजनाओं के समीक्षा कर लंबित आवास योजना को पूर्ण करने हेतु लाभुकों को प्रेरित करने के निर्देश दिए गए,महिलाओं के उत्थान एवं विकास के लिए जेएसएलपीएस एवं समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का लाभ विभिन्न महिला समूह एवं योग्य किशोरियों को जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त अरवा राजकमल, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, परियोजना निदेशक आईटीडीए संदीप कुमार दोराईबुरु, अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, सिविल सर्जन डॉक्टर विजय कुमार सहित अन्य विभागीय एवं प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बिष्टुपुर में बंटी ने लगाई छबील सांसद-विधायक पहुंचे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सिख समाज के पांचवे गुरु अर्जन देव जी महाराज की शहीदी दिवस पर आज बिष्टुपुर मेन रोड कमानी सेंटर के समीप सतिंदर सिंह बंटी, प्रणीत सिंह एवं उनके परिवार की ओर से छबील लगाई गई. इस दौरान राहगीरों के बीच चना व मीठा शर्बत का वितरण किया गया. मौके पर अतिथियों के रुप में सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक सरयू राय, बिष्टुपुर थाना प्रभारी अंजनी सिंह, भाजपा नेता धर्मेन्द्र प्रसाद, एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष परविंदर सिंह, भाजपा नेत्री अरविंदर कौर, कांग्रेस नेता फिरोज खान सहित कई लोग शामिल हुए व अपने हाथों से लोगों में वितरण भी किया. इसके पूर्व सामूहिक अरदास कर लोगों की सेवा शुरु की गई. पूर्वाह्न लगभग 11 बजे से चना व शर्बत वितरण शुरु हुआ, जो अपराह्न 2 बजे तक चलता रहा. इस दौरान सैकड़ों लोगों को शर्बत पिलाकर गर्मी में राहत पहुंचाया. मौके पर श्री बंटी ने कहा कि सिखों के पांचवे गुरु अर्जन देव जी को अपना धर्म छोड़ने के लिये गर्म तवे पर बिठाकर यातनाएं दी गई थी. इसलिये उनकी याद में पूरे माह शिविर लगाकर लोगों की सेवा की जाती है. इसे सफल बनाने में युवराज अग्रहरि, सतवीर सिंह सोमू, दिलीप, मिंटू दास, अभिषेक सिंह, जगतार सिंह नागी, लवली सिंह, सोनू ठाकुर सहित कई लोग सक्रिय रहे तथा लोगों की सेवा की.

## सिंहभूम चैंबर का प्रतिनिधिमंडल वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव से मिल विभिन्न विषयों पर सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोमवार को सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधि मंडल वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव से मिले और विभिन्न मुद्दों पर सुझाव दिये। मानव केडिया मानद महा-सचिव ने बताया की 6 साल के अंतराल के बाद भी राज्य सरकार के संवेदकों को जीएसटी का अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जा रहा है जिस्से उन्हें भारी भरकम वित्त हानि हो रही है। इस विषय पर चैंबर ने वित्त मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। सचिव वित्त एवं कराधान पीयूष चौधरी अधिवक्ता ने बताया की चैंबर के एक सदस्य ने राज्य कर विभाग द्वारा जारी नोटिस में व्याप्त त्रुतिओं की ओर चैंबर का ध्यान आकृष्ट किया था। उससे संबंधित एक ज्ञापन आज वित्त मंत्री, राज्य कर सचिव विप्रा भाल, राज्य कर आयुक्त संतोष वत्स आईआरएस को दिया गया।चैंबर ने सुझाव दिया की केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य सरकार को भी हर नोटिस पर डिन् नंबर बैठाना अनिवार्य करना चाहिए। नोटिस जारी करने वाले अफसर का नाम, नंबर, इमेल एवं ऑफिस का एड्रेस भी हर नोटिस में ज़रूर लिखा होना चाहिए। व्यवसायी को यह सुविधा होनी चाहिए की वो नोटिस का जवाब ऑन लाइन या मेल द्वारा भी दे सके। लगभग 6 वर्ष बीत जाने के बाद भी जी एस टी ट्रिब्यूनल ना बनने पर चैंबर ने असंतोष जताया। चैंबर ने कर समाधान स्कीम में सुधार समेत उसकी अंतिम तिथि बढ़ाने का भी आग्रः वित्त मंत्री से किया। मंत्री ने सभी बातों को गंभीरता पूर्वक सुना एवं उचित कारवाही करने का आश्वासन दिया। संतोष वत्स ने फेक डीलर के विरुद्ध विभाग द्वारा की की जा रही करवाई के बारे में बताया। प्रतिनिधि मंडल में मानद महासचिव मानव केडिया अधिवक्ता एवं सचिव वित्त एवं कराधान पीयूष चौधरी अधिवक्ता शामिल थे।

## टाटा स्टील फाउंडेशन ने सीएचसी मांडू में मेडिकल ब्लॉक का किया नवीनीकरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर/मांडू :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), मांडू में तीन मेडिकल ब्लॉकों को टाटा स्टील फाउंडेशन ने पब्लिक हैल्थ टीम के परामर्श से सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर टीम द्वारा पुनर्निर्मित किया गया । समुदायों के प्रति, समग्र कल्याण और बढ़ी हुई स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति टाटा स्टील फाउंडेशन की प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्चों के लिए एक नया प्रतीक्षालय और एक आकर्षक कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) वार्ड का भी निर्माण किया गया। मेडिकल ब्लॉक के उद्घाटन समारोह में रामगढ़ में जिले के शीर्ष अधिकारियों और टाटा स्टील फाउंडेशन और वेस्ट बोकारो डिवीजन के टाटा स्टील लिमिटेड के वरिष्ठ नेतृत्व ने भाग लिया। मांडू के जय प्रकाश भाई पटेल, विधायक, मांडू सुश्री माधवी मिश्रा, उपायुक्त , रामगढ़, (आईएएस) ने डॉ प्रभात कुमार , सिविल सर्जन-सह-सीएमओ, रामगढ़, श्री सुधीर प्रकाश, बीडीओ, मांडू, जय कुमार राम, सीओ, मांडू, डॉ नितेश कुमार, एमओआईसी, मांडू की उपस्थिति में सामुदायिक केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अनुराग दीक्षित, महाप्रबंधक, वेस्ट बोकारो डिवीज़न, टाटा स्टील, सत्यनारायण नंदी ,हेड, इन्फ्रास्ट्रक्चर, टाटा स्टील फाउंडेशन भी उपस्थित थे। कुपोषण उपचार केंद्र (एमटीसी) वार्ड को विशेष रूप से गंभीर कुपोषण से प्रभावित (एसएएम) बच्चों के लिए बनाया गया है और माधवी मिश्रा, उपायुक्त , रामगढ़, (आईएएस ) ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, %टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा बुनियादी ढांचे का काम उत्कृष्ट रहा है। मैंने कुछ महीने पहले इस मेडिकल ब्लॉक का दौरा किया था और यह जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था।

## इंदरजीत सिंह सर्वसम्मति से बने गम्हरिया गुरुद्वारा के प्रधान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** गम्हरिया गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान पद का चुनाव शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुआ। इस दौरान सर्वसम्मति से आगामी तीन वर्षों (2023-26) के लिए सरदार इंद्रजीत सिंह को प्रधान चुना गया। इस मौके पर मुख्य रूप से सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह, चेयरमैन शैलेंद्र सिंह, महासचिव अमरजीत सिंह, सुरजीत सिंह, गुरचरण सिंह बिल्ला, अमरजीत सिंह, भंवरा मांगो प्रधान, हरजिंदर सिंह, कोषाध्यक्ष गुरनाम सिंह आदि मौजूद थे। इस दौरान वर्तमान कमेटी के चेयरमैन चंचल सिंह, प्रधान डॉ अमरजीत सिंह, ज्ञानी गुरमीत सिंह, निर्मल सिंह, जरनैल सिंह, बलदेव सिंह, चरण सिंह, गुरुदेव सिंह, सौदागर सिंह, बाज सिंह, सुखजीत सिंह, सुरजीत सिंह धनजल, इंदरजीत सिंह सारण, हरबंस सिंह, स्त्री सत्संग सभा की प्रधान राजेंद्र कौर, नौजवान सभा के प्रधान जगजीत सिंह कलसी, जसपाल सिंह, प्रिंस सिंह आदि ने नवनिर्वाचित प्रधान का स्वागत किया।

## बोड़ाम में शादी का झांसा देकर यौन शोषण के आरोप में युवक गिरफ्तार, गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम पुलिस ने रविवार को थाना क्षेत्र के बड़ासुसनी गांव से यौन शोषण के आरोपी एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बताते हैं कि यूपी की एक कंपनी में काम करने वाले करीब 31 वर्षीय निशिकांत महतो ने पटमदा थाना क्षेत्र की लच्छीपुर गांव की एक युवती के साथ पिछले कई सालों से शादी का झांसा देकर यौन शोषण किया। शादी का दबाव देने पर वह जब मुकरने लगा और किसी दूसरे जगह पर शादी की तैयारी करने लगा तो पीड़िता ने युवक के खिलाफ बोड़ाम थाना में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार की दोपहर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। बताते हैं कि जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में स्नातक में पढ़ने वाली लच्छीपुर निवासी छात्रा का मामा घर बड़ा सुसनी में है और वह मामा घर में रहकर ही पढ़ाई करती है। निशिकांत पर आरोप है कि उसने यूपी में जिस जगह काम करता है वहां भी ले जाकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। इसके अलावे जमशेदपुर व अन्य जगहों पर भी ले जाकर उसके साथ संबंध बनाया था। लेकिन शादी की बात पर इनकार करने लगा।

**3 साल से था प्रेम संबंध:** आरोप है कि 15 अगस्त 2020 को पहली बार आरोपी ने बड़ा सुसनी स्थित तालाब किनारे उस वक्त दुष्कर्म किया था जब वह शौच करने के बाद अपने घर लौट रही थी। उस वक्त जब युवती ने परिजनों से इसकी शिकायत करने की बात की तो आरोपी ने उसके साथ शादी करने का आश्वासन दिया। इसके बाद शादी का झांसा देकर वह करीब दो वर्षों तक यौन शोषण करता रहा और शादी की बात को टालता रहा। पिछले दिनों जब वह यूपी से अपनी बहन की शादी के लिए घर आया तो युवती ने फिर से शादी का दबाव बनाया। इस बार आरोपी निशिकांत ने शादी का प्रस्ताव को ठुकरा दिया। इसके बाद युवती अपने मामा घर में असामान्य सा बर्ताव करने लगी और प्यार में मिले धोखे के बाद आत्महत्या करने की योजना बना रही थी कि परिजनों ने उसे बोड़ाम थाना ले जाकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

**पिता शराबी, पढ़ाई प्रभावित होने पर रहने लगी मामा घर में:** स्थानीय लोगों के अनुसार युवती के पिता हमेशा शराब के नशे में चूर रहते हैं इसलिए वह अपनी पढ़ाई को जारी रखने के लिए बड़ा सुसनी स्थित मामा घर में रहने लगी।

## कुटाम जंगल में बीमार चल रही हथिनी काबेरी ने दम तोड़ा, वन विभाग ने दफनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुटाम जंगल में सोमवार को काबेरी नामक एक वृद्ध मादा हाथी की मौत हो गई। हथिनी की मौत की सूचना मिलते ही अगल बगल के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। लोगों ने मृत हथिनी पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना भी किया। हथिनी की मौत की सूचना ग्रामीणों द्वारा वन विभाग के पदाधिकारियों को दिया गया। सुचना मिलते ही वन विभाग की टीम पशु चिकित्सक के साथ कुटाम जंगल पहुंचे व चिकित्सक द्वारा पोस्टमार्टम कर वहीं पर जेसीबी मशीन द्वारा गढ्ढा खोदकर दफना दिया गया। बताया जा रहा है कि वृद्ध हथिनी करीब तीन वर्षो से बंगाल, तमाड़, ईचागढ़ क्षेत्र में विचरण करते रहता था । कुछ दिनों से हथिनी बीमार थी। मौके पर वनपाल राधारमण ठाकुर, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर हरेलाल महतो, डाक्टर रागिणी सिंकू, वनरक्षी कैलाश महतो आदि उपस्थित थे।

## करीम सिटी कॉलेज में चल रहे कौमी एकता सप्ताह के छठवें दिन संगीत प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज साकची प्रांगण में एनएसएस इकाई द्वारा कौमी एकता सप्ताह के छठवें दिन संगीत प्रतियोगिता के फाइनल का आयोजन हुआ। जिसका विषय- बॉलीवुड रेट्रो था। इस मौके पर सभी गायकों ने एक से बढ़कर एक गानों की प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के तौर पर संगीतकार सैयद नदीम, रविंदर सिंह, अफरोज आलम उपस्थित रहे। एकल गायन में प्रथम पुरस्कार स्वर्णेंदु महापात्र, द्वितीय पुरस्कार शिप्रा महंती और तृतीय पुरस्कार आयुष मित्रा को मिला। युगल गायन में प्रथम पुरस्कार स्वर्णेंदु महापात्र एवं प्रेरणा पांडे, द्वितीय पुरस्कार मितुल सरकार एवं हरप्रीत कौर,और तृतीय पुरस्कार हर्ष झा और मुस्कान कुमारी को मिला। सभी निर्णायको को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कौमी एकता सप्ताह का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह कल मंगलवार को मई 3:00 बजे आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि कोल्हान विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रोफेसर जयंत शेखर उपस्थित होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी डॉ आले अली, एनएसएस समन्वयक सैयद साजिद परवेज एवं एनएसएस स्वयंसेवकों का भरपूर योगदान रहा।

## संपादकीय

# राजनीतिक गर्मी में तप रहा है राजस्थान

**राजस्थान** में आपसी खींचतान कांग्रेस के लिए कर्नाटक की जीत का स्वाद खराब कर रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच वर्षों से चली आ रही तकरार अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचती दिख रही है। सचिन पायलट अपनी ही सरकार और मुख्यमंत्री गहलोत के खिलाफ इस चिलचिलाती गर्मी में सड़क पर उतर आए हैं। पिछले पांच दिनों में अपनी 'जन संघर्ष' यात्रा के दौरान उन्होंने राजस्थान में लगभग 125 किलोमीटर की यात्रा पूरी की है। उनकी इस यात्रा में हजारों लोगों के साथ बड़ी संख्या में युवा भी चल रहे हैं। सचिन खुद भी युवा नेताओं में शुमार हैं।

> पिछले विधानसभा चुनाव में सचिन पायलट के कारण कांग्रेस को युवाओं का खूब समर्थन प्राप्त हुआ था। लेकिन स्वयं को ठगा महसूस कर रहे सचिन पायलट को भी लग रहा है कि कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ किए वायदे पूरे नहीं किए हैं। सचिन पायलट के साथ यात्रा में चलने वाले सैकड़ों युवा आगे चुनाव तक पायलट के लिए मददगार बनेंगे। हर जिले और गाँव तक इस यात्रा की प्रमुख बातें पहुचायेंगे। पायलट के साथ चलने वाले ये युवा चुनाव में कई भूमिका निभा सकेंगे। इनमें छात्र नेता भी साथ चल रहे हैं। बहरहाल, अपनी यात्रा के दौरान पायलट खुलकर मुख्यमंत्री गहलोत और कांग्रेस सरकार के खिलाफ मुखर हैं। मीडिया हो या जनता, दोनों के बीच पायलट ने युवाओं के मुद्दों को उठाया है। पेपर लीक का मुद्दा हो या फिर रोजगार की समस्या, पायलट ने युवाओं से कहा है कि हम इन मुद्दों पर अड़े रहेंगे। भ्रष्टाचार के मुद्दे को भी पायलट जोर–शोर से उठा कर कांग्रेस सरकार की कठिनाइयां बढ़ा रहे हैं।

वे राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस के युवा चेहरे हैं। इसलिए सहज भी युवा उनकी ओर आकर्षित होते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में सचिन पायलट के कारण कांग्रेस को युवाओं का खूब समर्थन प्राप्त हुआ था। लेकिन स्वयं को ठगा महसूस कर रहे सचिन पायलट को भी लग रहा है कि कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ किए वायदे पूरे नहीं किए हैं। सचिन पायलट के साथ यात्रा में चलने वाले सैकड़ों युवा आगे चुनाव तक पायलट के लिए मददगार बनेंगे। हर जिले और गाँव तक इस यात्रा की प्रमुख बातें पहुचायेंगे। पायलट के साथ चलने वाले ये युवा चुनाव में कई भूमिका निभा सकेंगे। इनमें छात्र नेता भी साथ चल रहे हैं। बहरहाल, अपनी यात्रा के दौरान पायलट खुलकर मुख्यमंत्री गहलोत और कांग्रेस सरकार के खिलाफ मुखर हैं। मीडिया हो या जनता, दोनों के बीच पायलट ने युवाओं के मुद्दों को उठाया है। पेपर लीक का मुद्दा हो या फिर रोजगार की समस्या, पायलट ने युवाओं से कहा है कि हम इन मुद्दों पर अड़े रहेंगे। भ्रष्टाचार के मुद्दे को भी पायलट जोर–शोर से उठा कर कांग्रेस सरकार की कठिनाइयां बढ़ा रहे हैं। परंतु कांग्रेस नेतृत्व असमंजस की स्थिति में है, वह अशोक गहलोत और सचिन पायलट पर कोई निर्णय नहीं कर पा रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सामने तो आलाकमान बेबस नजर आता है। इसलिए सब यही अंदाजा लगा रहे हैं कि सचिन पायलट की 'जन संघर्ष' यात्रा के बाद भी मुख्यमंत्री गहलोत की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। हालांकि पायलट को लेकर भी कांग्रेस नरम पड़ी है। पूर्व में कांग्रेस के प्रमुख नेता पायलट पर अनुशासनहीनता के आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। परंतु पायलट पर इन धमकियों से कोई दबाव नहीं बनता देख कांग्रेस के नेताओं को अपने सुर बदलने पड़े हैं। पायलट ने कांग्रेस को खूब आईना दिखाया कि अनुशासनहीनता वे नहीं बल्कि मुख्यमंत्री कर रहे हैं जो अपने ही चुने हुए विधायकों पर उल्टे–सीधे आरोप लगा रहे हैं। खैर, राजस्थान की यह राजनीतिक गर्मी अब उबाल पर है, जल्द ही कोई निर्णायक परिणाम दिखाई पड़ सकता है। पूरी संभावनाएं हैं कि सचिन पायलट अपने राहें कांग्रेस से अलग कर लें। जन संघर्ष यात्रा के दौरान उन्हें इस बात का अनुमान भी हो ही गया होगा कि कितनी जनता उनके साथ है और यह भी कि कांग्रेस में रहकर उनका भविष्य क्या रहेगा।

## अमृत कलश

### अर्धनारीश्वर

**शिवजी** का अर्धनारीश्वर रूप उनकी शक्ति का प्रतीक है। शिव एक मात्र महादेव हैं जिनका आधा रूप नारी का आधा रूप पुरुष का है। शक्ति के बिना सृष्टि संभव नहीं है। बिना नारी के किसी का जन्म संभव नहीं है। शिव और शक्ति सृष्टि का मूलाधार है। बिना शक्ति के शिव शव के समान है। शिव बाबा जगत कल्याण और अपने भक्तों के दुख के निवारण के लिये विभिन्न नामों व रुपों में प्रकट होते हैं जो देवताओं के लिये भी संभव नहीं है। इन विभिन्न रुपों से मनुष्यों के साथ देवताओं की भी मुक्ति होती है। शिव बाबा का त्रिदेव में सबसे ज्यादा महत्व है I एक मात्र देव है जिनको महादेव भी कहते हैं एक मात्र देव हैं जिनकी ब्रम्हाण्ड प्रतीक शिवलिंग की पूजा होती है। शिव की पूजा सभी देवी देवताओं ने की थी। सृष्टि की रचना ब्रम्हाजी ने की I विष्णु जी पालक और रक्षक का कर्तव्य निभाते हैं। इसके चलते सृष्टि में जो असन्तुलन पैदा होता है, उसकी जिम्मेदारी शिव बाबा की है। शिव की भूमिका संहारक की है। इसका मतलब यह नहीं है कि वह मृत्यु देने वाले हैं। वह मृत्युंजय हैं वह संहार करके नये बीजों को, व मूल्यों के लिये जगह खाली करते हैं। शिव मंगल के प्रतीक हैं शिव संस्कृति हैं। शिव वस्त्र के रूप में बाघ की खाल को इस्तेमाल करते हैं। यह वस्त्र ऊर्जा का प्रतीक है। चन्द्र समय की निरंतरता का प्रतीक है। सागर मंथन में निकले 14 रत्नों में से जब विष को देवताओं ने ग्रहण नहीं किया तो संसार को विनाश से बचाने के लिये शिव ने उस विष को धारण कर उसकी गर्मी की शांति के लिये अपने मस्तक पर शापित चंद्र को धारण कर उसको सम्मान दिया।यह सन्देश है बुराई को गले से नीचे न उतारने का और शान्ति के लिये मस्तक को शीतल रखने का। शिव अपने तन में विभूति रमाते हैं। शिव अपना श्रृंगार शमशान की राख से करते हैं। शिव का एक रुप सर्व शक्तिमान महाकाल का भी है। शिव जन्म मृत्यु के चक्र को नियंत्रित रखते हैं। उन्होंने गले में सर्प लटकाया हुआ है जो योगीश्वर रूप का प्रतीक है। सांप न तो संचय करता है न ही अपने रहने के लिये घर बनाता है। वह स्वतंत्र रूप से सब जगह विचरण करता है। शिव के गले में सांप की तीन लपेटे हैं जो भूतकाल भविष्यकाल और वर्तमान काल का प्रतीक है। शिव के हाथों में विद्यमान डमरू नाद ब्रह्मा का प्रतीक है जब डमरू बजता है तो उसकी ध्वनि आकाश पाताल पृथ्वी को एक ताल में बांध देती है। यही नाद सृष्टि के सृजन का मूल बिन्दु है। शिव के त्रिनेत्र सृष्टि के सृजन पालन संहार के केन्द्र बिंदु है। एक नेत्र ब्रह्मा दूसरा विष्णु तीसरा स्वयं शिव का रूप माना जाता है। कोई पहले नेत्र को धरती दूसरे को आकाश तीसरे को प्रज्ञा मानते हैं।अग्नि का नेत्र खुला तो कामदेव भस्म हो गये थे।

## बोध कथा

### श्रेष्ठ और महान कौन?

**एक** बार मगध के सम्राट बिम्बिसार संत सत्यकेतु के आश्रम में पहुंचे और दण्डवत होकर निवेदन किया ,"भगवन ! इस विश्व में श्रेष्ठ और महान व्यक्ति कौन है?" सत्यकेतु ने सामने खेत में काम कर रही एक अधिक उम्र की वृद्धा की ओर संकेत करते हुए कहा, 'उधर देखिए, उस वृद्धा के शरीर में शक्ति नहीं है, लेकिन कुदाली चला रही है। जानते हो क्यों?"

**तब सम्राट ने पूछा,"क्यों?"**

सत्यकेतु ने समझाया 100 वर्ष की अशक्त वृद्धा कुंआ अपने लिये नहीं खोद रही है। आप अपने लिये जीते हैं। मैं दूसरों के लिये जीता हूं। लेकिन यह वृद्धा मानव जाति के लिये जीना चाहती है। कुंआ खोदकर यह आते-जाते राहगीरों को पानी पिलायेगी। इसमें शक्ति नहीं है और ना ही इसे कुएं की आवश्यकता है। फिर भी लोक कल्याण की भावना इसमें कितनी है और यह भविष्य की सोच रखने वाली है। इसलिए कहता हूं कि वह विश्व की महानतम प्राणी है।

## भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) दुनिया का सबसे बड़ा व व्यापक अनुसंधान संस्थान है

# कृषि के नये अध्यायों में आत्मनिर्भर भारत की बुनियाद

ललित गर्ग

> नौ वर्ष के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शानस में भारत के उत्कर्ष, नव उदय और उत्थान के अनेक स्वर्णिम अध्याय लिखे गये हैं, इन 9 वर्षों में देश के समग्र विकास और समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक के कल्याण के लिए जो कदम उठाए गए हैं, वे स्तुत्य हैं। कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हमारी 70 फीसदी ग्रामीण आबादी कृषि या उससे जुड़े अन्य कार्यों से अनपी आजीविका चलाती है। ऐसे में उन्नत खेती एवं किसानों के कल्याण के लिये सरकार ने व्यापक प्रयत्न किये हैं और इन प्रयत्नों की पारदर्शिता एवं नरिन्तरता जरूरी है।

**भारत** में उन्नत कृषि की नई इबारत लिखी जा रही है। आत्म-निर्भर भारत की बुनियाद बनाने में कृषि आधार होगी। कृषि के माध्यम से ही भारत दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनने को तत्पर है। वैश्विक स्तर पर भारत की कृषि एक अनुकरणीय उपक्रम बन रही है, भारत कृषि नेतृत्वकर्ता एवं मार्गदर्शक की भूमिका में आ रही है। नौ वर्ष के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शासन में भारत के उत्कर्ष, नव उदय और उत्थान के अनेक स्वर्णिम अध्याय लिखे गये हैं, इन 9 वर्षों में देश के समग्र विकास और समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक के कल्याण के लिए जो कदम उठाए गए हैं, वे स्तुत्य हैं। कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हमारी 70 फीसदी ग्रामीण आबादी कृषि या उससे जुड़े अन्य कार्यों से अपनी आजीविका चलाती है। ऐसे में उन्नत खेती एवं किसानों के कल्याण के लिये सरकार ने व्यापक प्रयत्न किये हैं और इन प्रयत्नों की पारदर्शिता एवं निरन्तरता जरूरी है। कृषि और किसान कल्याण मंत्री के रूप में नरेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व में भारतीय कृषि ने अनूठे नये अध्याय रचे हैं। वर्तमान सरकार ने कृषि को सर्वाधिक महत्व दिया है। अवसर और संसाधन तो पूर्ववर्ती सरकारों को भी पर्याप्त मिले थे, लेकिन परिणाम निराशाजनक ही रहे। कृषि कभी भी उनकी प्राथमिकता का क्षेत्र नहीं रहा। कृषि का प्राथमिकता के क्षेत्रों में आना सुदृढ़ एवं शक्तिशाली भारत का द्योतक है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) दुनिया का सबसे बड़ा व व्यापक अनुसंधान संस्थान है। संस्थान की अब तक की प्रगति प्रशंसनीय है। चाहे उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करना हो, उत्पादकता बढ़ानी हो या जलवायु अनुकूल फसलें उत्पन्न करने की चुनौती हो, हर क्षेत्र में हमारे कृषि वैज्ञानिकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्राचीन काल में परंपरागत खेती के बाद कृषि के क्षेत्र की प्रगति में किसानों के परिश्रम के साथ ही वैज्ञानिकों का अनुसंधान मील का पत्थर साबित हुआ है। अब तक यह यात्रा संतोषजनक रही है, लेकिन देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने के लिए वर्ष 2047 तक अमृत काल में कृषि की चुनौतियों का समाधान, उन पर विजय प्राप्त करने का सरकार का लक्ष्य निश्चित ही सराहनीय है। विगत 9 वर्षों में कृषि क्षेत्र में किए गए भगीरथी प्रयासों के परिणाम अब स्वतः ही दृष्टिगोचर होने लगे हैं। जहां वर्ष 2013-14 में कृषि के लिए बजट में मात्र 21933 करोड़ रुपए था, वहीं इस वर्ष 2023-24 के बजट में 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपए की



धनराशि का प्रावधान कृषि के लिए किया जाना सरकार की दूरगामी सोच को दर्शाता है। 2019 में शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का उद्देश्य हर किसान को प्रति वर्ष 6 हजार रुपए के रूप में ऐसा आर्थिक संबल दिया जा रहा है, जिससे न केवल किसान प्रतिकूल समय में कर्ज के जाल में फंसने से बच सके, बल्कि इस धनराशि से समय पर खाद-बीज की व्यवस्था भी कर सके। अन्याय क्षेत्रों के साथ कृषि क्षेत्र में भारत का वर्चस्व दुनियाभर में बढ़ रहा है, इसके साथ ही दुनिया भर की अपेक्षाएं भी बढ़ रही हैं। 2047 तक नए भारत को गढ़ने का लक्ष्य है। नए भारत के लिए नया विज्ञान, अनुसंधान, नया कौशल तथा नया इनोवेशन चाहिए क्योंकि आने वाला कल नए भारत का है। इसके लिए श्री नरेंद्र मोदी की सरकार नित-नए मंत्रों के आधार पर काम कर रही है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास मोदी का मूलमंत्र है, किसी को न छोड़ते हुए लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ते जाना। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री लाल बहादुर शास्त्री ने नारा दिया था- जय जवान, जय किसान। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इसमें विज्ञान को जोड़ा और मोदी ने इसमें अनुसंधान भी जोड़ दिया है। भारत की कृषि के लिए यह मंत्र बन गया है- जय जवान जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान। कृषि उत्पादों की दृष्टि से उल्लेखनीय तरक्की हुई है, भारत ने 4 लाख करोड़ रु. से अधिक का निर्यात किया है, जो अब तक का सबसे अधिक है। प्राकृतिक खेती व जैविक खेती पर बल देने के कारण इस तरह के उत्पाद दुनिया में और भी ज्यादा लोकप्रिय होने वाले हैं। जिससे भविष्य में निर्यात और बढ़ेगा, इसके लिये जरूरी है कि कृषि उत्पादन की गुणवत्ता वैश्विक मानकों पर खरी उतरने वाली हो, इस पर विशेष ध्यान देना होगा। प्राकृतिक खेती पर सरकार का बल है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का आग्रह है कि हम प्राकृतिक खेती यानी गाय आधारित खेती करें। वेस्ट टू वैल्थ का काम हो। हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा भी अधिक रहे। निश्चित ही प्राकृतिक खेती अब भारत की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति के अंतर्गत 8 राज्यों आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, केरल, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश व तमिलनाडु में 4.09 लाख हेक्टेयर क्षेत्र कवर किया गया है। सरकार प्राकृतिक खेती को जन आंदोलन बनाने की राह पर हैं और राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत देश के 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। मोदी का यह मिशन मृदा, किसान, कृषि और आमजन सभी के लिए हितकारी साबित होगा, इससे किसानों की समृद्धि बढ़ेगी एवं कृषि का क्षेत्र सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगा। संपूर्ण दुनिया की खान-पान से जुड़ी विसंगतियों और उनसे उपजती स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निदान की दिशा में भारत सरकार की पहल पर संयुक्त राष्ट्र का वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया गया है। श्रीअन्न यानी मिलेट के उत्पादन, संवर्धन एवं विकास में भारत की अगुवाई बेहद महत्त्वपूर्ण कदम है। श्रीअन्न यानी मोटे अनाज को जनआंदोलन बनाने से जहां हमारी खाद्य विसंगतियों में सुधार आएगा, वहीं पोषण में भी सुधार होगा। साथ ही छोटे और मझोले किसानों के लिए भी श्री अन्न की खेती वरदान साबित होगी। कम पानी में होनी वाली ये फसलें बहुत उपयोगी साबित होंगी। मोदी ने ही मोटे अनाज की उपयोगिता को उजागर किया है, जिससे दुनियाभर में मोटे अनाज के लिये लोगों का आकर्षण बढ़ रहा है, भारत के योग एवं अहिंसा की ही भांति मोटे अनाज से दुनिया में भारत एक नयी पहचान बनाने के लिये अग्रसर है। देश के समग्र और संतुलित विकास को आगे बढ़ाया जा रहा है। जब समग्र विकास की बात करें तो कृषि का क्षेत्र देश के बैकबोन की तरह होना ही चाहिए। जलवायु परिवर्तन जैसी विभिन्न समस्याएं, किसानों की खड़ी फसलों में प्राकृतिक प्रकोप से नुकसान होने की चुनौती जैसे जटिल हालातों में नए भारत में कृषि की नई टेक्नालॉजी, नए अनुसंधान से कृषि एवं किसानों को जोड़ना हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए। किसानों की आमदनी भी बढ़नी चाहिए, उनके घर में समृद्धि दिखे तथा गांवों को और कृषि क्षेत्र को समृद्ध किया जाये, तभी भारत वास्तविक रूप में नया भारत बन सकेगा।

# खुशियों भरी सफलता

> पश्चिमी दुनिया में और भारतीय संस्कृति में जो एक मूलभूत अंतर है वो यह भी है कि यहां हम अनपे ज्ञान को शौक नबा लेते हैं, व्यवसाय नहीं नबाते। पश्चिमी देशों में, खासकर अमेरिका में बच्चे यही सीखते हैं कि अनपे ज्ञान को, अनपे पैशन को ही अनपा व्यवसाय भी नबा लो।जापान में तो इकीगाई के न ाम से पूरी संस्कृति ही इस बात पर टिकी है कि अनपे ज्ञान और पैशन को ही अनपा व्यवसाय भी नबा लो। जिस बिनजेस को चलाने में और बढ़ाने में आनंद भी मिले, वह तो सोने पर सुहागा जैसा है। यह जानते हुए भी हम ज्ञान को पैशन से आगे न हीं बढ़ाते, उसे अनपे व्यवसाय में नहीं बदलते, उसे अनपी आय का सानध या अतिरिक्त आय का सानध नबाने की बात न हीं सोचते। इकीगाई के चार स्तंभ हैं निजमें से पहला है पैशन, यानी धुन। किसी काम की धुन होना, इस हद तक उसके पीछे पडऩा कि वो नसक नब जाए। वो होता है पैशन। इकीगाई का दूसरा स्तंभ है मिशन, यानी लक्ष्य, जीनव का लक्ष्य। तीसरा स्तंभ है वोकेशन, यानी वह काम जिसमें रुचि हो, वह व्यवसाय जिसमें रुचि हो।

**हम** सब जानते हैं कि सैर पर जाना सेहत के लिए अच्छा है। हम सब जानते हैं कि भोजन चबा-चबाकर खाना सेहत के लिए अच्छा है। हम जानते हैं कि यह सच है, मानते भी हैं कि यह सच है, पर जानते और मानते हुए भी हम उसे जीवन में नहीं उतारते। अक्सर ऐसा ही होता है, ज्यादातर लोगों के साथ ऐसा ही होता है। हम सब जानते हैं कि कुछ नया सीखना अच्छा है क्योंकि इसके कई लाभ हैं। पहला लाभ तो यही है कि हमने कुछ नया सीख लिया, दूसरा लाभ यह है कि यह समय का सदुपयोग है, तीसरा लाभ यह है कि जब हम कुछ नया सीखते हैं तो हमारे मस्तिष्क का व्यायाम होता है, हमारे मस्तिष्क के न्यूरॉन नये तरीके से जुड़ते हैं और हमारी याद्दाश्त तेज होती है, चौथा लाभ यह है कि अगर हम कुछ नया सीखते हैं तो हम अपने उस नये ज्ञान को अपनी आय का साधन भी बना सकते हैं। पश्चिमी दुनिया में और भारतीय संस्कृति में जो एक मूलभूत अंतर है वो यह भी है कि यहां हम अपने ज्ञान को शौक बना लेते हैं, व्यवसाय नहीं बनाते। पश्चिमी देशों में, खासकर अमेरिका में बच्चे यही सीखते हैं कि अपने ज्ञान को, अपने पैशन को ही अपना व्यवसाय भी बना लो। जापान में तो इकीगाई के नाम से पूरी संस्कृति ही इस बात पर टिकी है कि अपने ज्ञान और पैशन को ही अपना व्यवसाय भी बना लो। जिस बिजनेस को चलाने में और बढ़ाने में आनंद भी मिले, वह तो सोने पर सुहागा जैसा है। यह जानते हुए भी हम ज्ञान को पैशन से आगे नहीं बढ़ाते, उसे अपने व्यवसाय में नहीं बदलते, उसे अपनी आय का साधन या अतिरिक्त आय का साधन बनाने की बात नहीं सोचते। इकीगाई के चार स्तंभ हैं जिनमें से पहला है पैशन, यानी धुन। किसी काम की धुन होना, इस हद तक उसके पीछे पडऩा कि वो सनक बन जाए। वो होता है पैशन। इकीगाई का दूसरा स्तंभ है मिशन, यानी लक्ष्य, जीवन का लक्ष्य। तीसरा स्तंभ है वोकेशन, यानी वह काम जिसमें रुचि हो, वह व्यवसाय जिसमें रुचि हो। चौथा और अंतिम स्तंभ है प्रोफेशन, यानी वह व्यवसाय जिसमें महारत हो, कुशलता हो, जिस काम में हम कुशल हों, जिसे हम सरलता से और ठीक तरीके से कर सकें। इन चारों के मेल से बनता है इकीगाई। इसे थोड़ा और समझते हैं। जब सिर्फ पैशन और प्रोफेशन मिलते हैं, यानी वह काम जिसकी हमें धुन लगी हो, सनक हो और हमें उसमें महारत भी हो, हम वो करने लग जाएं तो तसल्ली तो बहुत होती है लेकिन धीरे-धीरे यह भी समझ आने लगता है कि हमारी इस धुन का और इस महारत का दुनिया के लिए कोई उपयोग नहीं है, तो आखिरकार अनुपयोगी होने की स्थिति खलने लगती है। इसी तरह अगर पैशन के साथ मिशन भी मिल जाए, यानी हम कोई ऐसा काम करना शुरू कर दें जिसकी हमें धुन भी थी और वही हमारे जीवन का लक्ष्य भी था तो खुशी तो बहुत मिलती है पर उसे हम ऐसे व्यवसाय में नहीं बदल सकते जिससे हमें धन भी मिले। हमें समझना होगा कि हम सांसारिक व्यक्ति हैं, परिवार भी चलाना है और परिवार चलाना है तो धन भी चाहिए ही। कहा भी गया है कि 'भूखे भजन न होई गोपाला'। इसी का अगला पक्ष है कि हम कोई ऐसा काम करना शुरू कर दें जिसमें हमें रुचि हो और वही हमारे जीवन का लक्ष्य भी हो, यानी मिशन और वोकेशन मिल जाएं और हम उसे व्यवसाय बना लें तो यह तो सच है कि हम खूब उत्साह से काम करेंगे, संतोष भी होगा कि हम वही कर रहे हैं जो करना चाहते हैं लेकिन उसमें हमेशा एक अनिश्चितता बनी रहेगी क्योंकि उस काम का केंद्र हम हैं, लोग नहीं। हमने यह नहीं देखा कि लोगों को उसकी जरूरत है या नहीं। हमने यह नहीं देखा कि हमारे उस काम की बाजार में भी कोई मांग है या नहीं, क्योंकि दुनिया को उसकी जरूरत तो है पर वो उसके लिए पैसे नहीं देना चाहते, खर्च नहीं करना चाहते। इसकी जगह हम किसी ऐसे व्यवसाय में पड़ जाएं जिसमें हमारी रुचि है और महारत भी है, हम उसे कुशलतापूर्वक कर भी सकते हैं, यानी वोकेशन और प्रोफेशन मिल जाएं तो हमें धन तो मिलेगा पर संतोष नहीं होगा। हम हल में जुते हुए बैल की तरह बन जाते हैं जो काम तो करता है, पर एक ही दायरे में घूमता रहता है। आत्मसंतोष के बिना किया जाने वाला व्यवसाय, चाहे उसमें कितना ही धन क्यों न हो, अंततः जीवन में खालीपन का एहसास करवाता है। इसीलिए इकीगाई संस्कृति का मानना है कि हम ऐसा व्यवसाय चुनें जिसमें इकीगाई के चारों स्तंभों का संतुलन हो, यानी पैशन (धुन), मिशन (जीवन का लक्ष्य), वोकेशन (रुचि) और प्रोफेशन (वह व्यवसाय जिसमें हम कुशल हों), ये चारों मिल जाएं तो इकीगाई हो जाती है, यानी जीवन में पूर्णता आती है, संतुलन आता है, समृद्धि आती है और खुशी भी आती है। मैं इसे 'खुशियों भरी सफलता' कहता हूं जिसका अर्थ है कि हम जीवन के हर क्षेत्र में सफल हैं, हमारा परिवार खुशहाल है, हमारे रिश्तों में मिठास है और हमारे पास सुख-सुविधा के आवश्यक साधन भी हैं। इस सीख के तीन चरण हैं। पहला चरण है जानना, किसी तथ्य को जानना, उसकी जानकारी होना, उसका पता होना। दूसरा चरण है मानना, यह मानना कि हां, यह सच है, संभव है, डू-एबल है, करने योग्य है। तीसरा चरण है ठानना, यह ठान लेना कि इसी को जीवनयापन का, आय का, या कम से कम अतिरिक्त आय का साधन बनाएंगे। जानने और मानने की बात हम शुरू में ही कर चुके हैं। वहां तक कुछ खास नहीं होता, जब तक कि हम ठान न लें, यानी एक्शन न लें, उसे जीवन में न उतारें, उसका कार्यान्वयन न करें। लेकिन जैसे ही हम ठान लेते हैं तो चमत्कार होने शुरू हो जाते हैं। रास्ते की कठिनाइयां दूर करने के लिए नये-नये विचार आने शुरू हो जाते हैं। योजना को अमलीजामा पहनाने में देर तो हो सकती है, साधन इक_ करने में भी अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन धीरे-धीरे उनके समाधान निकल आते हैं, संयोग बनते चलते हैं, चमत्कार होते चलते हैं और काम बन जाता है। ठान लेने की बात है, सब कुछ यहीं से शुरू होता है। कोविड के जब नौकरियां गईं, व्यवसाय बंद हुए और बिजनेस माडल बदलने पड़ गए, तब समझ आया कि आपका ज्ञान, आपकी पैशन, आपका व्यवसाय भी बन सकता है। बेरोजगारी सामने थी तो सोचना शुरू हुआ, कोशिश शुरू हुई और आखिरकार दिन फिरे क्योंकि यह स्पष्ट हो गया था कि कोशिश करेंगे तो हल निकलेगा, आज नहीं तो कल निकलेगा, जो आज है थमा-थमा सा, वो भी चल निकलेगा। अब हमें करना सिर्फ यह है कि हम उस पाठ को न भूलें, जीवन में इकीगाई को अपनाएं, पूर्णता को अपनाएं, व्यावसायिक दृष्टि से सफल हों और रिश्ते भी मजबूत बनाएं, मिठास भरे बनाएं ताकि जीवन में खुशहाली भी हो। ऐसा होगा तो इकीगाई हो जाएगी, खुशियों भरी सफलता आएगी। यही करना है, बस यही करना है।

# दिवालिया की स्थिती में पहुंचा पाकिस्तान



**(आलेख : श्रीयम त्रिपाठी आदियोगी, छात्र नेता, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद)**

एक ओर पाकिस्तान हाहाकार की स्थिति झेल रहा है। वहीं दूसरी ओर भारत के साथ रिश्ते को बेहतर करने का विकल्प भी तलाश रहा है। मगर यह बात तो पाकिस्तान को तब सोचनी चाहिए थी जब वह हमारे साथ आस्तीन के सांप की तरह पेश आता था। पाकिस्तान में अनाज, भोजन, कपड़ा तथा सबसे बड़ी तकलीफ ÷सुरक्षा÷ की है। पाक में रहने वाले वहां के स्थानीय निवासी भी वहां पर रहने वालों से परेशान है। वर्ष 2014 में पाकिस्तान के पेशावर में हुए स्कूली हमले में कई बच्चों की हत्या कर दी गई थी। यह हत्या उसी मुल्क स पनपने वाले संगठन आईएसआईएस के अपराधियों के द्वारा किया गया था। बेचारे मासूम बच्चे उन्होंने कौन सा जुर्म किया था, जिसके कारण उन्हें मौत के घाट उतार दिया गया। वहां पर रहने वाली महिलाओं के साथ वहां के पुरुष भी अच्छे से नहीं पेश आते हैं क्योंकि आज भी वहां तीन तीन बेगम रखने की प्रथा है। खैर, यह सब बातें तो आम है। असल मुद्दा तो कुछ और ही है। वह मुद्दा जो बरसों से चलता आ रहा है। वह मुद्दा जिसके वजह से पाक हमेशा हमें आंख दिखाता है। उस मुद्दे का जुड़ाव पीओके से शुरू होकर भारत के ऊपर कब्जा करने पर आकर रूकता है। मुद्दा तो एक वक्त में राम मंदिर भी था, धारा 370 भी था, तीन तलाक भी था। जनता तो यही सोचती है इसका जुड़ाव तो केवल भारत से है मगर लोगों को यह नहीं पता कि पाकिस्तान भी हमारे एक एक गतिविधियों पर नजर रखता है। इतना कुछ सहने के बाद यदि भारत इन सब का हिसाब कर दे, तो क्या पाकिस्तान पाकिस्तान बचेगा। क्या वह आतंकी संगठन जो आईएसआईएस तथा अन्य नामों से प्रसिद्धि प्राप्त कर भारत तथा अन्य देशों पर हमला करने की कोशिश करते हैं वह बचेगा। अगर आने वाले समय में पाकिस्तान को भारत अपने अखंड भारत में सम्मिलित कर दे, तो पाक की स्थिति देखने लायक होगी। अभी तो पाकिस्तान केवल रोटी, पानी, तेल के लिए तरस रहा है। मगर वहां की जनता जानती है इमरान सरकार को। यह वही इमरान खान है जिसके कार्यकाल में पाकिस्तान की स्थिति दिवालिया के जैसे हो गई थी। जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही थी और यह देश का पैसा अपने निजी पार्टियों में बर्बाद कर रहे थे। जिस देश में खाने को ना हो उस देश का राजा अपने रंगीन पार्टियों में कैसे व्यस्त हो सकता है? यदि है तो उसे जनता केवल एक वोट बैंक नजर आती होगी। उसे जनता का दुख कभी नजर नहीं आएगा। भाईचारे के नाते हर बार भारत-पाकिस्तान को नजरअंदाज करता आया है, मगर यह कैसा भाईचारा है जहां एक भाई अपने दूसरे भाई का कत्ल करने पर टूटे हुए है। भारत ने अपने शक्ति का प्रदर्शन तो उसी वक्त कर दिया था जब पाक ने हमारे जांबाज सिपाही ÷अभिनंदन÷ को गिरफ्तार किया था। जिस वक्त अभिनंदन की गिरफ्तारी हुई थी, उस वक्त वहां के लोकसभा में वहां के विदेश मंत्री का बयान था की ÷जल्द से जल्द अभिनंदन को रिहा किया जाए अन्यथा भारत हमला कर देगा। यह बयान था अभिनंदन के खिलाफ पाक लोकसभा में। बाद में उन्होंने भारत को अपना निशाना बनाने का कोशिश किया था मगर जो देश दिवालिया होने के कगार पर आ खड़ी हो और उस देश का प्रधानमंत्री चुप हो तो इससे यही साबित होता है कि देश खतरे में है। जनता खतरे में है। पार्टियां आती है जाती है, नेता आते हैं जाते हैं, मगर इनका किया धरा कई पीढ़ियों को भुगतना पड़ता है। पाकिस्तान में प्रधानमंत्री से अधिक शक्ति वहां के आर्मी चीफ के पास होती है। यह किस प्रकार की लोकतांत्रिक देश है। इतने बिगड़ते हुए हालात में भी यदि पाकिस्तान न समझे तो स्थिति कितनी भयावह हो सकती है, ये सोचने वाली बात है।

## नागरिक बोध

# मौसमों की उठापटक का उपहार

**बंधु** मौसम बदल रहा है? जी नहीं, वह मौसम नहीं कि जिसमें हम सिर हिला कर कहें कि अरे इस बार तो गर्मी पड़ी ही नहीं। चिलचिलाती हुई गर्मी का महीना क्या इस बार केवल किताबों में ही दिखाई देगा? यहां तो आलम यह है कि दो दिन भरपूर गर्मी पड़ती है और तीसरे दिन ऐसे भरपूर बादल घिर-घिर आते हैं, अन्धड़ चलती है, बारिश और ओले तक गिर कर हमारे घर आंगन को सराबोर कर देते हैं। लीजिए, जैसा हमारा यह तपता हुआ मैदानी इलाका न हुआ। इस शहर में चिरापूंजी घुस आया हो। अजी इतनी दूर जाने की जरूरत ही क्या है? करीब रहना है तो अपने शहर में धर्मशाला की आमद महसूस कर लो। इन बदलते मौसमों का क्या कहें? लम्बा वक्त हो गया, शायद पूरा डेढ़ साल, जब से अपने शहरों में हम वायरस कहलाने वाले आगन्तुकों का प्रवेश महसूस कर रहे हैं। यह वायरस अचानक प्रकट होते हैं और आपको महामारी का तोहफा दे जाते हैं। लीजिये साहिब, जब यह महामारी ही आपका पीछा न छोड़े, लहर दर लहर चली आये, ठंड, कंपकपी, खांसी, तेज बुखार और फिर फेफड़ों की घुटन बांटती फिरे। अच्छे भले लोगों को बिस्तर पर डाल दे। मौतों के अम्बार लगा दे, परन्तु आप इसे अभिशाप कहिए, तोहफा क्यों और कैसे कहने लगे? क्या भाषा का अपना सब ज्ञान भूल गए। 'जी नहीं, विद्वान कहां भूलते हैं सब कुछ।' फिर संक्रमण के रूप बदल कर लौट आने को इन्सानों पर वज्रपात नहीं, तोहफा कहने की धृष्टता क्यों करते हैं। जरूर इनमें उनका मानवीय चेतना को जगाने का कोई संदेश छिपा होगा। सामाजिक अंतर रखने का कोई आग्रह या मास्क या सैनेटाइजर के पुनः प्रयोग की कोई चेतना छिपी होगी जिसे उन्होंने तोहफा कह दिया। नहीं बन्धु, जिन्दगी इतनी सरल और नये-नये डिजिटल हुए भारत के उस वैबीनार नुमा जहां की तरह नहीं कि जहां आपने शब्दों के अर्थ का रूप बदल कर उन्हें एक तालियां बजाने वाली आदर्शवाद धरातल दे दी। परन्तु अगर रूप बदलने की बात ही करनी है, तो महामारी की लहर दर लहर को प्रणोता उस धूर्त वायरस के बदलते रूपों की पहचान क्यों न करो? पिछले डेढ़ साल से इसने अच्छी-भली जिन्दगियों को बंद घरों के अजनबी कमरों में कैद रहने की मजबूरी बना दिया है। सुबह, दोपहर, शाम के चेहरे बदल दिये हैं। सुबह उठने पर धर्म स्थानों की जगह अपने अन्तस में ईश्वर टटोलने का संदेश दे दिया है। दोपहर में मुंह का बुर्का ओढ़ कर दो हाथ दूर से बतियाने का संदेश अलगाव का निगाहबान बना दिया और शाम अकेलेपन की उन अनुभूतियों से सनी हुई है जहां कहवा घरों से मयखानों के दरवाजों तक तुम्हें आमंत्रित नहीं करते और छविगृहों से लेकर क्लब घर तुम्हारे बैठक कक्षों में सिमट आये हैं। यहां बीवी की नुक्ताचीनी और बच्चों की छीना-झपट तुम्हें जीवन के क्षणभंगुर हो जाने का संदेश देती रहती है। तब फिर जवाब दो तुमने इस बदले जीवन के चेहरे पर तोहफे का नकाब ओढ़ाने का साहस कैसे कर लिया? अजी आलीजाह हमने यह साहस कहां किया। हम तो अभी भी उसी फुटपाथ पर हैं, अच्छे दिन आ जाने के किसी नये भाषण पर विश्वास करते हुए।

# डीएमएफटी एवं जिला योजना विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद से संचालित एवं जिला योजना विभाग अंतर्गत जिले में क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। अमृत सरोवर योजना के तहत लघु सिंचाई प्रमंडल द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई तथा वैसी योजनाएं जहाँ काम बिल्कुल नहीं हुआ है या कम हुआ है, उनकी जानकारी लेते हुए उपायुक्त श्री अबु इमरान ने जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम सभा द्वारा चयनित सभी योजनाओं को (डीएमएफटी) के गाइडलाइन का अनुसरण करते हुए ससमय पुर्ण किया जाए। बैठक में सिविल सर्जन से लंबित प्रस्तावों यथा टी बी वार्ड, मुख्य अस्पतालों में ट्रॉमा सेंटर, सदर अस्पताल में मॉड्यूलर ओ टी, ई-टेलीमेडिसिन एवं अन्य की जानकारी लेते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिया। शिक्षा पदाधिकारी से सभी किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में बेंच डेस्क की बुनियादी सुविधा उपलब्ध रहे। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए पेयजल समस्या के निराकरण हेतु जरूरी दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन दूरदर्शिता को मद्देनजर रखते हुए किया जाए तथा जल संरक्षण और भूजल पुर्नभरण को प्राथमिकता में रखते हुए सभी कार्यों का संचालन किया जाए। जिले में संचालित आंगनबाड़ियों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने सभी ऐसे आंगनबाड़ी जिसका जीर्णोद्धार किया जाना चाहिए या जहाँ मरम्मती की आवयश्कता है वैसे आंगनबाड़ियों में तत्परता से उपरोक्त कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया तथा ये भी निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ियों में मूलभूत सुविधाएं यथा पेयजल व्यवस्था, शौचालय व्यवस्था आदि उपलब्ध रहें।उपायुक्त ने जिला योजना विभाग अंतर्गत सभी संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी संचालित कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। अनुमंडल पुस्तकालय समेत अन्य सभी क्रियान्वित योजनाओं की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा की किसी भी परिस्थिति में विकास कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए और तय समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने सभी कार्य कर रहे एजेंसी को निर्देशित किया की आगामी मानसून से पूर्व विकास कार्यो से संबंधित सभी तैयारी पूर्ण कर लें ताकि कार्य अबाधित रहे।बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, सिविल सर्जन चतरा श्यामनंदन सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र समेत सभी संबंधित उपस्थित थे।

## महुआडांड़ में अधर में है जल-नल योजना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड के विभिन्न पंचायत में जल नल योजना अन्तर्गत अप्रैल माह तक सभी को हर घर में नल लगाकर पानी सप्लाई कार्य पूरी करने का निर्देश मुख्यमंत्री द्वारा लातेहार आगमन के दौरान अपने भाषण में कहा गया था। इसके वावजूद गढ़बुढ़नी व दुरूप पंचायत के ग्राम चुटिया, पहाड़कापू डाड़कापू, केवरकी, लुरूगुमी, दौरा, दुरूप, पुरानेडीह सहित कई अन्य गाँव में जल मीनार बना कर खड़ा कर दिया गया है। कहीं तो सिर्फ टावर बनाकर काम अधूरा छोड़ दिया गया है। ग्राम लुरूगुमी खुर्द में जल मीनार लगाने से संबंधित समान जमीन पर बिखरे पड़े हुए हैं। अभी तक इन गांवों में जल नल योजना अन्तर्गत एक भी घर में पानी सप्लाई शुरू नहीं हुई है। जबकि सरकार द्वारा मार्च व अप्रैल माह तक सभी घरों को जल नल योजना से जोड़ देना था।वही दुरूप पंचायत में फिलहाल जल नल योजना अन्तर्गत बोरिंग करने काम किया जा रहा। बोरिंग भी कहीं कहीं सौ फिट कर छोड़ दिया जा रहा ग्रामीणों ने बताया कि बोरिंग करने वाले ऑपेटर कितना बोरिंग करना की जानकारी उपलब्ध नहीं कराया जाता है।इस संबंध में कई ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी बढ़ते ही जलस्तर काफी नीचे जा रहा है नदी भी सुखने के कगार पर है। मई महीने शुरू होते ही पीने के पानी का संकट गहराने लगा है। इसकी शिकायत जनप्रतिनिधियों व अधिकारी से करने के बाद भी इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा ने किया बैठक



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत के विद्यालय परिसर में दिनांक 22मई सोमवार को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा चतरा के द्वारा एक बैठक किया गया। जहां बीटीएम दिनदयाल कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा चलाए गए केसीसी ऋण माफी योजना का लाभ जिन किसान भाइयों को नहीं मिला है अति शीघ्र ईकेवाईसी करावे। तभी ऋण माफी योजना का लाभ मिलागा। तथा गोवर्धन योजना के लाभ भी बताए। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजना गांव में मवेशियों के गोवर और अन्य जैविक कचरे का प्रबंधन करने में स्थानीय लोग की सहायता की जाएगी। जिससे लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। और आय का अतिरिक्त स्रोत भी प्राप्त होगा। यही नहीं इन संयंत्रों की मदद से बायोगैस और जैविक खाद भी बनाई जाएगी। इसके उपयोग से किसानों की आय भी बढ़ेगी और घरेलू बचत भी की जा सकेगी। प्रखंड के सभी पंचायतों में लगभग 50 एकड़ जमीन पर मडुवा की खेती करने की लक्ष्य है जिससे किसान भाइयों को लाभ तथा बीमारियों से बचाया जा सकता है तथा रसायनिक खाद खाद का प्रयोग कम करना एवं गोबर खाद का मात्रा बढ़ाना। मौके पर उपस्थित उप मुखिया विकास कुमार पांडेय समाजसेवी प्रसादी पासवान विकास कुमार विकु रंजीत यादव रोहित कुमार दांगी मनोज दांगी नीलम देवी गीता देवी रजनी देवी लक्ष्मण रजक एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## एसबीआई खाताधारकों की बढ़ी परेशानी खाता से मोबाइल नंबर रजिस्टर नहीं होने पर यत्र-तत्र नहीं निकाल पा रहे पैसे

**मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपने ग्राहकों की चिंता को बढ़ा दिया है। दरअसल स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के हजारों ऐसे ग्राहक है जो अपना मोबाइल नंबर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की खाता से रजिस्टर्ड नहीं कर रखे हैं ऐसे में इनलोगों के लिए मुसीबतें और बढ़नेवाली है।गौरतलब है कि पिछले सप्ताह से जिन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाताधारकों का खाता से मोबाइल नंबर रजिस्टर नहीं है और जिन खाताधारकों के मोबाइल पर पैसे की निकासी करने के बाद मैसेज नहीं आता है ऐसे सभी ग्राहकों को अन्य स्थानों पर से पैसा निकालने के बजाय अब बैंक के चक्कर लगाने पड रहे हैं।आपको बता दें कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में अधिकांश बुजुर्ग लोगों का खाता है जिनका पेंशन आता है। इन बुजुर्ग लोगों का खाता आधार से लिंक था जिसके कारण ऐसे महिला व पुरुष अन्य स्थानों पर जाकर अपनी जरूरत के हिसाब से पैसे की निकासी किया करते थे और अब ऐसे लोगों को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया परेशानी बढ़ा दी है।स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को बुजुर्गो का ख्याल रखना चाहिए।

# नियोजन नीति को लेकर सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो ने समाहरणालय से लगाई दौड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड में खतियान आधारित नियोजन नीति को लेकर पूर्व विधायक अमित महतो युवाओं के साथ दौड़ रहे हैं। लातेहार के युवाओं में जागरुकता लाने के उद्देश्य से उन्होंने इस विधानसभा क्षेत्र में 21 किलोमीटर की दौड़ लगाई। झारखंड में खतियान आधारित नियोजन नीति बनाने की मांग को लेकर सिली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अमित महतो युवाओं के साथ कड़ी धूप में दौड़ लगा रहे हैं। सोमवार को लातेहार जिला मुख्यालय में भी उन्होंने युवाओं के साथ 21 किलोमीटर की दौड़ लगाई। दौड़ की शुरुआत उन्होंने समाहरणालय गेट से प्रारंभ की।इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के निर्माण के 22 वर्ष गुजर जाने के बाद भी आज तक यहां कोई स्पष्ट नियोजन नीति नहीं बन पाई है। ऐसे में यहां के स्थानीय युवकों को किसी प्रकार का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है. इसी मुद्दे को लेकर पूर्व विधायक अमित महतो झारखंड में खतियान आधारित नियोजन नीति के निर्माण को लेकर झारखंड के सभी विधानसभा क्षेत्रों में यात्रा कर रहे हैं। राज्य के 52 विधानसभा क्षेत्रों दौड़ यात्रा पूरी करने के बाद रविवार को पूर्व विधायक अमित महतो लातेहार पहुंचे. उन्होंने लातेहार में 21 किलोमीटर तक युवाओं के साथ सड़कों पर दौड़ लगाई।पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि उनका इस यात्रा का एकमात्र मकसद राज्य में खतियान आधारित नियोजन नीति का निर्माण करवाना है।

# पांच दिवसीय योग शिविर का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** बारियातु प्रखंड अंतर्गत डाढ़ा पंचायत के पुकचु ग्राम में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सोमवार को युवा भारत लातेहार जिला प्रभारी घनश्याम योगी ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। शुभारंभ के पश्चात उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि योग करने से मनुष्य का शरीर स्वस्थ और निरोग रहता है। योग हर बिमारी से लड़ने का मंत्र है। वहीं शिविर में आए सभी लोगों को योगी द्वारा लाइट एक्सरसाइज, भस्त्रीका, कपालभांति, अनुलोम-विलोम इत्यादि आसन प्राणायाम कराया गया। इस योग शिविर में राजेन्द्र यादव, शिव प्रसाद यादव, बहादुर यादव, भोमपाल यादव, पिन्टु यादव, अशोक यादव, बृजलाल यादव देवनारायण यादव, सुरेन्द्र यादव, चन्द्रिका यादव, दिनेश्वर यादव, विकाश यादव, महेश यादव, राजेश यादव, अनरूद यादव, बसंत यादव, महेश्वर यादव, उमेश यादव सहित कई लोग शामिल हुए। डाढ़ा पंचायत के पुकचु ग्राम में पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ सोमवार को युवा भारत लातेहार जिला प्रभारी घनश्याम योगी ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। शुभारंभ के पश्चात उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि योग करने से मनुष्य में कोई बीमारी नहीं होता है और शरीर स्वस्थ रहता है। योग हर बिमारी से लड़ने का मंत्र है। वहीं शिविर में आए सभी लोगों को योगी द्वारा लाइट एक्सरसाइज, भस्त्रीका, कपालभांति, अनुलोम-विलोम इत्यादि आसन प्राणायाम कराया गया। इस योग शिविर में राजेन्द्र यादव, शिव प्रसाद यादव, बहादुर यादव, भोमपाल यादव, पिन्टु यादव, अशोक यादव, बृजलाल यादव देवनारायण यादव, सुरेन्द्र यादव, चन्द्रिका यादव, दिनेश्वर यादव, विकाश यादव, महेश यादव, राजेश यादव, अनरूद यादव, बसंत यादव, महेश्वर यादव, उमेश यादव सहित कई लोग शामिल हुए।

## बिजली की लोडशेडिंग से परेशान है महुआडांड़

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिजली की लोशेडिंग से भीषण गर्मी में लोग बेहाल हो गये हैं। ठीक ढंग से बिजली की आपूर्ति नहीं होने से लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। नियमित रूप से बिजली आपूर्ति की मांग बेअसर हो रहा है। पिछ्ले दस दिनों से शाम होते ही बिजली आपूर्ति काट दी जा रही है। दिन में भी कई घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। इस संबंध में बिजली ऑपेटर ने बताया कि गुमला रायडीह रूट से लोडशेडिंग के चलते बिजली आपूर्ति काट दिया जाता है। जबकि नेतरहाट रूट बिजली आपूर्ति को महुआडांड़ शहरी क्षेत्र में सप्लाई करने लोड नहीं लेता है। जिससे रात को बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो जाती है।

## चार जून को सोहारपाठ सचिवालय में होगी सामुहिक विवाह

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामूहिक विवाह समारोह समिति वनांचल डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल गढ़वा के तत्वावधान मे आगामी 4 जून को सामूहिक शादी समारोह का आयोजन किया गया है। आयोजन महुआडांड प्रखंड के सोहरपाठ गांव मे किया जाना है।सामूहिक शादी की तैयारी को लेकर सोमवार को सोहर पंचायत सचिवालय मे वरवधू के बीच कपड़ा व शादी विवाह मे आने वाले अन्य जरूरी सामनो का वितरण किया गया। सामूहिक विवाह समारोह समिति वनांचल डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल गढ़वा के द्वारा प्रत्येक वर्ष सामूहिक शादी समारोह का आयोजन किया जाता हह। इस वर्ष 11 जोड़ो की सामूहिक शादी होनी है। समिति के अध्यक्ष रणधीर सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष सामूहिक शादी समारोह का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी सामूहिक शादी समारोह का आयोजन सोहरपाठ गांव मे किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से लोगों के बीच जाकर उनकी सेवा करने का अवसर मिलता है। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि विनित मधुकर, हेमचंद, कृपा सिंह, शेरू सिंह, रवि सोनी, अजय उरांव व गहनू उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## मयूरहंड थाना परिसर में हनुमान प्राण प्रतिष्ठा, भक्तिमय हुआ आसपास का क्षेत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** मयूरहंड थाना परिसर में पहले से ही बाबा भोलेनाथ का मंदिर है अब उसके बाद बाबा भोलेनाथ के मंदिर से सटा हुआ भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के भक्त श्री हनुमान जी की मूर्ति को स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 24 घंटे का यज्ञ रखा गया है।हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मयूरहंड वासियों ने कलश की शोभा यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकालते हुए चोरिया नदी पहुंचे और कलश में जल भरकर थाना परिसर पहुंचे। इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य संरक्षक के रूप में मयूरहंड प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा, मयूरहंड थाना प्रभारी रामवृक्ष राम, 20 सूत्री अध्यक्ष रामभरोस यादव ने संयुक्त रूप से हनुमान प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर फीता काटे।इस दौरान समाजवादी पार्टी के पूर्व सिमरिया विधानसभा उम्मीदवार सह वर्तमान में फूलांग पंचायत के मुखिया शंकर रजक बतौर शामिल हुए।

## आदिम जनजाति परिवार पेयजल की समस्या से परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड क्षेत्र में लाख कोशिशों के बावजूद पेयजल समस्या से निजात नहीं मिल रहा है। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत छिपादोहर जुरुहार के कोरवा टोली में पेयजल संकट गहरा गया है। जहां मूलभूत सुविधाओं से वंचित यह टोला में पंचायत स्तर या किसी भी विभाग के द्वारा अब तक न कोई जल मीनार अधिष्ठापन हुए हैं और ना ही चापाकल निर्माण किए गए हैं, वर्षो पुराने सिर्फ एक कुएं से लगभग 8 से 10 आदिम जनजाति परिवार दूषित पानी पीने नहाने का इस्तेमाल करने को मजबूर हैं । वही भयंकर गर्मी और गत वर्ष बारिश नहीं होने के कारण कुएं का पानी लगभग सूखने के कगार पर है, पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से पेयजल आपूर्ति की समस्या उत्पन्न हो गई है। जानकारी के अभाव में उक्त समस्या प्रखंड स्तर तक नहीं पहुंच पा रहा है वही ग्राम पंचायत का इस पर कोई ध्यान नहीं है। उक्त परिवार वालों ने पेयजल की जटिल समस्या का निदान के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी व जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव से गुहार लगाई है।

## वन विभाग द्वारा ग्रास प्लॉट निर्माण को लेकर काटे जा रहे हैं इमारती पेड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** वन विभाग की अफसरशाही और वन कर्मियों की लापरवाही का नतीजा है कि पीटीआर क्षेत्रों में लाखों रुपए खर्च कर ग्रास प्लॉट निर्माण करने को लेकर सैकड़ों इमारती पेड़ों का बलिदान दिया जा रहा है। पीटीआर क्षेत्र अंतर्गत छिपादोहर के ग्राम हरिणामाड वन क्षेत्र में कुछ दिनों पहले ग्रास प्लॉट का निर्माण के लिए कई हेक्टेयर वन भूमि पर लगे सैकड़ों इमारती पेड़ों के साथ फलदार व औषधि पेड़ों को बेहिचक काट दिया गया है और उस कटे हुए पेड़ के रखरखाव के लिए क्या इंतजाम है यह तो वन विभाग ही जाने पर ग्रामीण या वन क्षेत्र में रहने वाले गरीब लोग अपनी जीविकोपार्जन के लिए वन क्षेत्र के पेड़ों का इस्तेमाल करें तो उनके ऊपर एफ आई आर दर्ज कर जेल भेज दिया जाता है। ग्रामीण क्षेत्र में गुजर बसर करने वाले लोग बताते हैं कि इस तरह से वन विभाग के द्वारा वन क्षेत्र को साफ कर दिया जाएगा तो भविष्य में हमारे बच्चों के जीविकोपार्जन का क्या होगा।

## जिला इंवेटेशन ओपन चेस प्रतियोगिता में डाड़ी के युवक ने द्वितीय स्थान लाया



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के डाड़ी गाँव निवासी रविंद्र मालाकार के पुत्र विवेक कुमार ने जिल इंवेटेशन ओपेन चेस चैंपियनशिप में द्वितीय स्थान लाकर सिमरिया डाड़ी का नाम रोशन किया। विवेक मूल रूप से केंद्रीय विद्यालय में शिक्षारत है। जिला में आयोजित चेस प्रतियोगिता में अपने पुत्र को द्वितीय स्थान लाने से विवेक के माता पिता व अभिभावक तथा परिजन बहुत खुश हैं।

## मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत रोजगार सभा का आयोजन किया गया



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पुंडरा पंचायत स्थित सिकरी गांव में सोमवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत रोजगार सभा का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पंचायत के मुखिया विनोद महतो व आर एस डब्ल्यू स्किल डिवीजन लिमिटेड के डी एम एम संजू देवी ने रोजगार सभा का उद्घाटन किया। जहां उपस्थित 30 बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार प्राप्त कराने हेतु प्रशिक्षण फॉर्म उपलब्ध कराया गया। इच्छुक युवक-युवतियों ने नर्स सिलाई बुनाई कढ़ाई कंप्यूटर हीटर असेंबली आदि का फॉर्म भर कर रोजगार सभा में जमा किया उक्त युवक युवतियों को जमशेदपुर स्थित स्मार्ट बाजार मनगो में बनाए गए सेंटर में प्रशिक्षण दिया जाएगा प्रशिक्षण के दौरान युवक-युवतियों को रहने खाने के अलावे बैग और आई कार्ड निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष संजू देवी ने बताया कि उक्त सेंटर में बेरोजगार युवक-युवतियों को प्रशिक्षण के दौरान कंप्यूटर का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा जिसे प्राप्त कर बेरोजगार युवक युवती रोजगार पा सकेंगे इस दौरान कृष्ण कुमार, सुशीला देवी, अनिल कुमार, रोशनी टोप्पो, अभय कुमार सिंह, बीरबल महतो, सावित्री देवी, नागेश्वर साव के अलावे अन्य लोग मौजूद थे।

## नए पंचायत सेवक को तीन-तीन पंचायत का मिला जिम्मेदारी

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखणड के अंतर्गत पंचायत सेवक कमलेश कुमार वर्मा तथा दिगम्बर पाण्डेय को प्रखंड के तीन तीन पंचायत मे पंचायत सचिव का प्रभार दिया गया। यह प्रभार उन्हें बीडीओ संजीत कुमार सिंह के पत्र के निर्देश पर दिया गया। कमलेश कुमार वर्मा को बरियातू दुआरी पहरा तथा दिगम्बर पाण्डेय को बारी साखी मांझगावा गिद्धौर पंचायत मे पंचायत सचिव बनाया गया है।

# भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक में बनायी गयी रणनीति

### 30 जुन तक चलेगा महा जनसंपर्क अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखणड के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यसमिति की बैठक सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित बटेश्वर शिव परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार व संचालन महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा ने किया। बैठक का शुभारंम्भ डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित और वंदेमातरम् गीत के साथ किया गया।बैठक में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नौ वर्ष पुरा होने पर 30 मई से लेकर 30 जुन तक महाजनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।बैठक को प्रभारी शिवबालक सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि अभियान के तहत सभी को गांव गांव तक जाकर संगठन को मजबूत करना है। एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने एवं निगरानी भी रखने को निर्णय लिया। बैठक में मुख्य रूप से प्रभारी शिवबालक सिंह, ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेन्द्र दांगी, बिंदेश्वरी यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष महादेव दांगी,लखन दांगी, रामानंद दांगी, उपाध्यक्ष प्रीतम यादव,कविता देवी,संतोष दांगी,मंत्री सुरेश प्रसाद राणा, महेंद्र राम,युवा मोर्चा अध्यक्ष बब्लू कुमार साव, किसान मोर्चा अध्यक्ष सुनील कुमार राणा,एससी मोर्चा अध्यक्ष प्रसादी पासवान, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष बिकास कुमार, शीला देवी, पंचायत संयोजक राजेश सिंह,यशवंत दांगी, राकेश गुप्ता, दशरथ दांगी, मिथलेश सिंह, सुनील पांडेय, शिवकुमार दांगी, युगल किशोर, अमिर दांगी, संतोष रजक, सुरेश राम दांगी, जितेंद्र शर्मा, कैलाश दांगी, विजय रविदास, महेश यादव, शोभा देवी, रोहित कुमार दांगी, विनय कुमार, समेत कई उपस्थित थे।

## राजा राममोहन राय की 250 वें जयंती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण को लेकर दौड़ का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाज सुधारक राजा राममोहन राय की 250 वीं जयंती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण को लेकर पोस्ट आफिस चौक से नगरपालिका कार्यालय (पुरानी कचहरी के गेट) तक सांकेतिक दौड़ का आयोजन किया गया। उपायुक्त अबु इमरान द्वारा उनकी नगर भवन स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। मौके पर उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि समाज सुधारक श्री राजा राममोहन राय को आधुनिक भारत के पहले शिक्षित व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि श्री राजा राममोहन राय चतरा में बतौर सब रजिस्ट्रार कार्यरत रह चुके थे और यहाँ और इसके अलावा जहाँ भी वे पदस्थापित थे, उन्होंने समाज मे फैली कुरीतियों और अंधविश्वास को मिटाने के कार्य को प्राथमिकता देते हुए अपना जीवन बिताया था। उनसे प्रेरणा लेते हुए हमें भी अपनी शिक्षा का उपयोग समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वास को मिटाने और एक नशा मुक्त समाज विकसित करने की जरूरत है। उनके द्वारा बताए गए इन्हीं पदचिन्हों पर चलकर महिलाएं जो समाज में फैली कुरीतियों और अंधविश्वास की मुख्य पीड़िता होती हैं, उन्हें शोषण से बचाया जा सकता है और महिला सशक्तिकरण का कार्य किया जा सकता है। इस मौके पर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, सिविल सर्जन चतरा श्यामनंदन सिंह, योजना पदाधिकारी अनूप कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र समेत स्कूली छात्र छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### निजी विद्यालय के नामांकन में 25 प्रतिशत हो शिक्षा के अधिकार का पालन : बाल आयोग



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, झारखण्ड सरकार के सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी और रूचि कुजुर की दो सदस्याई टीम ने जिला के भ्रमण कार्यक्रम में समाहरणालय सभागार में सीएसआर जिला प्रभारी डेविड बलिहार,जिला खनन पदाधिकारी,श्रम अधीक्षक,एनटीपीसी के पदाधिकारी,जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी संजय प्रसाद ,सीडब्लूसी सदस्य पांडेय मुन्ना डॉ कविता सिन्हा, एलपीओ राकेश कु सिंह ,एनजीओ इत्यादि के साथ बैठक किया।बैठक में विशेष कर उत्तखनन क्षेत्र में हो रहें बाल श्रम क़ानून में हो रहें उल्लंघन पर जोर दिया गया।आयोग ने जानना चाहा की बाल श्रम के रोकने पर कितना पालन किया जा रहा, ऐसी सुचना है कि अव्यस्क ट्रैक्टर और हाइवा ट्रक चला रहें और नशे का भी सेवन कर रहें। साथ में बच्चें शिक्षा से भी दूर जा रहें है और अपराध कि ओर बढ़ रहें हैं। एनटीपीसी से कहा गया कि वे इस पर जागरूकता अभियान चलाये और श्रम अधीक्षक टीम बना कर रोकने का प्रयास करें।आयोग ने कहा की जेएसएलपीएस रोजगार देने में मदद करें जिससे बाल श्रम रुक पाए, ह्यूमन ट्रैफिकिंग रोकने पर किस तरह के कदम उठाया जा रहा इस पर भी विचार बिमर्श किया गया।इस सम्बन्ध उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को वस्तुस्थिति बताया गया।आयोग ने बताया अगले कुछ दिन बाद सभी निजी विद्यालय, खनन-उत्तखनन कार्य, ट्रांसपोर्ट और ईटा भट्ठा में लगे निजी कम्पनी के साथ सामूहिक बैठक किया जायेगा। आयोग ने कहा की आज के बच्चें हमारे भविष्य है स्वस्थ और उन्नत बच्चे कल उन्नत और स्वस्थ समाज की संरचना करेंगें।

### अधिक कोयला उत्पादन के लिए श्रमिकों की सुरक्षा की अनदेखी कर रहा प्रबंधन : मदन



**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल सीकेएस (बीएमएस) के द्वारा सोमवार को अरगड्डा क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय गेट के समक्ष सुरक्षा के साथ कोयला उत्पादन को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। अवसर पर सीसीएल सीकेएस के केंद्रीय पदाधिकारी व क्षेत्र प्रभारी दिलीप कुमार, कार्यसमिति सदस्य पूर्व जेसीसी मेंबर सुधीर कुमार मिश्रा उपस्थित थे। इस दौरान सीसीएल सीकेएस केंद्रीय पदाधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि पूरे कोल इंडिया, डीजीएमएस मुख्यालय में संगठन के द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम किया जा रहा हैं। वही अरगड्डा क्षेत्र अध्यक्ष मदन कुमार ने कहां कि अधिक कोयला उत्पादन के लिए श्रमिकों की सुरक्षा की अनदेखी प्रबंधन द्वारा हो रही हैं। जिससे दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही हैं। श्रमिकों में असुरक्षा एवं भय का वातावरण हैं। इससे कोयला उत्पादन में कमी आ रही हैं। उत्पादन के साथ सुरक्षा के नियमों का पालन नियमित होना चाहिए। तभी जीरो हार्म के साथ कोयला उत्पादन हो सकेगा। अंत में सीसीएल सीकेएस सदस्यों ने प्रबंधन के पर्सनल अधिकारी विवेक कुमार को ज्ञापन सौंपा। मौके पर बालेश्वर करमाली, सुरेंद्र कुमार टुडू, सतीश सिंह, मुकेश कुमार, अजय सागर, संजय सिंह, रंजीत सरकार, शिवदेव महतो, सपन बनर्जी, चंदन सिन्हा, भोला कुमार, दिनेश जयसवाल, मुन्ना त्रिपाठी, कमलेश्वर मिश्रा, शिव शंकर कुमार, शिव शंकर राजभर, हरबंश सिंह, अनिल कुमार, अजय कुमार, शिव बचन यादव समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

### सीसीएल जल पोखरिया टूटा बांध को बनाने कार्य हुआ आरंभ

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा, सिरका, जीएम ऑफिस क्षेत्रों में पानी आपूर्ति करने वाले पोखरिया बांध का टूटा दीवार बनाने की पहल प्रबंधन ने सोमवार से आरंभ कर दिया हैं। इसे लेकर स्थानीय प्रबंधन और सिविल विभाग के अधिकारियों ने उक्त स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताया गया कि करीब 6 वर्षो से भी अधिक समय से पोखरिया का बांध टूटा हुआ था। जिसकी मांग ऑल इंडिया एससी/ एसटी/ ओबीसी एंप्लाइज कोआर्डिनेशन काउंसिल व अन्य यूनियन संगठनों के द्वारा लगातार की जा रही थी। मौके पर अरगड्डा क्षेत्र सिविल पदाधिकारी गौरव तिवारी, प्रभारी मैनेजर सिरका कामेश्वर महतो, माइंन इंचार्ज प्रकाश साहब आदि उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने की समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त, हजारीबाग नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में की गई। बैठक में मुख्य रूप से इन्दू खालखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाएँ उपस्थित थी। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि कन्यादान योजना मद में आवंटन प्राप्त है। योग्य लाभुकों का आवेदन सृजित कर स्वीकृति हेतु समाज कल्याण कार्यालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया। मुख्यमंत्री लक्ष्मी लाड़ली योजना के अच्छादित 78074 लाभुकों में से 76657 लाभुकों के बीच एन.एस.सी. का वितरण किया गया है। शेष - 1417 लाभुकों का एन.एस.सी. वितरण लंबित रहने पर मुख्य रूप से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कटकमसांड़ी, चुरचू, डाडी, विष्णुगढ़, हजारीबाग ग्रामीण, पदमा, चैपारण, केरेडारी को कड़ी फटकार लगाते हुए यथाशीघ्र संबंधित लाभुकों के बीच एन.एस.सी. वितरण करने का निदेश दिया गया। जिला अन्तर्गत सेविका के 22 एवं सहायिका के 18 पद रिक्त रहने पर अविलंब सभी रिक्त पदों पर चयन करने का निदेश दिया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया कि आँगनबाड़ी सेविका/सहायिकाओं के मानदेय मद में आवंटन अप्राप्त है। अतिरिक्त मानदेय का उपलब्ध कराया गया है, जिससे माह-अप्रैल'23 तक सभी आँगनबाड़ी सेविकाओं/सहायिकाओं का भुगतान कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजनान्तर्गत विभाग द्वारा सभी आँगनबाड़ी सेविकाओं/महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं बाल विकास परियाजना पदाधिकारियों का आई.डी. पासवर्ड उपलब्ध कराया गया है, जिसे सभी परियोजना को भेजते हुए सत्यापित कर उपलब्ध कराने का निदेश गया है। बाल विकास परियोजना, केरेडारी एवं चुरचू से उपलब्ध कराया गया है, शेष परियोजना को अविलंब सूची को सत्यापित कर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। सभी 1770 आँगनबाड़ी केन्द्रों में से 1718 केन्द्रों पर एल.पी.जी. गैस आपूर्ति की गई है। शेष 52 केन्द्रों पर आपूर्ति के लिए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, हजारीबाग ग्रामीण, कटकमसांड़ी एवं ईचाक को एलपीजी गैस एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर अविलंब गैस आपूर्ति कराने का निदेश गया। सरकारी भवन में संचालित सभी आँगनबाड़ी केन्द्रों में बिजली कनेक्षन लगाने का विभागीय निदेश है। अब तक 94 आँगनबाड़ी केन्द्रों पर ही बिजली कनेक्शन की गई है।

## जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद ने तालाब के सुंदरीकरण का शिलान्यास किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के कांडतरी पंचायत में रानी तलाब के सुंदरीकरण का शिलान्यास किया गया। जिला परिषद् अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, जिला परिषद् सदस्य मध्य सुनिता देवी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर विधि विधान से तालाब के सुंदरीकरण का शिलान्यास किया। 15वें वित्त आयोग मद से 10 लाख की लागत से तालाब का सुंदरीकरण किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से उप प्रमुख बचनदेव कुमार, मुखिया पारसनाथ महतो, उप मुखिया राजदेव महतो, वार्ड सदस्य रिंकी कुमारी, काजल कुमारी, चित्रदयाल महतो, सुरेश महतो, जयहिंद महतो आदि उपस्थित थे।

## 14वें दिन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जनसेवक अपने आत्म सम्मान की रक्षा हेतु कमर कस कर मैदान में है, पिछले 14 दिनों से लगातार हड़ताल पर है। चिलचिलाती धूप भी उनका जोश कम नही कर पा रहा है। विदित हो कि जनसेवक कृषि के साथ साथ सरकार के अन्यान्य विभागों के कार्य भी करते हैं, यहां तक कि कई पर्यवेक्षक का कार्य जनसेवकों के भरोसे चल रहा है। ऐसा कर्मी और पदाधिकारियों की कमी की स्थिति में भी सरकार का सम्मान बचाए रखने के लिए जनसेवकों के द्वारा सहज सहयोग के रूप में किया जाता रहा।ऐसा नहीं है कि जनसेवक को अतिरिक्त कार्य के लिए कोई अलग से मानदेय प्राप्त होता है, उल्टे सरकार की बहुत बड़ी राशि इस तरीके से बच जाती है।जनसेवक अपने 10 वर्ष की नियमित सेवा के उपरांत इस आस में था कि उन्हे इस एवज में उचित सम्मान मिलेगा, परंतु अपने ही कृषि विभाग के द्वारा छल पूर्वक ग्रेड पे कम कर जनसेवकों के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने का कार्य किया गया जिससे जनसेवक आक्रोशित है, और अपने सभी पुराने लंबित 11 सूत्री मांगों को लेकर पिछले 14 दिनों से लगातार हड़ताल पर है।

## यज्ञ एवं भक्ति प्रवचन जैसे कार्यक्रमों से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है : बिनोद विश्वकर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** चौपारण प्रखण्ड के जोकट में आयोजित श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा सह श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ पूणाहूर्ति संध्या आयोजित प्रवचन मंच का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखण्ड आंदोलनकारी सह झामुमो प्रत्याशी बरही विधानसभा क्षेत्र के बिनोद विश्वकर्मा ने उद्घाटन किया। इससे पूर्व यज्ञ समिति एवं यज्ञ पुजारी मदन लाल एवं बिरेंद्र शर्मा के द्वारा बिनोद विश्वकर्मा को अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। वही विश्वकर्मा ने मंच पर प्रवचन करता आचार्य श्री राम महाराज एवं आचार्य डॉ केशवनंद दास को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।एवं उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्री विश्वकर्मा ने कहा कि यज्ञ एवं भक्ति प्रवचन कार्यक्रमों से क्षेत्र में वातावरण तो शुद्ध होता ही है साथ ही तमाम श्रद्धालुओं का मन मस्तिष्क भी पवित्र एवं शुद्ध होता है, साथ ही चहुंमुखी विकास होता है। वही विश्वकर्मा ने कामना किया कि जोकट पंचायत पर भगवान श्री शिव जी का कृपा सदैव बनी रहे। मौके पर झामुमो चौपारण प्रखण्ड अध्यक्ष बिरजू राणा, चंद्र मोहन, शर्मा मदन लाल, गणेश शर्मा, बिरेंद्र शर्मा, विवेक विश्वकर्मा, समेत सैकड़ों श्रद्धालु गण मौजूद थे।

## बीसीसीएल के तर्ज पर सीसीएल में भी नम्बर एक पर है जनता मजदूर संघ : कमलेश सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** रेलिगढ़ा में सोमवार को जनता मजदूर संघ का अरगड्डा क्षेत्र का मिलन समारोह आयोजन किया गया। अवसर पर अरगड्डा क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं से सीसीएल सीकेएस यूनियन को छोड़कर जनता मजदूर संघ का दामन थामा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीसीएल रीजनल अध्यक्ष कमलेश सिंह ने उनका स्वागत माला पहना कर किया। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि बीसीसीएल के तर्ज पर सीसीएल में भी जनता मजदूर संघ नम्बर एक पर अपना परचम लहरा रहा हैं। इसका श्रेय मेहनतकश मजदूरों को जाता है। इसके पश्चात श्री सिंह ने अरगड्डा क्षेत्र की पूर्व कमेटी को भंग करते हुए नये कमेटी की गठन करने का दायित्व अवधेश कुमार उपाध्याय को दिया है। मौके पर यूनियन के रविन्द्र नाथ सिंह, ओमप्रकाश सिंह, संजीत सागर, जवाहर यादव, अशोक शर्मा, रमेश कुमार, रीत कपूर, अरविन्द उपाध्याय, श्याम सुंदर पांडेय, हुकुम नाथ महतो, खोखा सिंह, जय प्रकाश यादव, हरिहर हरिजन, उमेश सिंह, अनिल मुंडा सहित कई लोग शामिल हैं।

## नशे में बर्बाद हो रहे हैं हमारे युवा : भुनेश्वर यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** जनसंवाद यात्रा के तहत लगातार सभाओं का आयोजन जारी है। यात्रा में सभा के माध्यम से शैक्षणिक जागरूकता लाने का भी प्रयास किया जा रहा है।वक्ता सामाजिक मसलों पर भी लगातार आवाज बुलंद कर रहे हैं। इस दौरान चौपारण के डेबो में सभा का आयोजन किया गया।संजय मेहता ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पीढ़ियों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना होगा। हमारे समक्ष लाइब्रेरी नहीं है। अच्छे कॉलेज नहीं है। युवा नशे की लत में बर्बाद हो रहे हैं।ऐसे में हमें एक बेहतर शैक्षणिक माहौल का निर्माण करना होगा। एक बड़े सामाजिक सुधार की पहल करनी होगी। शिक्षा की बुनियाद को मजबूत करना होगा।ऐसी मुश्किल स्थितियों को ठीक करने में जनप्रतिनिधियों का योगदान बड़ा होता है। यह हमारा दुर्भाग्य है कि हमारे बीच के प्रतिनिधि शिक्षा के मसलों पर गंभीर नहीं है।संजय मेहता ने कहा कि स्थानीय स्तर पर माटी का लीडर तैयार करना होगा। जिससे 14 लोकसभा सीटें और 81 विधानसभा क्षेत्रों में हमें अपने धरती से नेतृत्वकर्ता मिल सके।नियोजन नीति, स्थानीय नीति, झारखंडी कला, संस्कृति, हक अधिकार जैसे मुद्दों पर हमें अपनी नौजवान पीढ़ी को जागरूक करना होगा।हमारी पूरी एक पीढ़ी बर्बाद हो गयी। आज कदम नहीं उठाया गया तो अगली पीढ़ी भी बर्बाद हो जाएगी। शैक्षणिक संस्थाओं के विकास में वक्त लगता है।उसकी गुणवत्ता विकसित करने में वक्त लगता है। आजादी के बाद से यह सब हो नहीं पाया। ऐसे में आज ही हमें इसकी पहल करनी होगी। एक गंभीर पहल करना होगा। यहाँ के गरीब, वंचित तबके के बच्चों को देश - विदेश में पढ़ने के लिए भेजना होगा।भुनेश्वर यादव ने कहा कि हमारे युवा नशे में बर्बाद हो रहे हैं। आज की तारीख में शराब की दुकाने ज्यादा है और लाइब्रेरी नगण्य है। ऐसे में शैक्षणिक विकास संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि बरही क्षेत्र में जागरूकता पैदा करना होगा। राजनीतिक जागरूकता नहीं होने के कारण लोग यहाँ अपने हक अधिकारों को नहीं समझ पा रहे हैं।जनप्रतिनिधियों से लोग सवाल नहीं कर रहे हैं। ऐसे में हमें अपने नेतृत्व के लिए अपने बीच का व्यक्ति तैयार करना होगा।इस अवसर पर रवि सोनी, मनोज पासवान, रघुवीर यादव, राजेन्द्र यादव, संजय यादव, श्रीकांत पांडेय, सुनील यादव, विजय यादव, पिंटू यादव, रमेश पासवान, संजय पासवान समेत सैकडों लोग उपस्थित थे।

### विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने छुट्टियों में कटौती का किया विरोध

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के राज्यपाल सह प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति द्वारा राज्य के तमाम विश्वविद्यालयों की छुट्टियों में कटौती कर केवल बीस दिनों की चाय ग्रीष्म अवकाश कर दी गई है जिसका विरोध निरंतर जारी है। सोमवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के आह्वान पर सभी अंगीभुत महाविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में रामगढ़ महाविद्यालय में भी महाविद्यालय इकाई के अध्यक्ष डॉ रणविजय सिंह देव के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। डॉ देव ने कहा कि छुट्टियों को शिक्षकों द्वारा सदुपयोग किया जाता है। आवश्यक व्यक्तिगत कार्यों के साथ गैर-शैक्षणिक कार्य किए जाते हैं। अतः महीनों पहले शिक्षकों द्वारा छुट्टियों को व्यतीत करने की योजना बना चुके थे कार्यशालाओं, समीनारों और शोध कार्यों के लिए देश-विदेश का दौरा तय हो चुका था, टिकटें आरक्षित हो चुकी थी लेकिन एकाएक छुट्टियां स्थगित होने से सबकुछ बेकार हो गया। डॉ देव ने कहा कि आदेशानुसार कक्षाएं ली जा रही है लेकिन लोकतांत्रिक तरीक़े से छुट्टियों में कटौती का विरोध किया जा रहा है परंतु यह सत्य है कि इस तरह के आदेश से शिक्षकों के अधिकारों का हनन होता है।इस के विरोध प्रदर्शन में महाविद्यालय इकाई के सचिव डॉ रत्ना पांडेय, डॉ सुनील कुमार अग्रवाल, डॉ राजेश कुमार उपाध्याय, डॉ सतीश कुमार , डॉ सतीश सिंह, उज्ज्वल राय शामिल थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू का उद्घाटन



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विभिन्न विकास कार्यो, केंद्र के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्यो को लेकर टाटा स्टील फाउंडेशन एवं जिला प्रशासन, रामगढ़ के बीच 6 दिसंबर 2022 को एमओयू किया गया था। इसी क्रम में कार्य पूर्ण होने के उपरांत सोमवार को विधायक मांडू विधानसभा क्षेत्र जयप्रकाश भाई पटेल एवं उपायुक्त, रामगढ़ माधवी मिश्रा के द्वारा केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस दौरान विधायक एवं उपायुक्त ने केंद्र में किए गए विकास कार्यों एवं उपलब्ध कराए गए आधुनिक स्वास्थ्य उपकरणों का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने ओपीडी वेटिंग एरिया, सोलर आधारित विद्युत सेवा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ओटी कक्ष, लेबर कक्ष, एमटीसी केंद्र आदि में उपलब्ध कराए गए विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, मांडू सहित अन्य अधिकारियों को केंद्र के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया वही विधायक एवं उपायुक्त के द्वारा सभी प्रखंड वासियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होने की शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान सिविल सर्जन, प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू, अंचल अधिकारी मांडू, महाप्रबंधक टाटा स्टील वेस्ट बोकारो अनुराग दिक्षित, चीफ कैपेसिटी एन्हांसमेंट प्रोजेक्ट वेस्ट बोकारो टाटा स्टील राजेश कुमार, टाटा स्टील फाउंडेशन से केशव रंजन सहित अन्य उपस्थित थे।

## आस्था का महापर्व मंडा पूजा व मेला धूमधाम के साथ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** भक्ति व आस्था का महापर्व संस्कृति व परंपराओं के साथ शिव भक्तों द्वारा जलते अंगारों पर चलने के बाद 50 फीट ऊंचे लट्ठा में कील से बांधकर परिक्रमा करने के साथ बड़े हर्षोल्लास के साथ सोमवार को बड़कागांव प्रखंड के आंगों गांव में आयोजित मेला संपन्न हो गया। महापर्व की शुरुआत एक पखवाड़े पूर्व कलश स्थापना के साथ हुई इस बीच शिव भक्तों द्वारा तपती गर्मी में भी नंगे पांव चलकर घर घर भिक्षाटन किया गया और माता पार्वती को वस्त्र पहनाकर सुशोभित किया गया। साथ ही साथ शिव भक्तों द्वारा संस्कृति व परंपराओं के साथ मधुर गीत गाकर गांव समेत पूरे क्षेत्र को भक्तिमय किया गया। वही रविवार देर रात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मेले का बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रौशन लाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि आँगो पंचायत के मुखिया नीलम मिंज, आजसू नेता समाजसेवी कौलेश्वर गंझू, पंसस संगीता कुमारी, उपमुखिया लालो कुमार उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर मंच व मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान मेले में आए सभी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए रोशन लाल चौधरी ने कहा कि झारखंड का पारंपरिक लोक पर्व मंडा पूजा हर साल धूमधाम से मनाया जाता है।

## स्नातकोत्तर शिक्षक संघ ने काला बिल्ला लगाकर किया विरोध




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत स्नातकोत्तर शिक्षक संघ विनोबा भावे विश्वविद्यालय, ने राजभवन सचिवालय एवं विश्वविद्यालय, द्वारा शिक्षकों के अवकाश में कटौती के विरुद्ध काला बिल्ला लगाकर जोरदार विरोध किया। इस अवसर पर एक बैठक आयोजित कर शिक्षकों ने आगे की रणनीति पर विचार- विमर्श किया।झारखंड विश्वविद्यालय, अधिनियम एवं यूजीसी के नियम - परिणयम में यह स्पष्ट है कि शिक्षकों को सरकार द्वारा घोषित छुट्टियों के अतिरिक्त 8 सप्ताह (56 दिवस) का दीर्घ अवकाश (वेकेशन) का प्रावधान किया गया है जो मुख्यतः ग्रीष्मावकाश एवं महालया से छठ पूजा के बीच में उपलब्ध कराए जाते रहे हैं। ज्ञात हो कि जिन सेवाओं में दीर्घावकास का प्रावधान नहीं है उन्हें 33 दिन अर्जित अवकाश प्राप्त होते हैं जिसे वह जब चाहे उपभोग कर सकते हैं। ऐसे नन वेकेशनल सेवा में 16 दिन का आकस्मिक अवकाश भी प्रावधानित है। शिक्षकों को मात्र 8 दिन ही आकस्मिक अवकाश प्राप्त है एवं मात्र 12 दिन का अर्जित अवकाश (श्वरु) प्राप्त है। इस प्रकार शिक्षकों के दीर्घावकास में एकतरफा कटौती करना झारखंड विश्वविद्यालय, अधिनियम एवं यूजीसी नियम-परिणयम का घोर उल्लंघन है। शिक्षक इस निर्णय की निंदा करते हैं और अविलंब इस निर्णय को वापस लेने की मांग करते हैं। ऐसा नहीं होने पर शिक्षक न्यायालय की शरण में जाने को विवश होंगे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

बिजली की समस्या को लेकर सहायक अभियंता से मिले पूर्व विधायक कहा

# पैसा लेते हैं जोड़-जोड़ कर पैडिंडी देते हैं छोड़- छोड़ कर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही विधानसभा क्षेत्र में बढ़ती बिजली की समस्यओं को लेकर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव अपने भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ बिजली विभाग के सहायक अभियंता से मिलने पहुंचे। मौके पर बिजली विभाग के लचर व्यावस्था व बिजली कटौती पर चिंता व्यक्त करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि लचर व्यावस्था से आमजनों के जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। आये दिन औसतन चार से पांच घंटा बिजली मिल रही है। गर्मी का मौसम है, तापमान बढ़ा हुआ है और बिजली की आँख मिचैली से जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा जले हुए ट्रांसफॉर्मर को जल्द बदला जाए। राजनीतिक दवाब में बिजली अधिकारी ट्रांसफार्मर बदलने में भेदभाव नही करें। वहीं पूर्व विधायक ने सहायक अभियंता से कहा कि पैसा लेते है जोड़ जोड़कर और बिजली देते है छोड़ छोड़कर और मनमानी तरीके से जुर्माना लगाते हैं। कोई बिजली जला भी नही रहा है, उसके नाम से झूठी मुकदमा दर्ज हो रहा है। क्षेत्र के लाभुकों द्वारा बिजली अधिकारी के मनमानी के शिकायत हमें मिल रही है। वहीं पूर्व विधायक ने विभाग को सलाह दिया कि बकाया बिल का भुगतान को लेकर नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलायें। वैसे कंज्यूमर जो बिजली बिल देने में असमर्थ है, उनका बिल माफी का प्रवधान किया जाए। वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि बिजली कटौती सहित अन्य समस्याओं का समाधान नही हुआ तो आने वाले दिनों में भाजपा नेता व कार्यकर्ता आंदोलन को मजबूर होंगे।



# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत जगरूकता शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत जलवायु परिवर्तन और स्मार्ट कृषि विषय पर कृषक मित्र, किसान तथा पैक्स अध्यक्षों का जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रखंड तकनीकी प्रबंधक उमेश कुमार राणा ने कहा कि हम सभी लोगों को कृषि आधारित रोजगार के क्षेत्र में काम करने की जरूरत है। हमें जलवायु परिवर्तन के अनुरूप चक्रीय खेती करना। किसान को खेती से पहले मिट्टी की जांच कराने के लिए प्रेरित करना होगा। मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के लिए आवश्यकता अनुसार हमें पोषक तत्वों का प्रयोग करना चाहिए। लाल मिट्टी के क्षेत्र में दीमक अधिक लगता है इसमें डोलोमाइट का प्रयोग करना आवश्यक है। सिंचाई प्रबंधन की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि डोभा के माध्यम से हम टपक विधि से सब्जी की बागवानी कर सकते हैं। किसानों को अनावश्यक कीटनाशक दवा से दूर रहकर जैविक खेती करने की आवश्यकता है। कम समय में कम पानी उपयोग कर सालों भर खेती कैसे किया जाए इस पर हम सबों को काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मिलेट के तहत मडुवा,ज्वार समेत मोटे अनाजों को बढ़ावा देना है।



## कोल इंडिया सुरक्षा सलाहकार व रांची टीम ने रेलीगढ़ा, गिददी सी का किया निरीक्षण

**गिददी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोल इंडिया सुरक्षा सलाहकार व सीसीएल हेड क्वार्टर रांची सुरक्षा टीम ने सोमवार अपराहन रेलीगढ़ा गिद्दी सी कोलयरी का दौरा किया। इस दौरान टीम में शामिल पदाधिकारियों ने कांटा घर, व्यूप्वाइंट और ड्यूटी में तैनात जवानों के जगहो के बारे में स्थानीय सुरक्षा पदाधिकारियों से जानकारी लिया। इसके साथ ही टीम के सदस्यों ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण दल में आलोक कुमार पटेरिया एडवाइजरी सेक्युरिटी पूर्व आई पी एस, सीसीएल हेडक्वार्टर के रामकृष्ण, दिग्विजय सिंह, रामगढ़ एस पी, अरगड्डा महाप्रबंधक, बरका स्याल महाप्रबंधक, हेड क्वार्टर रांची जीएम सिक्योरिटी सीसीएल के. रामाकृष्णा, लेफ्टिनेंट कमांडर विक्रांत कुमार, सुरक्षा इंस्पेक्टर अरगड्डा क्षेत्र राजू राम हवलदार भैया लाल समेत कई अधिकारी, प्रहरी उपस्थित थे।




## नहीं हुआ अभी तक अल्पसंख्यक आयोग का गठन : रिजवान खान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य हज समिति के पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा नेता रिजवान खान ने पत्रकारों से कहा की हेमंत सरकार ने चुनाव से पूर्व मुसलमानों का वोट लेने का काम किया, आज 3 वर्ष हो गए न ही अल्पसंख्यक आयोग का गठन हुआ ना ही वकफ बोर्ड, नहीं मदरसा बोर्ड सिर्फ हज कमेटी का गठन किया गया और वह भी सही रूप से कार्य नहीं कर रही है. 2020 में गठन होने के बाद 3 वर्ष करोना के कारण रांची इन्वोकेशन पॉइंट से कोई भी हज यात्री नहीं गए इस साल रांची इनबारकेशन पॉइंट को चालू किया गया मगर यहां से ले जाने वाले गो एयर दिवालिया हो गया और दूसरा मुख्य कारण राज्य हज समिति के चेयरमैन इरफान अंसारी अपने राजनीति में मशगूल थे उनको अंदाजा नहीं था उनके नेगलिजेंसी से रांची से जाने वाले हज यात्री को कितने मुश्किल का सामना करना पड़ेगा। कल राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को भी प्रदेश के हज कमेटी के चेयरमैन एवं कल्याण मंत्री ने गलत रिपोर्टिंग किया अपनी गलती को छुपाने के लिए उन्होंने केंद्र सरकार के ऊपर टेकरा फोड़ा जबकि मैं हज कमेटी का चेयरमैन रह चुका हूं और 2018 और 2019 में रांची इनबारकेशन पॉइंट से सफलतापूर्वक राज्य के हज यात्री को रांची से भेजने का काम किया था 2018 में हेमंत सोरेन जी भी रांची इनबार केशन पॉइंट हर यात्री को छोड़ने के लिए आए थे और विदित हो इसमें किसी तरह से केंद्र सरकार का कोई रोल नहीं है ऑल इंडिया हज कमिटी और राज्य हज कमेटी का मुख्य रूप से सामान्य से हर यात्री हज करने के लिए जाते हैं इसमें समय रहते हुए राज्य हज कमिटी के चेयरमैन को चाहिए था कि वह केंद्रीय हज कमेटी से सामान्य स्थापित कर और उनको अवगत करा कर इसका रास्ता निकालना चाहिए था ताकि झारखंड के हज यात्री को परेशानी का सामना ना करना पड़े।



## बिजली विभाग की लेटलतीफी की वजह से भंयकर गर्मी में बिजली उपभोक्ता हलकान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़, बेड़ाहरियारा पंचायत के ग्राम रमुआँ, विष्णुगढ़-बगोदर सड़क,फॉरेस्ट चेकनाका के समीप विद्युत ट्रान्सफार्मर विगत करीब एक सफ्ताह से खराब है,जिसकी वजह से उक्त ट्रान्सफार्मर के उपभोक्ताओं को भयंकर गर्मी में मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार उपभोक्ताओं ने बकाए बिल का भी भुगतान कर दिया है,परन्तु बिजली विभाग के उदासीनता की वजह से लोगो के बीच बिजली नही रहने की वजह से पेयजल की भी समस्या उत्त्पन्न हो गई अधिक घरों में पानी बोरिंग से मशीन के द्वारा उपयोग किया जाता है ।ट्रांसफार्मर मिलने में देरी की वजह को जानने के लिए जब कनीय अभियंता कुन्नूराम राम मुर्मू से फोन ले माध्यम से सम्पर्क किया तो उन्होंने बताया कि जल्द ही उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान किया जायेगा ,इसके लिए मैं अपने वरीय पदाधिकारियों से बात कर अतिशीघ्र ट्रांसफार्मर दिलाने का प्रयास करूँगा ।



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सं0–2, राँची**

**शुद्धि – पत्र**

एदद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के संबन्धित श्रेणी में निबन्धित संवेदकों को सूचित किया जाता है, कि P.R. No. 297899 Building (23-24)_D से प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना, सं0–07/2023–24, जिसका परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि 02.05.2023 है। जिसमें Column-4 परिमाण विपत्र का मूल्य राशि के स्थान पर अग्रधन की राशि एवं Column-5 अग्रधन की राशि के स्थान पर परिमाण विपत्र का मूल्य पढ़ा जाए एवं निविदा की अन्य सभी शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल सं0–2, राँची

PR 298029Building(23-24)#D

# आरोग्यम ब्लड बैंक के सौजन्य से आइसेक्ट यूनिवर्सिटी में लगाया गया रक्तदान शिविर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शहर के आइसेक्ट यूनिवर्सिटी में एनएसएस इकाई के बैनर एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया रक्तदान शिविर आरोग्यम ब्लड बैंक के सहयोग से लगाया गया। रक्तदान शिविर में 23 लोगो ने रक्तदान कर मानवता के प्रति मिसाल पेश की है।रक्तदान शिविर का उद्घाटन आईसेक्ट यूनिवर्सिटी के कुल सचिव डॉ मनीष गोविंद ने किया। जिसके बाद उन्होंने स्वयं रक्तदान कर मानवता के प्रति एक मिसाल पेश किया उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। और मैं स्वयं हर 3 माह के बाद रक्तदान करता हूं। जिसके बाद रक्तदान शिविर विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया। विश्व विद्यालय में कार्यरत लोगों ने कहा कि शिक्षा देने के साथ हमें सामाजिक क्षेत्र में भी अपनी दृष्टिकोण को हमेशा सजग रखनी चाहिए। उसी मार्गदर्शन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। ताकि प्रचंड गर्मी में रक्त की कमी से कोई परेशान ना हो।आरोग्यम के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने आइसेक्ट यूनिवर्सिटी परिवार का आभार जताया साथ ही उन्होंने सभी रक्त दाताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी ने समाज के प्रति एक मिसाल पेश किया है। आरोग्यम परिवार की ओर से आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं साथ ही उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा नियंत्रित रहती है।




## सदर विधायक के माता- पिता ने परिवार के साथ मनाया 60 वां शादी सालगिरह

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर विधायक मनीष जायसवाल के पिता सह हजारीबाग के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल और उनकी माता विद्या जायसवाल ने अपने शादी की 60 वीं सालगिरह परिवारजनों संग मनाई। पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल ने कहा की 60 वीं शादी की सालगिरह रिश्ते की मजबूत नींव को बताती है। इतने लंबे समय तक प्यार, उन्होंने बताया की विश्वास और सम्मान के बिना कोई भी रिश्ता नहीं टिक सकता। विद्या जायसवाल ने कहा की पति- पत्नी का रिश्ता एक धागे की तरह होता है, जो प्यार, विश्वास और सम्मान के बिना इतने लंबे समय तक अटूट नहीं रह सकता अन्यथा वर्तमान नवीन पीढ़ी के इस दौर में अत्यधिक तनाव के कारण यह पवित्र रिश्ते भी कहीं- कहीं टूट जाते हैं। इसलिए शादी के रिश्ते में जोड़े को एक- दूसरे को आजादी जरूर देनी चाहिए।

## आदिवासी बहुल क्षेत्र में जिप सदस्य के द्वारा बिजली ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया

**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरकट्ठा प्रखण्ड अंतर्गत गोरहर पंचायत के आदिवासी बहुल क्षेत्र पहाड़पुर एवं कुशहन में दो ट्रांसफार्मर का उद्घाटन जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया, गोरहर मुखिया प्रेमिका देवी,पं.स स उत्तरी लखन महतो,प स स दक्षिणी प्रतिनिधि रामसहाय माँझी,अरूण कुमार,वार्ड सदस्य लक्ष्मण माँझी एवं वार्ड सदस्य बैजयंती देवी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।इस अवसर पर जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने बिजली विभाग के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुवे कहा कि क्षेत्र में कई माह के बाद बिजली पुनः बहाल हुई है। आपलोग सभी कनेक्शन ले कर नियमित बिजली बिल दें एवं कोई दिक्कत होने पर बिजली विभाग से मदद लें।

## खलील अंसारी को झामुमो से 6 वर्षो के लिए किया निष्कासित

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो के खलील अंसारी को जिला समिति के द्वारा छह वर्षो के लिए निष्कासित कर दिया गया है ।जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दो वर्षो से खलील अंसारी पार्टी विरोधी गतिविधि में शामिल थे । केन्द्रीय कार्य समिति का लेटर पैड छपवाने से लेकर कई अन्य गंभीर आरोप इनपर थे। साथ ही साथ अपनी बातो को पार्टी प्लेटफार्म में ना रखकर सोशल मीडिया एवं अन्य जगहों पर पार्टी का दुष्प्रचार कर रहे थे ,जिससे पार्टी की छवि धूमिल हो रही थी। इस बाबत जिला अध्यक्ष के आदेश पर जिला सचिव के द्वारा दिनांक 16 मई 2023 को खलील अंसारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था । जवाब असंतोष जनक प्राप्त होने पर जिला अध्यक्ष ने संगठन हित को देखते हुए अनुशासन हीनता के खिलाफ खलील अंसारी को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छः वर्षो के लिए निष्कासित कर दिया गया है ।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमंडल सं0–2, राँची**

**शुद्धि – पत्र**

एदद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के संबन्धित श्रेणी में निबन्धित संवेदकों को सूचित किया जाता है, कि P.R. No. 297541 Building (22-23).D से प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना, सं0–05/2023–24, जिसका परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि 24.05.2023 है। जिसमें Column-4 परिमाण विपत्र का मूल्य राशि के स्थान पर अग्रधन की राशि एवं Column-5 अग्रधन की राशि के स्थान पर परिमाण विपत्र का मूल्य पढ़ा जाए एवं निविदा की अन्य सभी शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल सं0–2, राँची।

PR.NO.298024 Building(23-24):D

# उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

जल्द निष्पादन हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, विकास कार्यों, विद्युत, प्रदूषण, ऋण, पेयजल, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं. एस.जी. 664–01–संकेत–2023–24** भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।
**क्रम सं० : 1. कार्य का नाम :** धनबाद मंडल के 42 स्टेशनों पर स्वचालित आग का पता लगाने और अलार्म सिस्टम का प्रावधान हेतु। **2. कार्य का आकलित मूल्य :** ₹2,00,67,799.73 (लगभग), **3. कार्य का अग्रधन राशि :** ₹2,50,300.00, **4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 08.06.2023 (12:30 बजे), **5.** ऐसी ई. निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रुप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई.निविदा के ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
**द्रष्टव्य :–** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**वरीय मण्डल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**
पीआर/00368/डीएचएन/एस&टी/टी/23–24/36

**जिला समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गुमला**

**आम सूचना**

विज्ञापन सं0– 01/2022 के तहत गृह रक्षकों के नव–नामांकन हेतु दिनांक– 07.09.2022 से 23.09. 2022 तक प्राप्त किए गये आवेदनों का पूर्ण विवरण नया आवंटित कमांक तथा उम्र अधिक/कम होने के कारण रद्द किए गये आवेदकों की सूची प्रकाशित की जा रही है। अगर किसी आवेदक को अपने उम्र तथा वर्तमान पता, पिता का नाम आदि में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो दिनांक– 26.05.2023 तक मूल प्रमाण–पत्र के साथ जिला समादेष्टा कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को समय 10:00 बजे से 6:00 बजे तक आकर उपरोक्त वर्णित आपत्ति दर्ज कराकर सुधार करवा सकते हैं। विज्ञापन सं0– 01/2022 के तहत प्राप्त किए गये आवेदकों का नाम, कमांक, पिता का नाम, पूर्ण पता तथा कमांक में किए गये बदलाव का पूर्ण विवरण गुमला जिला के वेबसाईट https:// www.gumla.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है। तत्पश्चात 28.05. 2023 को अंतिम सूची प्रकाशित की जायेगी। अंतिम सूची प्रकाशन के बाद किसी भी प्रकार का सुधार नहीं हो पाएगा।

पुलिस उपाधीक्षक (मु0)
–सह–
जिला समादेष्टा, झा0गृ0र0वा0
सदस्य सचिव

सदस्य,
पुलिस अधीक्षक, गुमला

अध्यक्ष
उपायुक्त, गुमला

PR.NO.297952
Home, Prison And Disaster Management(23-24):D

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी (स्थापना शाखा)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

खूँटी जिलान्तर्गत जिला, अनुमण्डल एवं अन्य मुफ्स्सिल कार्यालयों (कार्य विभाग सहित) के लिपिकों की प्रथम अर्द्धवार्षिक लेखा परीक्षा, 2023 का आयोजन निम्नवत् होगा :–

1. दिनांक 24.06.2023 (शनिवार)–प्रथम पत्र– 9.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे मध्याह्न तक।
2. दिनांक 24.06.2023 (शनिवार)–द्वितीय पत्र– 2.00 बजे अपराह्न से 5.00 बजे अपराह्न तक।
3. दिनांक 25.06.2023 (रविवार)–तृतीय, चतुर्थ तथा पंचम पत्र– 9.00 बजे पूर्वाह्न से 12.00 बजे मध्याह्न तक।

परीक्षा में सम्मिलित होने वाले आवेदक से आवेदन पत्र ई–मेल आई0डी0 edckhunti@gmail.com के माध्यम से दिनांक 05.06.2023 (सोमवार) तक प्राप्त किये जाएंगे। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किये जाएंगे। उक्त हेतु आवेदकों द्वारा अपना आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर नियंत्री पदाधिकारी से अग्रसारित कराकर उसे Scan कर ई–मेल किया जाएगा। आवेदन पत्र का प्रारूप जिले के बेवसाइट khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त के आदेश से
ह0/–
जिला स्थापना उप–समाहर्त्ता, खूँटी।

PR.NO.297972 District(23-24):D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग**

**–:: शुद्धि पत्र ::–**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत आमंत्रित निविदा Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Schemes based on Solar Energy Based Mini Rural Pipe Water Supply Schemes in **Chouparan** blocks of Hazaribag District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 Years Operation and Maintenance works on "Turn Key Basis" Under D.W.&S. Division, Hazaribag for the Year 2023-24 (Head-JJM); P.R. No.:- 297277 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D को अपरिहार्य कारणवश एतद् द्वारा निम्नरूपेण आंशिक संशोधन किया जाता है–

| Sl. No. | Particulars | After Amendment |
|---|---|---|
| 2 | Date of Tender uploading in website | Date:- 23.05.2022 at 11.00 AM |
| 3 | Last date receipt of Bid | Date:- 30.05.2023 upto 05.00 PM |
| 4 | Last date submission cost of BOQ and EMD ( in hard copy) | Date:- 31.05.2023 upto 04.00 PM in the office of the<br>1. Executive Engineer, D. W. & S. Division, Hazaribag<br>2. Superintending Engineer, D.W.& S. Circle, Hazaribag<br>3. Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone, Ranchi |
| 5 | Date of opening tender | Date:- 01.06.2023 upto 03.00 PM |

शेष सभी शर्त्ते यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 298032Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

**समाहरणालय, गढ़वा (जिला खनन शाखा)**

**अति आवश्यक सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिला अन्तर्गत JSMDCL राँची के द्वारा मात्र पाचाडुमर बालू घाट संचालित है जहाँ से बालू की आपूर्ति की जा रही है। मानसून अवधि दिनांक 10.06.2023 से 15.10.2023 तक माननीय न्यायालय NGT के निर्देशानुसार बालू का उठाव नदियों से बंद रहेगा। JSMDCL राँची का पाचाडुर स्टॉक यार्ड CTO के अभाव में बंद है। बालू का JSMDCL का एकमात्र स्टॉकयार्ड होने से बालू की आपूर्ति लगातार नहीं हो पाता है तथा अभी स्टॉक में बालू जमा नहीं होने के कारण वर्षाऋतु में बालू की आपूर्ति नहीं हो सकेगी। बालू प्रभारी JSMDCL से वार्ता के क्रम में पता चला कि प्राइवेट स्टॉक यार्ड में भी JSMDCL के द्वारा बालू की आपूर्ति की जा सकती है।

अतः जो व्यक्ति बालू स्टॉक यार्ड नियामानुसार प्राप्त कर व्यवसाय करना चाहते हैं उन्हे जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। बालू स्कॉक यार्ड विक्रेता निबंधन हेतु निम्न वांछित कागजात की आवश्यकता होगी :–

1. आवेदक का आधार/पैन कार्ड/मतदाता पहचान–पत्र की स्वहस्ताक्षरित प्रति।
2. GST/ Income Tax Return की स्वहस्ताक्षरित प्रति।
3. E_mail Id/ मोबाईल नं0/फोटो।
4. जमीन मालिक/रैयत का सहमति पत्र।
5. संबंधित अंचल अधिकारी का प्रतिवेदन।
6. संबंधित वन प्रमण्डल का प्रतिवेदन।
7. प्रदूषण विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निर्गत CTE,CTO की प्रति।
8. मो0– 25000रूपये का आवेदन शुल्क के साथ जेम्स पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन–पत्र।

**नोटः– आगामी 10 जून, 2023 से पूर्व बालू स्टॉक किया जाना है। समयाभाव के कारण यथाशीघ्र आवेदन समर्पित करने वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी।**

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 297984 Mines and Geology (23-24)_D

## सर जे सी बोस बालिका विद्यालय में नवनियुक्त शिक्षकों ने दिया योगदान

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को गिरिडीह सर जे सी बोस



बालिका उच्च विद्यालय में नवनियुक्त माध्यमिक शिक्षकों ने सर जे सी बोस बालिका उच्च विद्यालय में दीया योगदान पदस्थापित में 7 से 8 शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यालय में योगदान दिया। जिसमें विद्यालय प्राचार्य मुन्ना कुशवाहा ने नए शिक्षकों का स्वागत बुके देकर और मिठाई खिलाकर किया। इन नवनीत शिक्षकों में योगदान के बाद उनके चेहरे पर अजीब सी खुशी उमंग और उत्साह परिलक्षित हो रहा था। वही विद्यालय परिसर की सुंदरता वर्ग कक्ष और विद्यालय की स्वच्छता को देखकर जबड़े गदगद हुए योगदान के उपरांत प्राचार्य के साथ बैठकर सभी नवनियुक्त शिक्षकों ने भरोसा दिलाया के प्राचार्य के दिशा निर्देश में हम सब सामूहिक प्रयास के साथ विद्यालय को उच्चतम शिखर पर स्थापित करेंगे। इधर प्राचार्य ने भी सरकार की इस स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की महती योजना को धरातल पर उतारने मैं सभी शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों तक सरकार के उद्देश्योंको पहुंचाने के लक्ष्य को हासिल करेंगे ।

## रंजीत महतो के प्रयास से खराब पड़े चापाकलों की हुई मरम्मती

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो



के प्रयास से खराब पड़े चापाकलों की मरम्मती करवाया गया। टुंडी प्रखंड के हांसागोड़ा आदिवासी टोला में विगत कई महीनों से चापाकलों के ख़राब हो जाने के कारण इस भीषण गर्मी में करीब 500 ग्रामीणों को पीने की पानी की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। वार्ड प्रतिनिधि अनिल मुर्मू, पंचायत समिति और ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिलते ही युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को समस्याओं से अवगत कराया जिससे मात्र एक ही दिन मे चापाकलों की मरम्मती हो गयी और समस्या का समाधान हो गया। वार्ड प्रतिनिधि अनिल मुर्मू, पंचायत समिति और ग्रामीणों के द्वारा युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो एवं सभी विभागीय पदाधिकारियों को धन्यवाद और आभार प्रकट किया गया।

## बाल विवाह व अन्य मुद्दों पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**बोकारो( प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाल विवाह, बाल तस्करी एवं बाल




यौन शोषण के खिलाफ अभियान को तेज करने के लिए सोमवार को बहादुरपुर स्थित सहयोगिनी संस्था के सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउंडेशन के सहयोग से सहयोगिनी संस्था की ओर से बोकारो जिले के कसमार, पेटरवार, जरीडीह समेत अन्य प्रखंड के 150 गांव में यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके बोकारो जिले के 150 गांव को बाल विवाह मुक्त जिला बनाकर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को तेज करने का संकल्प लिया गया। बताया गया कि इस कार्यक्रम में समाज से बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल यौन शोषण के खिलाफ लोगों को जागरुक कर समुदाय के सभी लोगों को संकल्प दिलाना है। साथ ही जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, जिला विधिक प्राधिकार से मिलने वाले सहयोग और मुआवजों के बारे में भी जानकारी दी गई। मौके पर फुलेंद्र रविदास, शेखर, रवि राय, रजनी रंजना, प्रतिभा कुमारी, अंजू कुमारी, मंजू देवी, राजकिशोर शर्मा, विकास गोस्वामी, प्रवीण कुमार, प्रकाश कुमार महतो, पूर्णिमा देवी, कुंती कुमारी, सोनी कुमारी, कुमारी किरण, सूर्यमनी देवी, उस्मान अंसारी, सुमित कुमार के अलावा अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# सरिया : जमीन का उचित मुआवजा दे सरकार

## मकान का मुआवजा मिलने व जमीन का नहीं मिलने से लोगो में आक्रोश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** रेलवे ओवरब्रिज निर्माण में गैरमजूरवा जमीन के अधिग्रहण में सिर्फ मकान का मुआवजा मिलने और जमीन का नहीं मिलने से लोगो में आक्रोश देखने को मिल रहा है, इसी क्रम में सरिया बाजार के दर्जनों लोगो ने सरिया प्रखंड सह अनुमंडल कार्यालय के समीप एक दिवसीय धरना देकर अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा इस दौरान धर्मपाल महतो ने कहा सरिया बाजार के दर्जनों वैसे लोग है जिनकी जमीन रेलवे ओवरब्रिज निर्माण में जा रही है लेकिन सरकार के द्वारा उक्त जमीन पर बने हुए भवन का मुआवजा नहीं दे रही है जबकि उक्त जमीन पर लगभग 100 साल से लोग घर बनाकर रह रहे हैं और उस जमीन की लगान सरकार को दे रहे हैं लेकिन सरकार की गलत नीतियों के कारण दर्जनों परिवार के सैकड़ों सदस्य बेघर होने को है इन लोगों को कहना है कि सरकार हमें जमीन और मकान दोनों का उचित मुआवजा दे ताकि हम सबके घर टूटने के बाद कहीं और घर बनाकर रह सके, मौके पर आदर्श तरवे, बिनोद मंडल, राहुल तरवे, मनोज मोदी, कुश कांत सिंह, महेश मोदी, अभिनन्दन कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से 136 आउटसोर्सिंग कर्मी हुए बेरोजगार : जगदीश रवानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सोमवार को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल एसएनएमएमसीएच धनबाद में आउटसोर्स पर बहाल 136 कर्मियों को हटाने के विरोध मे जारी हड़ताल के तीसरे दिन आंदोलनरत कर्मियों के समर्थन में कर्मियो का हौसला अफजाई करने पहुंचे मासस नेता कॉमरेड जगदीश रवानी। उन्होंने कहा की स्वास्थ्य मुख्यालय की लापरवाही से आज 136 कर्मी बेरोजगार हो गया है जिससे इनके परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच जायेंगे। अगर स्वास्थ्य मुख्यालय पुर्नविचार कर सभी आउटसोर्सिंग कर्मियो को पुनः बहाल नहीं करती है तो मासस इनके हक और अधिकार के लिए ज़ोरदार आन्दोलन करने को बाध्य होगी। उनके साथ मुख्य रूप से उपस्थित मायुमो जिला सचिव राणा चट्टराज, गुरुपदो कुंभकार, सुजीत गोराई, मुकेश सिंह आदि लोग शामिल थे।

# टुंडी में माओवादियों की सक्रियता बढ़ी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के पश्चिमी थाना क्षेत्र के मनियांडीह थाना अन्तर्गत बस्तीकुल्ही के पहाड़ों एवं जंगलों में भाकपा माओवादी फिर से अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। जानकार सूत्रों के अनुसार गिरिडीह धनबाद सीमा के बस्तीकुल्ही गांव के पहाड़ों एवं जंगलों में बैठकों का दौर जारी है इस बार संगठन को और धारदार बनाने की सुचना है एवं संगठन में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए युवाओं पर बिशेष फोकस किया जा रहा है। कल की बैठक में महिलाओं की अच्छी खासी भागीदारी रहने की सूचना है एवं भाकपा माओवादी ने चेतावनी लहज़े में एक और निर्णय लिया है कि पुलिस मुखबिरी करने वालों को कठोर सज़ा दी जायेगी। इधर खबर फैलते ही खुफिया विभाग भी सतर्क हो गया है एवं इसकी सूचना वरीय अधिकारियों तक पहुंचा दिया गया है। बताया जाता है कि इस बार भाकपा माओवादी ने किसी बड़े घटना को अंजाम देने की सोच रहे हैं। इधर गिरिडीह जिले के पीरटांड़ एवं टुंडी इलाकों में डेरा जमाने की सूचना प्राप्त हुआ है। मनियांडीह थाना प्रभारी सुमन कुमार ने इस तरह के मामले को सिरे से खारिज किया है।

## गिरिडीह : पानी-बिजली को लेकर भाकपा माले ने सीसीएल जीएम को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** सोमवार को गिरिडीह ज़िले में भाकपा माले तथा झारखंड जनरल मजदूर यूनियन के बैनर तले सीसीएल के आसपास के इलाके में व्याप्त जल संकट सहित अन्य सवालों को लेकर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत जीएम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन सौंपा गया।



कार्यक्रम की अगुवाई भाकपा माले नेता राजेश यादव, माले नेता राजेश सिन्हा, माले नेत्री प्रीति भास्कर आदि ने किया। उन्होंने कहा कि, पूरा सीसीएल क्षेत्र गंभीर रूप से पानी का संकट झेल रहा है, लेकिन इसे लेकर तय जिम्मेदारियों के बावजूद सीसीएल की ओर से लापरवाही की जा रही है। लोग परेशान हैं, लेकिन कोई उनका साथ देने को तैयार नहीं। यूनियन की ओर से ऐलान किया गया कि, यदि सप्ताह-दस दिनों के भीतर दिए गए ज्ञापन के ऊपर कोई सार्थक पहल नहीं होती तो गांव-गांव से लोगों को संगठित कर बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान सीसीएल महाप्रबंधक के साथ यूनियन के प्रतिनिधिमंडल की एक वार्ता भी हुई जिसमें सभी नौ बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान यूनियन द्वारा सुझाए गए प्रस्तावों को जीएम ने गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन भी दिया।

जीएम को दिए गए 9 सूत्री मांग पत्र में सीसीएल के आसपास के सभी गांवों में निर्बाध रूप से पानी और बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने, महेशलुंडी बिल्टू पहाड़ी तथा मुफस्सिल क्षेत्र के अंबाटांड़ स्थित सीसीएल की पानी टंकी का जीर्णोद्धार कर उसे फिर से शुरू करने, बालोडिंगा में सीसीएल के पदस्थापित कर्मी द्वारा टैंकर से पानी भरकर बेचने पर रोक लगाने, तथा नजदीकी गांव महुआटांड़ को सप्लाई किए जाने वाले मोटर को पुनः लगाकर चालू करने, पपरवाटांड़ हरिजन टोला में बंद पड़ी एक पानी टंकी में आवश्यक खर्च कर उसे चालू करने, कोपा, गांधी नगर, प्रेम नगर, जयप्रकाश नगर सहित मुफ्फसिल एरिया बुढ़ियाखाद, अन्य इलाके में जरूरत के अनुसार पानी आपूर्ति सुनिश्चित करने, सीसीएल के अस्पताल में दवा तथा इलाज की समुचित व्यवस्था करने आदि की मांग की गई।

# राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस : राष्ट्रीय मानवाधिकार व अपराध नियंत्रण ब्यूरो ने किया कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** राष्ट्रीय जैव विविधता प्रबंधन दिवस के अवसर पर जमुआ प्रखंड के ग्राम पंचायत पोबी प्रज्ञा केंद्र में सोमवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो जिलाध्यक्ष सह जैव विविधता प्रबंधन समिति प्रखंड सचिव योगेश कुमार पाण्डेय ने कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए जैव विविधता प्रौद्योगिकी की विस्तृत जानकारी दिया । आधुनिकता की अंधी दौड़ में प्रकृति के विरुद्ध कृत्रिम संसाधनों का उपयोग कर वातावरण को प्रदूषण कर रहे है जलवायु परिवर्तन के कारण विभिन्न जीव जंतु,पक्षी,वनस्पतियां लुप्त प्राय की और है जिससे



पारिस्थिकी तंत्र बिगड़ा है स्थिति बेहद ही भयावह हो गया है। जल, वन, जैव विविधता प्रबंधन, संवर्द्धन से ही पृथ्वी का अस्तित्व सुरक्षित रहेगा। मो मुख्तार अंसारी, मो जहीर अंसारी, मुन्नी देवी, दामोदर साव आदि ने भी विचार व्यक्त कीये। उक्त अवसर पर अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## सीटू ने चार श्रम कानून के विरोध में किया प्रदर्शन, सहायक श्रम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय के समीप सीटू ने केंद्र सरकार द्वारा चार श्रम कानून को लाने के विरोध में प्रदर्शन किया। सीटू प्रतिनिधि ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। वही प्रदर्शन कर रहे सीटू प्रतिनिधि ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का आज भी शोषण हो रहा है। न्यूनतम मजदूरी नही मिल रही है। ठेकाकरण जारी है। केंद्र सरकार चार श्रम कोड लागू करना चाह रही है जो मजदूर हित मे नही है। इसके विरोध में आज प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं सहायक श्रम आयुक्त को ज्ञापन सौपा गया तथा 6 जून को रांची में विशाल प्रदर्शन करने की बात कही गई।

# पाथरडीह स्टेशन पर रूकेगी स्वर्णरेखा एक्सप्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर दिनांक 25.05.2023 से गाड़ी संख्या 13301/13302 धनबाद-टाटानगर-धनबाद स्वर्णरेखा एक्सप्रेस का धनबाद मंडल के पाथरडीह स्टेषन पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है । विदित हो कि अब तक इस ट्रेन का पाथरडीह स्टेषन पर परिचालनिक ठहराव था परंतु दिनांक 25.05.2023 से वाणिज्यिक ठहराव प्रारंभ हो जाएगा । इससे क्षेत्र के लोगों को स्वर्णरेखा एक्सप्रेस से पाथरडीह आवागमन सुलभ हो जाएगा ।

गाड़ी संख्या 13301धनबाद-टाटानगर स्वर्णरेखा एक्सप्रेस दिनांक 25.05.2033 से 06.25 बजे पाथरडीह स्टेषन पहुंचेगी तथा यहां से 06.35 बजे प्रस्थान करेगी । इसी तरह वापसी में गाड़ी संख्या 13302 टाटानगर-धनबाद स्वर्णरेखा एक्सप्रेस दिनांक 25.05.2023 से 20.30 बजे पाथरडीह पहुंचकर 20.40 बजे प्रस्थान करेगी ।

## पत्रकार पर हुए हमले को लेकर संघ ने की बैठक, आंदोलन की रूपरेखा तैयार, आक्रोश मार्च 23 मई को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** पत्रकार प्रवीर महतो पर गोली से हुए हमले के खिलाफ पत्रकारों में भारी रोष व्याप्त है। वही कोयलांचल पत्रकार संघ के केंद्रीय कार्यालय शालीमार मे आपात बैठक बुलाई गई, जिसमे प्रशासन के ढुलमुल नीति के कारण आरोपियों की गिरफ्तारी नही किये जाने के खिलाफ पत्रकारों ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए उग्र आंदोलन करने का निर्णय लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की 23 मई को सुबह 8 बजे संघ कार्यालय शालीमार से सिंदरी डीएसपी कार्यालय तक पत्रकार आक्रोश मार्च निकाली जाएगी। इस दौरान सिंदरी पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन सौंप कार्यवाई की मांग की जाएगी। वही 24 मई से 26 मई तक तीन दिवसीय सिंदरी अनुमंडल के सभी थानों व ओपी पर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करेंगे। 27 मई धनबाद को रणधीर वर्मा चौक पर जिला प्रशासन का पुतला दहन का कार्य करेंगे। फिर भी आरोपियों की गिरफ्तारी नही हुई तो उग्र आंदोलन होगा। बैठक में अध्यक्ष मुख्तार अहमद, कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य सिंह, महामंत्री राहुल मिश्रा, सचिव अरुण कुमार, कोषाध्यक्ष कमलेश सिंह, सह कोषाध्यक्ष समीम हुसैन, अनुशासन समिति अध्यक्ष सतीश सिन्हा, अरमान साधु सिन्हा, अहसान अंसारी, रामप्रवेश, हरेन्द्र चौहान, शिवनाथ, कृष्णदीप, पवन गुप्ता, सीडी मिश्रा, अशोक कुमार निषाद, संजय पांडेय, गुलजार आलम, अरमान, जगत नारायण, राकेश सिंह, सद्दाम हुसैन, गोविंद खेत्रपाल, मनोज साव, अंजन सिन्हा, शाकिर हुसैन, सोनू अंसारी, गणेश तिवारी, शंकर झा आदि उपस्थित थे।

**कोलियरी प्रबन्धन के साथ संयुक्त मोर्चा की हुई वार्ता**

## मृतक के आश्रित को एक महीने में नियोजन देने का आश्वासन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निरसा :** संयुक्त मोर्चा के पहल पर आज सोमवार को ईसीएल मुगमा क्षेत्र के बैजना कोलियरी प्रबन्धन के साथ हुई वार्ता में निर्णय लिया गया कि मृतक के आश्रित को एक महीने के अंदर नियोजन दे दिया जाएगा। इसके पूर्व मृतक से सम्बंधित सारे कागजात कार्यालय को उपलब्ध करा दिए जाएंगे। साथ ही क्रिया कर्म के लिये तत्काल प्रभाव से साठ हजार रुपया दिया गया।

ज्ञातब्य है कि शनिवार की रात्रि साढ़े 9 बजे मृतक बिरजू राम (55) को बैजना कोलियरी डियूटी जाने के क्रम में गोपिनाथपुर मोड़ के निकट अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया जिससे वे गम्भीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल धनबाद अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने उन्हें ईसीएल सेक्टोरिया अस्पताल भेज दिया जहां उनकी मृत्यु हो गई। मृतक बैजना कोलियरी के खुसरी ओसीपी में इपी फिटर के पद पर कार्यरत था। अंत्यपरीक्षण के बाद लाश को परिजन को सौप दिया गया। मृतक अपने पीछे एक पुत्र एवं चार पुत्री व पत्नी



को छोड़ गए। वार्ता बैजना कोलियरी कार्यालय में हुई। इधर परिजन संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व मे नियोजन की मांग करने लगे। प्रबन्धन के साथ हुई वार्ता में एक महीने में आश्रित को नियोजन देने पर सहमति बनी। वार्ता में कोलियरी अभिकर्ता उमेश चौधरी, उप कार्मिक प्रबंधक रति रंजन एवं संयुक्त मोर्चा की ओर से आगम राम, कार्तिक दत्ता, पी एन राय, रामपति शर्मा, सकलदेव प्रसाद, राकेश यादव, मागन बाउरी सहित काफी संख्या में कामगार शामिल थे।

# इमरान प्रतापगढ़ी के आगमन को लेकर कांग्रेसियों ने किया जनसंपर्क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** आगामी 28 मई 2023 को बोकारो सिवंडी कर्बला मैदान में प्रस्तावित भारत जोड़ो सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन व माननीय सांसद राज्यसभा इमरान प्रतापगढ़ी का आगमन हो रहा है। इसकी सफलता हेतु आज धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष जाहिर अंसारी के साथ झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव शमशेर आलम, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष अब्दुल करीम अंसारी, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष इरफान खान चौधरी, जिला कांग्रेस महासचिव अशिफ रजा, जिला कांग्रेस अलपंखयक विभाग के उपाध्यक्ष शकील अहमद, इम्तियाज आलम, महफूज आलम के साथ टुंडीकरमाटॉड, गोविंदपूर, सावारी का सघन जनसंपर्क चला कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को बोकारो चलने का आह्वान किया। क्षेत्रों में जनसंपर्क चला कर भारत जोड़ो सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों से पहुंचने का अपील की।

जनसंपर्क के दौरान जहीर अंसारी ने कहा कि भारत जोड़ो सम्मेलन अल्पसंख्यकों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। अल्पसंख्यक मुद्दे चाहे वह मॉब लिंचिंग हो या मदरसा बोर्ड, अल्पसंख्यक आयोग उर्दू अकैडमी आदि तमाम तरह के मासाएल के हल के लिए भारत जोड़ों सम्मेलन का सफल होना जरूरी है। कहा की जिस तरह से हमारे नेता राष्ट्रीय चेयरमैन अल्पसंख्यक विभाग के जनाब इमरान प्रतापगढ़ी जी लगातार अल्पसंख्यकों के मुद्दे को उठा रहे हैं, आज के समय मे हम लोग भी झारखंड प्रदेश कांग्रेस अलपंखयक अध्यक्ष जनाब मंजूर अंसारी जी के नेतृत्व जनाब इबरान प्रताप गढी जी का आवाज को ताकत दे।

# निरसा व एगारकुंड में 18 टैंकरों से की गई पानी की सप्लाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** गर्मी के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का समाधान करने के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर सोमवार को जिला परिषद की आंतरिक निधि से निरसा व एगारकुंड प्रखंड में 18 टैंकर से पानी की सप्लाई की गई।

इसकी जानकारी देते हुए उप विकास आयुक्त ने बताया कि सोमवार को निरसा प्रखंड के तिलतोड़िया व मदनपुर में 2 - 2 तथा पाण्ड्रा पश्चिम, बोलडीह, निरसा कांटा, यशपुर एवं सिमुलडांग में एक - एक टैंकर से पानी सप्लाई किया गया। वहीं एगारकुंड प्रखंड के गोपीनाथपुर मांझी टोला, गोपीनाथपुर बाउरी टोला, गोपीनाथपुर शिवडंगाल, शिवलीबाड़ी उत्तर, डूमरकुंडा उत्तर एवं डूमरकुंडा दक्षिण तथा नूतनग्राम में 8 टैंकर से पानी की सप्लाई की गई। उप विकास आयुक्त ने कहा जैसे जैसे आवश्यकता होगी वैसे वैसे टैंकर की संख्या बढ़ाई जाएगी। अन्य पंचायतों में भी टैंकर से जलापूर्ति शुरू की जाएगी। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि जिले के लोग इस भीषण गर्मी में पानी के लिए परेशान नहीं हो।

निरसा के प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री विकास कुमार राय ने बताया




कि आज लगभग 2,000 से अधिक लोगों को टैंकर से पानी की सप्लाई की गई। वहीं एगारकुंड के बीडीओ विनोद कुमार करमाकर ने कहा कि टैंकर से पानी सप्लाई करने से लगभग 500 से अधिक परिवार लाभान्वित हुए।

# अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

## समाज की सेवा ही अविराम का मुख्य लक्ष्य : इंद्रजीत कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और एमरजेंसी केयर लोहरदगा के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान और रक्तदान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव इंद्रजीत कुमार और उपस्थित एमरजेंसी केयर के द्वारा किया गया। इंद्रजीत कुमार ने कहा कि अविराम सदैव समाज की सेवा हेतु तत्पर है और यही सीख हम बच्चों को भी देते है। सजल कुमार जो एमरजेंसी केयर के ट्रेजरर है उन्होंने बताया कि कैसे इस कार्य का प्रारंभ किया गया और कोविड के समय कैसे पूरे भारत में उनकी संस्था ने सेवाए दी। रक्तदान सबसे बड़ा दान है इसके विषय में कुछ भ्रांतियां और अंधविश्वास है पर उनमें तनिक भी सत्यता नहीं है कोई स्वस्थ व्यक्ति तीन माह के बाद रक्तदान कर सकता है, थैलीसीमिया और अन्य कारणो से रक्त की मांग अधिक है पर रक्तदान के प्रति अच्छा नजरिया नहीं होने के कारण लोग प्रोत्साहित नहीं होते है। अविराम के सचिव इंद्रजीत कुमार का नाम समाज सेवा के लिए जाना जाता है, और प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी द्वारा सहज अनुमति दी गई उसके।लिए आभार दिया गया। इस अवसर पर डॉ शंकर प्रसाद, ब्लड बैंक से उमेश प्रसाद, अबीत कु पासवान, अनामिका और शशि नर्स की सजग निगरानी में प्रशिक्षु करण गोप, जवाहर गोप, विक्रम, सत्यवती, संतोष उरांव, अर्पण, जुगेश्वर, संतोष कुमार यादव, बिसम्बर, प्रियंका, जसमीत, राजेंद्र, बिरजिनिया, अविनाशी और प्राध्यापको तथा कार्यकर्ताओं में पंकज, बिनोद, शिव, शशि, मनु, रेणुका, बीरेंद्र, कुंदन आदि ने रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया कई प्रशिक्षु और कर्मी कुछ स्वास्थ्य कारणों, रक्तचाप के कारण वंचित रह गए रक्तदान से।कुल तेईस यूनिट रक्त का संचय किया गया और ब्लड बैंक,एमरजेंसी केयर का धन्यवाद तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक बृजेश कुमार रांची यूनिवर्सिटी का धन्यवाद दिया गया जिनकी प्रेरणा रही इस कार्यक्रम में।

# शिव मंदिर निर्माण के लिये किया गया भूमिपूजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** चितरी कोयल नदी के तट पर शिव मंदिर निर्माण हेतु हिन्दू संगठन के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोचारण के साथ शिव मन्दिर निर्माण के लिये भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। सेन्हा प्रखंड अंतर्गत चितरी कोयल नदी के तट पर शिव मंदिर के निर्माण के लिए भूमिपूजन, भक्तों ने आचार्य जयशंकर मिश्रा और पंकज मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम से पूर्व हिंदू संगठन के नेतृत्व में ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत कर शिव मंदिर निर्माण समिति का गठन किया गया था। निर्धारित समय के अनुसार ग्रामीणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद सोमवार को भूमि पूजन किया। जानकारी के अनुसार बता दें कि तालकेश्वर अग्रवाल द्वारा लिया गया संकल्प को पूरा करने के लिए उनके पुत्र मनीष अग्रवाल ने स्थानीय ग्रामीणों एवं हिन्दू संगठन के गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर मंदिर निर्माण का निर्णय लिया गया और समिति का गठन करते हुए कार्य आरम्भ करने के पूर्व भूमिपूजन किया गया।

# भाजपा प्रखंड अध्यक्ष लखन उरांव को मिली जमानत भाजपाइयों ने न्यायालय के प्रति जताया आभार



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो प्रखंड भारतीय जनता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष लखन उराँव को माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक मे लोहरदगा एसडीजेएम न्यायालय से 25000-25000 के निजी मुचलको पर अग्रिम जमानत मिल गई है। बिदित हैं कि कैरो प्रखंड भाजपा अध्यक्ष एक जन वितरण प्रणाली दुकानदार भी है,राजनितिक प्रतिद्वंद्विता के कारण गाँव के ही कूछ लोगों के द्वारा वितरण प्रणाली मे गड़बड़ का लिखित शिकायत आवेदन पिछ्ले महिने कैरो थाना मे देकर कैरो थाना काण्ड संख्या 48/22 के तहत मामला करवाया था दर्ज। तत्पश्चात निचली अदालत से अग्रिम जमानत नामंजूर होने के पश्चात प्रखंड अध्यक्ष ने उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत की लगाई थी गुहार,काण्ड के सभी विन्दुओं पर गौर करने के उपरांत लखन उराँव जी का अग्रिम जमानत माननीय उच्च न्यायालय ने मंजूर कर लिया,तत्पश्चात उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक मे आज सोमवार 22 मई को लोहरदगा एसडीजेएम न्यायालय से अग्रिम जमानत मिल गई। इस अवसर पर जमानत मिलने के उपरांत भाजपा जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू ने प्रखंड अध्यक्ष को भाजपा को पट्टा पहनाकर अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी। मौके पर अग्रिम जमानत के समय भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष लाखो उराँव, प्रखंड संयोजक दीपक साहू अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष नसीर आलम, पंकज साहू, चिखु पहान, मिकेश साहू इत्यादि सभी उपस्थित भाजपायीईयो ने न्यायालय के प्रति जताया आभार।

# लक्ष्मी नारायण भगत ने विशु शिकार संगठन को सशक्त बनाने को लेकर की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला राजी पड़हा लोहरदगा का बैठक 12 पड़हा अकाशी के नंदनी डैम पास वेल लक्ष्मी नारायण भगत की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से विशु शिकार 28, 29, 30 अप्रैल की समीक्षा करते हुए आगे पडहा को मजबूत करने पर विचार किया गया। इसके अलावा समाज को बचाने को लेकर काफी चर्चा हुई। कुछ राजनीतिक दलाल एवं NGO के साथ मिलकर समाज एवं पड़हा को तोड़ने वालो से सावधान रहने पर विचार किया गया। सभी पड़हा अधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पड़हा व्यवस्था को मजबूत करना होगा,इसके लिए हमें एकजुट होकर काम करना होगा। अपने क्षेत्रों में आदिवासी नियम, जमीन, आरक्षण नीति को बचाने हेतु अभियान चलाया जाएगा। सभी क्षेत्रीय पड़हा को पुनर्गठन कर जिला राजी पड़हा लोहरदगा के वेल, देवान, कोटवार एवं पड़हा अधिकारी का विधिवत मनोनीत किया जाएगा। जबतक जिला राजी पड़हा लोहरदगा का पुनर्गठन नहीं होता है तबतक पुरानी समिति द्वारा काम करने का निर्णय लिया गया। समाज के लोगों को आगाह किया गया कि जिला में आदिवासी नियम और संस्कृति परंपरा या कोई अन्य विवाद होने पर वेल लक्ष्मी नारायण भगत या कोई पड़हा अधिकारी को सूचित करने से संबंधित सभी समस्या को दूर किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से दोडंदा, अकाशी, हेसल अरकोसा पेशरार चरिमा पालमी जगमगाई धोबाली सेनहा सेंदूर बघहा नारी नवाडीह एड़ादोन चौकनी आदि पड़हा अधिकारी उपस्थित थे। बैठक की समाप्ति एवं धन्यवाद कोटवार डोमना उरांव के द्वारा किया गया। इसके बाद सभी अधिकारी सामुहिक भोजन एवं नंदनी डैम का आनंद ले कर बैठक को सफल बनाया गया

# जहां संगठन कमजोर है वहां जाकर संगठन को मजबूत करें कार्यकर्ता : विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केरसई के टैंसेर में कांग्रेस पार्टी की बैठक हुई। बैठक में विधायक भूषण बाड़ा, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा की गई। विधायक ने कहा कि पार्टी का हर एक कार्यकर्ता अभी से ही आगामी चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। जहां जहां संगठन कमजोर है। वहां जाकर संगठन को मजबूत करें। आप जैसे कर्मठ कार्यकर्ता ही हैं जो संगठन को सबसे मजबूत बना सकते हैं। हर चुनाव जीता सकते हैं और कांग्रेस पार्टी का झंडा बुलंद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता गांव गांव घर घर जाकर लोगों को पार्टी के नीति सिद्धान्तों की जानकारी दें। उन्हें संगठन से जोड़ें। ग्रामीणों की समस्या भी सुने और उसका निदान करें। मौके पर जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, अजीत लकड़ा, जेफरेन केरकेट्टा ने भी अपने विचार रखे। मंच संचालन जेम्स सोरेंग ने किया।

**विधायक भूषण बाड़ा द्वारा किया गया कार्य को लोगों तक पहुंचाएं : जोसिमा खाखा**

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। विधायक भूषण बाड़ा और महागठबंधन सरकार ने क्षेत्र के विकास के लिए अनगिनत कार्य किये हैं। अनगिनत योजनाएं धरातल में उतारा है। इसको लोगों तक बताएं। हर एक योजना का गांव गांव जाकर ग्रामीणों को बताएं। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करना हर एक कार्यकर्ता के कर्तब्य है। बैठक में जिप सदस्य प्रेमा बड़ा, प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा, उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, विधायक प्रतिनिधि मूँश खेस, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, पंचायत अध्यक्ष ग्रेगोरी कुल्लू, अनिल केरकेट्टा, पंचायत अध्यक्ष अनूप लकड़ा, पंचायत अध्यक्ष निशित टोप्पो, 20 सूत्री सदस्य मनोहर प्रसाद, राजेश लकड़ा, मुखिया सिलबिया केरकेट्टा, विंसेंट तिर्की, राजेश लकड़ा, पंचायत अध्यक्ष तिनतुस बड़ा, पंचायत अध्यक्ष अमित तिर्की के अलावे पंचायत और बुथ प्रभारी, सदस्य व भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लोहरदगा की जनता करे पुकार, हमें भी बिजली दो सरकार : मनोज गुप्ता

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में विद्युत आपूर्ति की स्थिति बहुत ही दयनीय है। 24 घंटों में मुश्किल से 6 से 8 घंटे बिजली दी जा रही है एक ओर इस चिलचिलाती गर्मी में लोगों का हाल बुरा है और दूसरी तरफ बिजली आपूर्ति नहीं होने के कारण बैटरी और इनवर्टर तक फेल हो गए, इसके अलावा छोटे-छोटे उद्योग धंधे और बड़े-बड़े उद्योग धंधे, गैरेज, मिस्त्री, इलेक्ट्रॉनिक दुकान के काम भी लगभग ठप्प पड गए हैं। वही पेयजल आपूर्ति पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है एक तरफ बिजली नहीं है दूसरे तरफ पानी नहीं, इन सब चीजों को देखते हुए सामाजिक विचार मंच संयोजक मनोज कुमार गुप्ता उर्फ मन्ना के अलावे लोहरदगा की जनता यहां के विधायक सह मंत्री से मांग कर रही है कि लोहरदगा की जनता की यही है पुकार हमें भी बिजली दो सरकार और लोहरदगा जिले से होकर दूसरे जिलों को बिजली दी जा रही है यह भी गजब की है बात।

# टी. टांगर पुलिस को मिली सफलता, बाइक चोर हुआ गिरफ़्तार




**ठेठईटांगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टी0टॉंगर थाना काण्ड सं0 15/2023, दिनांक- 18.05.2023, धारा 379 भा.द.वि. यह काण्ड वादी अयजुप टेटे उम्र करीब 28 वर्ष पिता विजय टेटे,ग्राम कुड़पानी भण्डारटोली थाना टी0टाँगर जिला सिमडेगा के लिखित आवेदन के आधार पर ग्राम कुड़पानी कॉलोनी टोली स्थित पीपल के पेड़ के नीचे लगे काला और लाल रंग का एस.पी. होण्डा साईन मोटरसाईकिल नं0 जेएच 20 ई 7459 125 सी सी को किसी अज्ञात अपराधकर्मी के चोरी कर लेने के आरोप में दर्ज कराया गया। काण्ड प्रतिवेदित होने के पश्चात त्वरीत कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी कुमार इन्द्रेश टी.टॉगर थाना के देख रेख में थाना स्तर से पु.अ.नि. मैथ्यू एक्का, स0अ0नि0 अजय बागे एवं सशस्त्र बल के रूप में एक छापामारी दल में शामिल कर इस काण्ड के उद्भेदन हेतु इस काण्ड में चोरी गई एस.पी. होण्डा साईन मोटरसाईकिल नं0 जेएच 20 ई 7459 को बरामद करते हुए घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त को 72 घंटे के अन्दर ही गिरफ्तार कर लिया गया है तथा अप्राथमिकी अभियुक्त गुलशन तुरी के द्वारा घटना को अंजाम देने में अपना अपराध में स्वीकार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम गुलशन तुरी, उम्र करीब 19 वर्ष, पिता राजन तुरी, सा0 आसनबेड़ा खमनटोली थाना टी0टॉगर जिला सिमडेगा निवासी है। इसके पास से बरामदगी में काला और लाल रंग का एस.पी. होण्डा साईन मोटरसाईकिल बरामद हुआ है। इस घटना के छापामारी दल में थाना प्रभारी कुमार इन्द्रेश के साथ पु0अ0नि0 मैथ्यू एक्का , स0अ0नि0 अजय बागे एवम् सशस्त्र बल मौजूद रहे।

# बिजली की समस्याओं को दूर करने के लिए आलोक साहू ने जीएम से की वार्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने कहा कि लोहरदगा में प्रचंड गर्मी पड़ रहा है जिसके कारण जनता काफी परेशान हैं तो दूसरी ओर लोहरदगा में बिजली की समस्याओं का दंश भी जिले वासी झेल रहे हैं। 24 घंटा में मात्र 8 घंटे ही बिजली लोहरदगा की जनता को उपलब्ध हो रहा है। लोड सेटिंग के कारण लोगों का इनवार्टर भी जवाब दे दिया है। जनता रतजगा करने को मजबूर है। एक और भीषण गर्मी और दूसरी और बिजली नहीं मिलना जनता त्राहिमाम कर रही है। श्री साहू ने कहा कि कुछ दिन पूर्व झारखंड सरकार ने गर्मी को देखते हुए 600 मेगावाट बिजली अतिरिक्त व्यवस्था करने का निर्देश बिजली विभाग के विभागीय अधिकारियों को दिया था बावजूद राज्य में बिजली की कमी हो रही है। श्री साहू जिले के बिजली की समस्याओं को लेकर लोहरदगा बिजली विभाग के पदाधिकारियों से वार्ता किए तो उसने कहा कि 100 प्रतिशत बिजली के स्थान में मात्र 36प्रतिशत बिजली रांची से उपलब्ध हो रहा है। मजबूरीवस लोडसेटिंग का कार्य कर जनता को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं ।श्री साहू ने बिजली विभाग के जीएम रांची से वार्ता कर उन्हें यहां की समस्याओं से अवगत कराते हुए लोहरदगा में ज्यादा से ज्यादा बिजली उपलब्ध कराने की मांग किए। जीएम ने श्री साहू को बताया कि बिजली की ज्यादा खपत होने के कारण बिजली की समस्याएं आई है उन्होंने लोहरदगा में बिजली की कमी को दूर करने का आश्वासन दिए।

# नॉर्थवेस्टर्न जीईएल चर्च सिमडेगा पेरिस के तत्वधान में समशेरा में हुआ वार्षिक बाइबल क्लास

**➲पवित्र ग्रंथ के माध्यम से समाज की सभी लोगों को एक साथ चलने के लिए होते है प्रेरित : एनोस एक्का**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोलबा :** समसेरा पेरिश में नार्थ वेस्टर्न जीईएल चर्च सिमडेगा के तत्वावधान में युवा संघ सिमडेगा द्वारा वार्षिक बाइबल क्लास का समापन किया गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का, झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर एनोस एक्का ने कहा सभी धर्मो को संचालन करने के लिए पवित्र ग्रंथ होती है उस पवित्र ग्रंथ के माध्यम से समाज की सभी लोगों को एक साथ चलने के लिए प्रेरित किया जाता है




बाइबल हमे अच्छा जीवन जीने के लिए सिखाती है। आज लोगों को प्रभु येसु के शिक्षा का उदाहरण को अपने जीवन मे अनुसरण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन मे ज्ञान और बुद्धि का होना बहुत जरूरी है। बाइबल के माध्यम से आप अपने जीवन में कई परेशानियों से छुटकारा पा सकते हैं इसीलिए हमें बाइबल को जानने की आवश्यकता है। झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने कहा कि समाज को आगे ले जाने के लिए सामाजिक गतिविधि और धार्मिक पुस्तकों का विशेष योगदान रहा बाइबल हमें परोपकार दूसरों की सेवा एवं हर समस्याओं पर धैर्य रखने की सीख देती है। वर्तमान समय में हमारा प्रयास है कि इस क्षेत्र में जो भी छूटे हुए कार्य हैं उसे दूर करें ताकि यहां के निवास करने वाले लोगों को सभी प्रकार की योजना एवं समस्याओं से निदान दिलाया जा सके। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तथा भजन, बाइबल क्विज एवं सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों मंडलियों ने भाग लेकर अपनी कला प्रदर्शित किया। मौके पर पेरिस चेयरमैन रेव्ह पीटर खखा, सचिव अरुण तिर्की, मुख्य रूप से गुंजन लकड़ा, अनिता मिंज, अंकुर लकड़ा, सोनी कुजूर, अजय लकड़ा, अनमोल लकड़ा, मुक्ति बेदेन कीड़ो सहित काफी संख्या में युवाओं की उपस्थिति रही।

# टाना भक्तों ने विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यों को अपने-अपने गांव में चलाएगा जागरुकता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को 25 से ज्यादा टाना भगत लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय आए। उन्होंने अपनी समस्याओं को प्राधिकार के सचिव के समक्ष रखा । प्राधिकार के सचिव ने टाना भक्तों को उनके जमीन संबंधित बातों को ध्यान से सुना और उचित विधिक सहायता प्रदान की इसके साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने मध्यस्थ युगल किशोर प्रसाद के सहयोग से जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाए जा रहे हैं विभिन्न कार्यो की जानकारी टाना भक्तों के बीच दी और यह अपील की कि वे अपने-अपने गांव में जाकर डालसा द्वारा किए जा रहे कार्यों का प्रचार प्रसार करें ताकि ग्रामीण लोगों को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। टाना भक्तों को यह भी बतलाया गया कि डालसा द्वारा वैसे लोगों को सहयोग किया जाता है जिनका वार्षिक आय 300000 से कम है। ऐसे लोगों को सरकारी खर्च पर वकील की मुहैया कराती है उनके कोर्ट फीस का भुगतान करती है, उनके कागजातों को तैयार करने के लिए वकील का खर्चा देती है। निःशुल्क दस्तावेजों की प्रमाणित प्रति भी दिलाती है। उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत मुआवजा राशि का निर्धारण भी किया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोगों को निःशुल्क विधिक सेवा प्रदान करती है, जिनमें शामिल हैं- अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सदस्य, मानव तस्करी के शिकार लोग,ऐसे लोग जिनसे बेगार कराई जाती है, महिलाएं एवं बच्चे, दिव्यांग व्यक्ति, जातीय हिंसा से पीड़ित, बाढ़ -सुखाड़ व भूकंप से पीड़ित, औद्योगिक श्रमिक, कारागार में बंद कैदी, किशोर आदि। मध्यस्थता द्वारा विवादों को सुलझाने का प्रयास भी डालसा द्वारा किया जाता है। इस संबंध में टाना भक्तों को बताया गया कि दिनांक 29 मई से लेकर 14 जून तक मन का मिलन पखवाड़े का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा द्वारा किया जा रहा है जिसमें जिसमे डालसा द्वारा जागरूकता कार्यक्रम किया जाएगा। परामर्श की सेवाएं दी जाएगी। मध्यस्थता के सफल कहानियों को बताया जाएगा। लंबित अथवा मुकदमा पूर्व स्तर के मामलों में आवेदन लिए जाएंगे व सुझाव दिए जाएंगे। संपूर्ण जिले में मन का मिलन पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 29 मई से 14 जून, 2023 तक सुबह 7:00 से 12:00 तक डालसा कार्यालय में प्रशिक्षित मध्यस्थ लोगों के समस्याओं को सुनेंगे, इसी समय विभिन्न थानों के पदाधिकारी भी मध्यस्थ के रूप में लोगों को सलाह देंगे । साथ ही साथ डालसा सचिव भी आए हुए लोगों को मध्यस्थता के बारे में जानकारी देंगे और उनके समस्याओं को सुनेंगे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से विवादों का निपटारा करना है ताकि मन की मलीनता दूर हो और आपसी सौहार्द बना रहे।

## केंद्र सरकार की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाए कार्यकर्ता : सुशील श्रीवास्तव

# 14 मई से 25 जून तक चलने वाले सभी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाएं कार्यकर्ता : मनोज साय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** भारतीय जनता पार्टी केरसई मंडल कार्यसमिति की बैठक आज केरसई सामुदायिक शेड में की गई, सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं बंदे मातरम गाण कर कार्यसमिति बैठक की शुरुआत की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष मानकीलाल ने स्वागत भाषण करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथों को मजबूत करने की बात कही एवं प्रदेश द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को अपने-अपने शक्ति केंद्र एवं बूथों में पालन करने के बात कही। जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार ने कहा कि गाँव के अंतिम छोर में रहे अपने कार्यकर्ताओं को एकजुट कर संगठन को मज़बूत करना है। केरसई मंडल प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष मनोज साय ने कहा कि प्रदेश संगठन द्वारा 14 मई से लेकर 25 जून तक अनेक तरह के कार्यक्रम दिए गए हैं, सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी इमानदारी पूर्वक सभी कार्यक्रमों को मार्गदर्शन अनुसार पूरा करें। कार्यसमिति बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित महा जनसंपर्क अभियान के केरसई मंडल संयोजक सह जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं को विस्तार पूर्वक बिंदुवार कार्यक्रमों के बारे बताया साथ ही कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के द्वारा 9 वर्षो किए हुए विकास कार्यों को एवं भारतीय जनता पार्टी के नीतियों को जन जन तक पहुंचाना है एवं संगठन को बूथ स्तर तक मज़बूत बनाना है, सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरा कर यहां से सांसद एवं विधायक भेजना है और केंद्र एवं राज्य दोनों में अपनी सरकार होगी इस दिशा में अभी से कार्य करना है, राज्य सरकार की गठबंधन सरकार से जनता पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है लोगों को ना पानी मिल रही है ना बिजली ना रोजगार मिल रहे हैं ना भत्ता, आने वाले चुनाव में झारखंड की जनता इन लोगों को सबक जरूर सिखाएगी । मंच संचालन रामविलास राणा ने किया धन्यवाद ज्ञापन रविंद्र बड़ाईक ने किया ।मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्यनारायण प्रसाद जिला मीडिया प्रभारी सह प्रखंड सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता कामेश प्रसाद सुरेश प्रसाद सुधीर मांझी ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रसाद युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गौतम कुमार कैलास मेहर महेंद्र प्रसाद लालमोहन प्रसाद शंकर प्रधान प्रदीप प्रसाद पंकज प्रसाद मनु यादव दिलीप बड़ाईक फुलेश्वर प्रधान खिरोधर प्रधान दुबराज प्रसाद पीताम्बर होता जुगेश्वर मांझी चित्रांगद बेहरा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

चलते चलते एक नजर

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी के समक्ष पेश हुए जयंत पाटिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता एवं महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल प्रवर्तन निदेशालय के दफ्तर पहुंचे। ईडी ने जयंत पाटिल को इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि अब दिवालिया हो चुकी वित्तीय सेवा कंपनी आईएल एंड एफएस में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए पाटिल को तलब किया था। ईडी ने पाटिल को पहले 12 मई को पेश होने के लिए समन जारी किया गया था लेकिन उन्होंने कुछ व्यक्तिगत कामों की वजह से दस दिन की मोहलत मांगी थी। इसके बाद उन्हें 22 मई को पेश होने के लिए कहा गया था। जयंत पाटिल ने ईडी की ओर से पूछताछ के लिए बुलाए जाने पर उन्होंने कहा कि विपक्ष का हिस्सा होने पर इस प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ता है। दरअसल, एनसीपी प्रमुख शरद पवार के करीबी जंयत पाटिल से आईएल एंड एफएस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ होनी है। ये जांच आईएल एंड एफएस समूह के ऋण और कोहिनूर सीटीएनएल में इक्विटी निवेश में कथित अनियमितताओं से संबंधित है, जो डिफॉल्टरों में से एक है। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय एक बहु-अनुशासनात्मक संगठन है, जो मनी लॉन्ड्रिंग (अवैध धन को वैध करना) जैसे अपराधों और विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन की जांच करता है। ईडी वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अधीन कार्य करता है।

## पूरे देश में बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने के लिए तत्पर : मुख्य महाप्रबंधक लाल सिंह

**रांची:** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय की ओर से सोमवार को बिहार-झारखंड के समस्त एस्पिरेशनल जिलों के लिए प्रोजेक्ट पावर के तहत कार्यक्रम किया गया। केंद्रीय कार्यालय मुंबई के मुख्य महाप्रबंधक लाल सिंह बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक लाल सिंह ने कहा कि पूरे देश में जन-जन तक बैंकिंग सेवाएं एवं सर्वोत्तम ग्राहक सेवाएं पहुंचाने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने प्रोजेक्ट पावर के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए इसके महत्व को रेखांकित किया तथा सभी क्षेत्र प्रमुखों एवं एस्पिरेशन जिलों के शाखा प्रबंधकों को पूरी योजना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से जारी समस्त योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्रोजेक्ट पावर के तहत एस्पिरेशन जिलों में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा विशेष अभियान के तहत बैंकिंग सेवाओं के विस्तार के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा मार्गदर्शन प्रदान किया। क्षेत्र महाप्रबंधक बैजनाथ सिंह ने बिहार-झारखंड में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की बढ़ती लोकप्रियता तथा बैंक के बढ़ते कारोबार एवं व्यवसाय के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बिहार-झारखंड में सरकारी योजनाओं समेत हर जरूरतमंद नागरिकों को समयानुसार बैंकिंग सेवाएं पहुंचाना पहला कर्तव्य है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अपने उत्पादों तथा बैंकिंग सेवाओं को जमीनी स्तर तक ले जाने के लिए सदैव तत्पर है।

# राज्यपाल से मिला ड्रैगन बोट एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

### 11वीं सीनियर राष्ट्रीय ड्रैगन बोट रेसिंग प्रतियोगिता 2023 के आयोजन को लेकर विधायक सीपी सिंह एवं भारतीय ड्रैगन बोट महासंघ के महासचिव विनोद वर्मा ने किया मीडिया को संबोधित





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भारतीय ड्रैगन बोट महासंघ एवं ड्रैगन बोट एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड के संयुक्त तत्वाधान में राँची के विधायक सीपी सिंह के आवासीय सभागार रांची में 11वीं सीनियर राष्ट्रीय ड्रैगन बोट रेसिंग प्रतियोगिता 2023 का आयोजन एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ही 19वीं एशियाई खेल 2023 चीन के लिए भारतीय ड्रैगन बोट टीम का सिलेक्शन के संदर्भ मे आयोजित प्रेस वार्ता को विधायक सीपी सिंह एवं भारतीय ड्रैगन बोट महासंघ के महासचिव विनोद वर्मा ने संबोधित किया। साथ में ड्रैगन बोट एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड के निदेशक संतोष प्रसाद, उपाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार, प्रतियोगिता आयोजन समिति के संयोजक आलोक कुमार, हजारीबाग जिला ड्रैगन बोट एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहित सिंह, सचिव समीर कुमार अंबास्टा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। प्रेस वार्ता के दौरान भारतीय ड्रैगन बोट महासंघ के महासचिव, विनोद वर्मा को रांची विधायक सीपी सिंह के द्वारा अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। सी.पी. सिंह।ने अपने संबोधन में 11वीं सीनियर राष्ट्रीय ड्रैगन बोट रेसिंग प्रतियोगिता 2023 के आयोजन की तारीखों एवं स्थल की घोषणा किए। यह आयोजन दिनांक 15 जून से 18 जून 2023 तक जवाहर घाटी, तिलैया डैम, प्रखंड बरही, हजारीबाग में आयोजित (वन विभाग गेस्ट हाउस के सामने) होना सुनिश्चित हुआ है। उक्त प्रतियोगिता में लगभग 24 से 25 राज्यों के महिला पुरुष टीमों के खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता की तैयारी जोर शोर से चल रही है। हर संभव जो जरूरत होगी उसकी व्यवस्था की जाएगी। ताकि देशभर के आए हुए महिला पुरुष खिलाड़ी झारखंड राज्य का नाम करे। उसी संदर्भ में आयोजन के समस्त तैयारियों का जायजा लेने के लिए भारतीय ड्रैगन बोट फेडरेशन के महासचिव स्वयं खुद उपस्थित हुए और यहां की तैयारियों को देखकर महासचिव महोदय संतुष्ट भी दिखे। भारतीय ड्रैगन बोट महासंघ के महासचिव विनोद वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि यहां के खिलाड़ियों के लिए वाटर स्पोर्ट्स ड्रैगन बोट खेल की असीम संभावनाएं है। यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराया। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से भारतीय ड्रैगन बोट महासंघ के महासचिव विनोद वर्मा एवं ड्रैगन बोट एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड व हजारीबाग जिला ड्रैगन बोट एसोसिएशन के पदाधिकारीगण ने औपचारिक मुलाकात किया तथा उक्त प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में आमंत्रित किया। जिसे महामहिम राज्यपाल महोदय ने सहर्ष स्वीकार करते हुए अपनी मौखिक सहमति प्रदान किए और उक्त प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

# झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन के उद्घाटन समारोह में दो हजार अतिथि होंगे




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में 24 मई को झारखंड के नए हाई कोर्ट भवन का उद्घाटन करेंगी। यह भवन कई मायने में खास है। 165 एकड़ में फैला इसका परिसर क्षेत्रफल की दृष्टि से देश के सभी हाई कोर्ट के परिसरों से बड़ा है। रांची के तिरिल मौजा धुर्वा में बने झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन के उद्घाटन समारोह में 2000 लोगों को आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन समारोह नए हाई कोर्ट भवन में बने वातानुकूलित हॉल में शाम पांच बजे से होगा। उद्घाटन समारोह में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डॉ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ रहेंगे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस अनिरूद्ध बोस, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र रहेंगे। कार्यक्रम स्थल धुर्वा स्थित हाई कोर्ट के नए भवन में शाम 4:45 बजे अतिथियों का आगमन होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शाम 4:55 बजे पहुंचेंगी। शाम पांच बजे राष्ट्रपति एवं अन्य अतिथि प्रोग्राम हॉल में मंचासीन होंगे। शाम 5:01 पर दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम होगा। 5:04 बजे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वागत एवं शुरुआती भाषण देंगे। 5:10 बजे केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल अपना भाषण देंगे। 5:16 बजे चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ अपना भाषण देंगे। वहीं 5:22 बजे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन अपना भाषण देंगे। शाम 5:28 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड हाई कोर्ट का नया भवन लोगों को समर्पित करेंगी। इसके बाद 5:31 बजे हाई कोर्ट के नए भवन का वर्चुअल टूर होगा। अंत में 5:35 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भाषण होगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार मिश्र धन्यवाद ज्ञापन करेंगे।

# राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने सऊदी अरब की जेल में बंद हरचरण सिंह की रिहाई का मुद्दा उठाया



एजेंसी

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब के खर्ज रियाद की अल-इस्कान जेल में कैद पंजाब निवासी हरचरण सिंह की जल्द से जल्द रिहाई एवं भारत वापसी के मामले को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने विदेश मंत्रालय के समक्ष उठाया है। उन्होंने विदेश मंत्रालय से अपील की है कि वह सऊदी अरब सरकार के सामने इस मामले को उठाएं और उसकी रिहाई के लिए परिस्थितियों को अनुकूल बनाएं।इकबाल सिंह लालपुरा ने सऊदी अरब से हरचरण सिंह के मामले में राजप्रीत कौर जरिए राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को एक ई-मेल के माध्यम से किए गए अनुरोध के बाद यह कदम उठाया है। आयोग के सलाहकार प्रो. सरचंद सिंह ने अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा के हवाले से बताया कि हरचरण सिंह को जुलाई 2019 में 3 साल का वर्क वीजा दिया गया था, जो जुलाई 2022 में समाप्त हो गया। वर्क वीजा खत्म होने के बाद जिस कंपनी में वह काम कर रहा था, उसने न तो काम की अवधि बढ़ाई और न ही उसे कोई वेतन दिया और बिना वेतन के काम करने के लिए मजबूर किया।उनका कहना है कि कंपनी ने उनका पासपोर्ट भी नहीं लौटाया, जिसकी अवधि 28 नवंबर, 2022 को समाप्त हो रही थी। इसलिए हरचरण सिंह ने भारत लौटने की कोशिश की। हालांकि उन्हें 15 दिसंबर, 2022 को सऊदी अरब के सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार कर लिया। उन्हें 3 महीने की कैद हुई और एक सैन्य जेल भेज दिया गया। उसकी कैद पूरी होने के बाद 18 मार्च, 2023 को उसे रियाद सिटी पुलिस को सौंप दिया गया।

# पलामू में जेएमएम बनाएगा 1.50 लाख नया सदस्य : राजेंद्र सिन्हा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झामुमो पलामू जिला समिति के द्वारा क्राउन प्लाजा में एक दिवसीय बैठक जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में की गई। बैठक की पहले पार्टी के पूर्व नेता स्व दुर्गा सोरेन को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम का संचालन झामुमो सचिव सन्नू सिद्धिकी ने किया। कार्यक्रम के सदस्यता अभियान, पार्टी की मजबूती और पार्टी के विस्तार पर सभी प्रखंड अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं से विस्तार रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम में 4 प्रखंड, हरिहरगंज, छतरपुर, मोहम्मदगंज और हुसैनाबाद भंग करने की घोषणा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि आज झामुमो पलामू की सबसे मजबूत पार्टी है, इसका श्रेय झामुमो पलामू के कार्यकर्ताओं को जाता है। आज सभी प्रखंड में केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार सदस्यता अभियान चलाए जाएंगे, सभी कार्यकर्ता और नेता सभी गांव के घर-घर तक जाएंगे और सदस्य बनाएंगे। हमारा लक्ष्य 1 लाख 50 हजार नए सदस्य बनाने का है। पलामू को तीन जोन में बांट कर प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। हेमंत सोरेन की लोकप्रियता आज हर घर में हैं, अब वक्त है माटी की पार्टी को हर बूथ हर आंगन तक जा कर लोगों को जोड़ने की। सभी लोग हेमंत सोरेन की जनकल्याण कारी योजनाओं की बारे में लोगों को बताएंगे, और सभी कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ कर लाभ दिलाने का कार्य करेंगे। साथ ही पार्टी का विस्तार भी जल्द किया जाएगा। आज के दिन पार्टी के वरिष्ठ नेता स्व दुर्गा सोरेन जी का पुण्यतिथि भी है, उन्हें झामुमो पलामू के तरफ से भावभीनी श्रद्धांजलि, उनसे सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरणा लेनी चाहिए की कैसे, शोषितों, गरीबों, दलितों और वंचितों के लिए कैसे उनका हक दिलाया जाता है। स्व दुर्गा सोरेन का जीवन हमें हमेशा निस्वार्थ भावना से पार्टी और लोगों के लिए काम करने का मार्गदर्शन करता रहेगा। कार्यक्रम में केंद्रीय समिति सदस्य चंदन सिन्हा, सुनील तिवारी, गोपाल सिन्हा, मनोज गुप्ता, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष राजेश सिन्हा, बालकिशुन , कमाल खान, अविनाश देव, अभिषेक सिंह, दीपक तिवारी, अमित सिन्हा, सन्नी शुक्ला, रंजीत जायसवाल, अनुराग सिंह, चंदन सिन्हा, राजेश विश्वकर्मा, इकबाल अहमद, प्रदीप सिंह, दीपू चौरसिया, शाहबाज खान, हाजी ललन अंसारी, फ्जायल अहमद, नेहाल असगर, मनौवर जमा, बबलू सिंह, मन्नत बग्गा, नेहाल असगर, सुशीला मिश्र, बबलू शाहनवाज, कौशल आरा, राजिया, नियाजी, छोटू त्रिपाठी, कैल्विन केरेक्ट्टा, सलोनी टोपनो, रानी देवी, लल्लन चौधरी, रंजीत सिंह, उमा सिंह, मुकेश चौधरी, अमन कुमार, इस्तेखार अंसारी, कामेश पांडेय, अनिल सिंह, नीतीश सिंह, इमामुल हक, कमरुद्दीन अंसारी पार्टी के सभी प्रखंड अध्यक्ष सचिव और पार्टी के बीस सूत्री सदस्य उपस्थित थे।

## जमीन विवाद को लेकर पुत्र ने की थी पिता की हत्या

**रांची :** जमीन विवाद में पुत्र ने पिता की कुदाल के लकड़ी के बेट से मारकर हत्या कर दी थी। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित पुत्र बुधु उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके निशानदेही पर पुलिस ने कुदाल का बेट और खून लगा हुआ गमछा बरामद किया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने प्रेस कांफ्रेंस में सोमवार को हत्या का खुलासा करते हुए बताया कि 21 मई को ईटकी थाना क्षेत्र के मलती गांव में अंगना उरांव की हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए बेड़ो डीएसपी मणिक बाखला के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि पूर्व से उसका उसके पिता में जमीन विवाद चल रहा था।

# राष्ट्रपति से नए संसद भवन का उद्घाटन कराए सरकार : कांग्रेस



एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मांग की है कि नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से कराया जाए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि संसद पर राष्ट्रपति का अधिकार है। इस लिए इस उद्घाटन समारोह से राष्ट्रपति को दूर रखना संविधान सम्मत नहीं है। कांग्रेस मांग करती है कि नए संसद भवन का उद्घाटन सरकार देश की राष्ट्रपति से कराए। शर्मा ने कहा कि दुनिया के किसी भी देश ने अपनी संसद को बदला नहीं बल्कि उसे ठीक कराया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका, यूके और फ्रांस जैसे विकसित देशों ने भी अपने संसद भवन को बदला नहीं बल्कि उसकी मरम्मत कराकर उसे ठीक कराया। लोकतांत्रिक देश के लिए संसद भवन सिर्फ भवन नहीं होता है। इसी लिए आज तक दुनिया के किसी प्रजातंत्र ने अपनी संसद को नहीं बदला है।उल्लेखनीय है कि आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से कराने की मांग की थी। खड़गे ने ट्वीट कर कहा था कि मोदी सरकार दलित और जनजातीय समुदायों से राष्ट्रपति केवल चुनावी वजहों से बनाती है। उन्होंने कहा कि जब इस नए संसद भवन का शिलान्यास हुआ तो तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को नहीं बुलाया गया और अब उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को निमंत्रण नहीं दिया गया।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नए संसद भवन का 28 मई को उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी के जरिए किए जाने वाले प्रस्तावित उद्घाटन को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी आपत्ति जताई थी। कल राहुल गांधी ने भी ट्वीट कर कहा था कि नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति को ही करना चाहिए, प्रधानमंत्री को नहीं।

# दो ग्रहों व दो तारों के साथ आज होगा चांद का मिलन




एजेंसी

**भोपाल।** खगोल विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए मंगलवार, 23 मई की शाम बेहद रोमांच होने वाली है। दरअसल, इस दिन सूर्य के अस्त होने के बाद शाम को पश्चिमी आकाश में अद्भुत खगोलीय नजारा दिखने जा रहा है, जिसमें हंसियाकार चंद्रमा चमकते शुक्र और लाल ग्रह मंगल के बीच दिखता हुआ मिथुन तारामंडल के तारों के साथ मेल-मुलाकात करता हुआ नजर आएगा। यह जानकारी सोमवार को भोपाल की नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने दी।उन्होंने बताया कि सूर्यास्त के बाद लालिमा समाप्त होने के साथ ही हंसियाकार चंद्रमा के साथ शुक्र अपनी चमक बिखेर रहा होगा, तो उसके कुछ ऊपर मंगल लालिमा के साथ होगा। उसके पास ही मिथुन तारामंडल के जुड़वां तारे पोलुक्स एवं कैस्टर भी इस मिलन समारोह का हिस्सा बनेंगे। इसके साथ ही बिहाईव स्टार क्लस्टर भी इनके आसपास दिखेगा।।सारिका ने बताया कि मिलन करते इन खगोलीय पिंडों के बीच आपस की दूरी करोड़ों किलोमीटर होगी, लेकिन इनका पृथ्वी से बनने वाला कोण इस प्रकार होगा कि वे एक-दूसरे से मिलते से नजर आएंगे। जुड़वां तारे कहे जाने वाले तारों में से पोलुक्स 33 प्रकाशवर्ष दूर और विकसित लाल विशालकाय तारा है जो कि हमारे सूर्य से दोगुना विशाल है जबकि केस्टर 51 प्रकाशवर्ष दूर नीला तारा है जो हमारे सूर्य से 2.7 गुना अधिक भारी है। रोमन पौराणिक कथाओं के अनुसार पोलक्स और केस्टर जुड़वां भाइयों का प्रतिनिधित्व करते हैं। सारिका ने बताया कि इस खगोलीय घटना में चंद्रमा लगभग 1000 तारों के समूह, जिसे कि बिहाईव स्टार क्लस्टर कहते हैं, उनके भी समीप दिखेगा। बुधवार (24 मई) शाम के आकाश में भी इस दृश्य को देखा जा सकेगा, लेकिन तब चंद्रमा आगे बढ़कर मंगल के करीब पहुंच चुका होगा। इस तरह ग्रहों, तारों और उपग्रहों का मिलन समारोह का मनमोहन दृश्य दिखने जा रहा है। दोनों ही दिन इसे रात्रि 10 बजे के पहले देखा जा सकेगा।

## श्रीनगर में अब हड़ताल के आह्वान का नहीं होगा असर : जितेंद्र

**श्रीनगर।** केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि श्रीनगर में अब हड़ताल के आह्वान को कोई सुनने वाला नहीं है। भारत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास देखा है।श्रीनगर में जी-20 कार्यक्रम से पहले पत्रकारों से बात करते हुए जितेंद्र सिंह ने कहा कि एक समय था जब पाकिस्तान से हड़ताल का आह्वान किया जा रहा था और श्रीनगर में लोग बंद का पालन करते थे। लोगों की मानसिकता अब बदल गई है क्योंकि पाकिस्तान से और श्रीनगर में भी हड़ताल के आह्वान जारी किए जा रहे हैं लेकिन लोग इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।उन्होंने कहा कि निवेशक एक संदेश के साथ वापस जाएंगे कि जम्मू-कश्मीर के संबंध में निहित स्वार्थों द्वारा बनाई जा रही झूठी कहानी अब मौजूद नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले नौ वर्षों में विकास देखा है। जम्मू-कश्मीर के लोग, विशेष रूप से युवा खुद को उपलब्धियों से दूर नहीं रखना चाहते हैं।

# गडकरी ने राजस्थान में कई परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया




एजेंसी

**श्रीगंगानगर।** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी सोमवार को राजस्थान दौरे पर हैं। उन्होंने गांव पक्का सारणा में श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ सहित अन्य क्षेत्रों में सड़कें और आरयूबी निर्माण की घोषणाएं कीं। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग 62 पर 501 करोड़ रुपये की लागत से 172 किमी बीकानेर से सूरतगढ़ 2-लेन पेव्ड शोल्डर मार्ग निर्माण का लोकार्पण किया। इस परियोजना में बीकानेर में बाइपास का निर्माण किया गया है।उन्होंने कहा कि नागौर से बीकानेर तक 370 करोड़ रुपये की लागत से बने 2-लेन पेव्ड शोल्डर मार्ग से नागौर और बीकानेर के बीच आवागमन में सुधार आया है। फतेहपुर से झुंझुनू तक 116 करोड़ रुपये की लागत से 2-लेन पेव्ड शोल्डर सड़क निर्माण से मंडावा पर्यटन क्षेत्र के लिए कनेक्टिविटी अच्छी हो गई है। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग 54 पर 321 करोड़ रुपये की लागत से हनुमानगढ़ से केंचिया तक 2-लेन पेव्ड शोल्डर मार्ग का भी शिलान्यास किया है। यह मार्ग अमृतसर-जामनगर कॉरिडोर से कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इस मार्ग के निर्माण से एक दर्जन से अधिक गांव हाइवे से जुड़ जाएंगे। फतेहपुर, मंडावा और झुंझुनू में 264 करोड़ रुपये की लागत से 2-लेन पेव्ड शोल्डर मार्ग का शिलान्यास हुआ है। इसके बनने से बीकानेर से दिल्ली जाने वाले वाहनों का समय बचेगा। नगर में ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी। राजगढ़ और पिलानी में 2-लेन पेव्ड शोल्डर बाईपास के निर्माण से राजगढ़ और पिलानी के अंदर ट्रैफिक जाम का दबाव कम होगा।इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ सहित अन्य क्षेत्रों में सड़कें और आरयूबी निर्माण की घोषणाएं की। कुछ कार्यों के बारे में उन्होंने कहा कि वे उनका परीक्षण करवाने के बाद इन्हें शुरू करवाने का प्रयास करेंगे। गडकरी ने जिन निर्माण कार्यों की घोषणाएं कीं, उन सभी कार्यों की मांग श्रीगंगानगर सांसद निहाल चंद, चूरू सांसद राहुल कस्वां और झुंझनूं सांसद नरेंद्र कुमार ने मंच पर अपने संबोधन में की थी।

मंत्री ने नगराना के पास अंडरपास और कालूसर से ऐटा के बीच कट पाइंट व एंटी की घोषणा की। सूरतगढ़ से वाया रावतसर नेशनल हाइवे बनाने के बारे में उन्होंने कहा कि इसमें कुछ दिक्कतें हैं, दिक्कतों को दूर कर इसे बनाने का प्रयास करेंगे। कमीनपुरा स्थित शुगर मिल के पास फ्लाईओवर व हनुमानगढ़ से भद्रकाली तक 8 किलोमीटर सड़क निर्माण के बारे में गडकरी ने कहा कि इन कार्यों का अधिकारियों से परीक्षण करवाने के बाद इन्हें करवा दिया जाएगा। दोपहर करीब 2.15 बजे मंत्री गडकरी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हेलीकॉप्टर से बीकानेर के लिए रवाना हुए।